CMYK
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 10°C
मुजफ्फरनगर, मंगलवार 3 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 46 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 13 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# ईरान का सऊदी अरब की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी अरामको पर हमला

**तेहरान, वार्ता**

**अमेरिका और** ईरान के बीच जंग की आग सऊदी की तेल रिफाइनरी तक पहुंच गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अरब की सरकारी तेल कंपनी अरामको ने सोमवार को अपनी रास तनुरा तेल रिफाइनरी को ड्रोन हमलों के बाद बंद कर दिया है। एपी की रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उनकी सेना ने रिफाइनरी की ओर आने वाले एयरक्राफ्ट (ड्रोन) को मार गिराया है।

सऊदी सैन्य प्रवक्ता ने वहां की सरकारी सऊदी प्रेस एजेंसी पर यह घोषणा की। रास तनुरा तेल रिफाइनरी सऊदी अरब की सबसे बड़ी रिफाइनरी में से एक है और प्रति दिन 550,000 बैरल कच्चे तेल को रिफाइन कर सकती है। अरामको की रास तनुरा रिफाइनरी को एहतियात के तौर पर बंद कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है और आग बुझा ली गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में ड्रोन हमले के कारण अरामको रास तनुरा तेल रिफाइनरी से धुएं का गहरा गुबार निकलता हुआ दिखाई दे रहा है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला किया और पूरे खाड़ी क्षेत्र में जंग शुरू हो गई। इसके बाद लंदन में कच्चा तेल 9.7 प्रतिशत अधिक की महंगी कीमत पर कारोबार कर रहा था।



## ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की पत्नी की भी मौत

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल-अमेरिका और ईरान जंग का सोमवार को तीसरा दिन था। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के 2 दिन बाद उनकी पत्नी मंसूरे खोजस्ते बागेरजादेह का भी निधन हो गया है। मंसूरे दो दिन पहले अमेरिका और इजरायल के हमले में घायल हुई थीं। इसी हमले में खामेनेई मारे गए थे।

## ओमान में भी तेल टैंकर पर बम से लैस ड्रोन बोट से हमला, एक भारतीय की मौत

**नई दिल्ली।** इजरायल-ईरान जंग के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहरीन के किंग और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस से फोन पर बात की। पीएम ने दोनों देशों के नेताओं से भारतीय समुदाय के लोगों की सुरक्षा को लेकर चर्चा की। वहीं, भारत ने बहरीन में वीजा-पासपोर्ट सर्विस भी बंद कर दी हैं। ओमान की खाड़ी में सोमवार को एक तेल टैंकर पर बम से लैस ईरानी ड्रोन बोट से हमला किया गया, जिसमें एक भारतीय नाविक की मौत हो गई।

- इजरायल-ईरान जंग के बीच पीएम मोदी ने बहरीन किंग व सऊदी क्राउन प्रिंस से बात की
- भारतीय समुदाय के लोगों की सुरक्षा को लेकर की चर्चा

मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात को देखते हुए और अबू धाबी के बीएपी हिंदू मंदिर को 9 मार्च तक विजिटर्स के लिए बंद किया गया है। वहीं, बीते दो दिन में भारत में 760+ इंटरनेशनल फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। सोमवार को भी दिल्ली एयरपोर्ट पर 87 फ्लाइट कैंसिल रहीं। दिल्ली, मुंबई, कोच्चि, बेंगलुरु, चेन्नई, जयपुर, अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स पर हजारों यात्री फंसे हुए हैं। इधर, जम्मू-कश्मीर में लगातार दूसरे दिन ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर विरोध प्रदर्शन हुए। श्रीनगर के बेमिना इलाके में सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस भी छोड़ी। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया। शोपियां, बारामूला, बांदीपोरा में लोगों ने बाजार बंद रखा। भारत के अलावा पाकिस्तान में भी खामेनेई की मौत के विरोध में हंगामा जारी है। सोमवार सुबह पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर (पीओके) में विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया है। गिलगित-बाल्टिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने यूनाइटेड नेशंस के ऑफिस में आग लगाई।

## 13वां रोज़ा: रूहानियत का सच्चा रास्ता है रोज़ा

मगफिरत की बात दरअसल रूहानियत से, रूहानियत इबादत से, इबादत अल्लाह से ताल्लुक रखती है। रोज़ा, रूहानियत का रास्ता है। रोज़ा अल्लाह से वास्ता है। तक्वा रोज़े की शर्त है। तरीके से रखा गया रोज़ा, रोज़ेदार के लिए सवाब ही सवाब है। रोज़ा नेकी के मकान में मगफिरत का चिराग है। रोज़ा जब अहकामे-शरीअत की पाबंदी के साथ रखा जाता है, तो अल्लाह की अदालत में रोज़ेदार के लिए मगफिरत का वकील हो जाता है। कुरआने पाक में जिक्र है- बेशक वो मुराद को पहुंच गया, जो पाक हुआ और अपने परवरदिगार के नाम का जिक्र करता रहा और इबादत करता रहा। कुरआने-पाक की इस आयत की रोशनी में रोज़े को बेहतर तरीके से समझा जा सकता है, वो मुराद को पहुंच गया में जो लफ्ज़ मुराद है दरअसल रूहानी लिहाज से मगफिरत की मुराद पूरी होने का इशारा है, लेकिन शर्त है जो पाक हुआ और अपने परवरदिगार का ज़िक्र करता रहा और इबादत करता रहा यानी नेक अमल के साथ अल्लाह का जिक्र करता रहा और नमाज पढ़ता रहा यानी इबादत करता रहा।






# कुवैत में तीन अमेरिकी F-15 विमान गिरे

**कुवैत सिटी।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव के बीच एक बड़ी सैन्य चूक सामने आई है। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड यानी सेंटकाम ने पुष्टि की है कि कुवैत में अमेरिका के तीन एफ-15ई स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमान गलती से कुवैती एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा मार गिराए गए। यह घटना रविवार को सैन्य अभियान के दौरान हुई।

हालांकि राहत की बात यह रही कि सभी विमान चालक सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे और उनकी जान बच गई। सेंटकाम के अनुसार यह घटना उस समय हुई जब क्षेत्र में सक्रिय सैन्य अभियान चल रहा था और सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर थे। इसी दौरान कुवैत की वायु रक्षा प्रणाली ने अमेरिकी लड़ाकू विमानों को



- पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव के बीच एक बड़ी सैन्य चूक सामने आई

गलती से दुश्मन समझ लिया और उन पर कार्रवाई कर दी। सैन्य बयान में कहा गया कि सभी छह एयरक्रू ने -शेष पृष्ठ दो पर

## अमेरिका के चौथे सैनिक की मौत

**तेहरान।** अमेरिका के ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान के दौरान एक और अमेरिकी सैनिक की मौत हो गई है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड यानी सेंटकाम ने बताया कि यह चौथा अमेरिकी सैन्य कर्मी है जिसकी इस ऑपरेशन से जुड़ी घटनाओं में जान गई है। सेना के अनुसार यह सैनिक ईरान के शुरुआती हमलों में गंभीर रूप से घायल हुआ था और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सेंटकाम ने कहा कि घायल सैनिक को बचाने की कोशिश की गई, लेकिन वह अपनी चोटों से उबर नहीं सका। इससे पहले भी इस अभियान में अमेरिकी सैनिकों के हताहत होने की पुष्टि हो चुकी है।






# ऐतिहासिक समझौता: भारत को यूरेनियम देगा कनाडा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी और कनाडाई पीएम मार्क कार्नी के बीच सोमवार सुबह हैदराबाद हाउस में मुलाकात हुई। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और कनाडा के बीच निवेश-ट्रेड डील पर बातचीत हुई है।

सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में, हमने यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए एक ऐतिहासिक समझौता किया है। दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों के लिए एमओयू किया गया है। इससे दोनों देशों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा, हम छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों और उन्नत रिएक्टर प्रौद्योगिकियों के विकास पर सहयोग करेंगे। कृषि, कृषि प्रौद्योगिकी और खाद्य सुरक्षा में

- मोदी-कार्नी की मुलाकात के बाद करार
- डिफेंस और एनर्जी सेक्टर में सहयोग करेंगे दोनों देश

मूल्यवर्धन करना भी हमारे लक्ष्यों में शामिल है। पीएम ने पश्चिम एशिया में ईरान वॉर को लेकर कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव से भारत चिंतित है। भारत विश्व में शांति और स्थिरता चाहता है। हर समस्या का समाधान बातचीत के जरिये निकाला जाना चाहिए। पीएम ने आगे कहा कि हम इस बात से सहमत हैं कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता न केवल हमारे दोनों देशों बल्कि पूरी मानवता के सामने गंभीर चुनौतियां हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### एयर इंडिया एक्सप्रेस की बदलेगी कमान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह पांच साल तक पद पर रहने के बाद 19 मार्च को सेवा मुक्त होंगे। सिंह ने कर्मचारियों को संबोधित एक नोट में बताया कि 19 मार्च को उनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस दौरान कंपनी विलय के दौर से गुजरी, एक नया ब्रांड बना और बेड़े का आकार चार गुना हुआ। एयरलाइन देश की तीसरी सबसे बड़ी नौरो बॉडी ऑपरेटर बनने में सफल रही। इस समय उसके बेड़े में 100 से अधिक विमान और देश के बाहर भी 14 देशों में उसका नेटवर्क है। सिंह ने कर्मचारियों के सहयोग के लिए उनका धन्यवाद करते हुए बताया कि कैप्टेन हैमिश मैक्सवेल नए 'अकाउंटेबल मैनेजर' होंगे।

### भाजपा ने किया था समझौतों का विरोध

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि यूरेनियम आपूर्ति और स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) सहयोग का जो समझौता मोदी सरकार ने कनाडा के साथ किया है 2008 में अमेरिका के साथ इसी तरह के समझौते का भाजपा ने कड़ा विरोध किया था। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि जब डा. मनमोहन सिंह की सरकार ने 2008 में अमेरिका के साथ असैन्य परमाणु समझौते किया था तो भाजपा ने उसका जोरदार विरोध किया था लेकिन आज भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार उसी तरह के समझौते पर कनाडा के साथ हस्ताक्षर कर रही है। उनका यह भी कहना था कि 2008 में हुए समझौते की बदौलत कनाडा के साथ परमाणु सहयोग समझौता हुआ है। भारत व कनाडा ने यूरेनियम की आपूर्ति और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के निर्माण में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

# पैसों के विवाद में चार परिजनों की हत्या

## बहराइच में मां-बाप, दादी और बहन को कुल्हाड़ी से काट डाला

**बहराइच, वार्ता**

उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के रुपईडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत बसन्तपुर रूदल (रामगांव) में जमीन बिक्री के पैसे के विवाद में एक युवक द्वारा अपने माता-पिता, दादी और बहन की कुल्हाड़ी से मारकर कर हत्या कर दी गई, जबकि बड़े भाई को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। आरोपी ने बाद में स्वयं को भी घायल कर लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुदेव निवासी बसन्तपुर रूदल द्वारा थाना पर दी गई तहरीर में कहा गया है कि 1-2 मार्च की मध्यरात्रि करीब 12 बजे शोर सुनकर वह कमरे से बाहर निकले तो देखा कि उनका छोटा भाई

### ■ बड़े भाई को घायल कर खुद हुआ जख्मी

निरंकार पिता द्वारा बेची गई जमीन एवं गहनों का पैसा न देने को लेकर विवाद कर रहा था। आरोप है कि आवेश में आकर निरंकार ने कुल्हाड़ी से पिता बदलू राम (60), माता संजू देवी (56), बहन पार्वती (लगभग 42) और दादी सिताला (80) पर हमला कर दिया, जिससे चारों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जब गुरूदेव बीच-बचाव के लिए बाहर आए तो आरोपी ने उनके सिर पर भी कुल्हाड़ी से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गुरूदेव का पुत्र आजाद भी मौके पर मौजूद था। उसके शोर मचाने पर ग्रामीण एकत्र हो गए। इसी दौरान आरोपी ने अपने सिर पर ईंट से प्रहार कर स्वयं को भी घायल कर लिया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक बहराइच रामनयन सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं घटना स्थल निरीक्षण के बाद एएसपी (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि घटना जमीन बिक्री के पैसे को लेकर हुए विवाद और तात्कालिक आक्रोश का परिणाम प्रतीत होती है। इस संबंध में थाना रुपईडीहा में धारा मामला दर्ज कर आरोपी निरंकार को हिरासत में लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# महिलाएं हर क्षेत्र में छू रही नई ऊंचाइयां: राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ दिल्ली सरकार की चार योजनाओं के शुभारंभ पर बोलीं द्रौपदी मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि महिलाएं समाज का अहम हिस्सा हैं और वे राजनीति, समाज सेवा, प्रशासन तथा व्यापार जगत समेत सभी क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को छू रही है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को यहां 'सशक्त नारी समृद्ध दिल्ली' के दिल्ली सरकार की महिलाओं से संबंधित चार योजनाओं का शुभारंभ करने के बाद कहा कि आज यहां कहा कि महिलाएं समाज का अहम हिस्सा हैं। उनका सम्मान, सशक्तीकरण सभ्य समाज की निशानी है। भारत का इतिहास महिलाओं की साहस, वीरता और त्याग और बलिदान की अनगिनत कथाओं से भरा हुआ है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के कुशल प्रशासन, न्याय परायणता एवं कल्याणकारी कार्यों का आज भी गुणगान किया जाता है। रानी लक्ष्मीबाई का साहस, मातृभूमि के लिए उनका बलिदान आज भी हम सभी देशवासियों के हृदय में प्रेरणा के दीप जलाते हैं। सावित्री बाई फुले ने महिला शिक्षा की ज्योति जगाई थी। रानी गाइदिन्ल्यू और सरोजनी नायडू जैसी महिला स्वाधीनता सेनानियों ने भारत माता का गौरव बढाया है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ रही है।

सैनिक के रूप में देश की सीमाओं की सेवा कर रही है। वैज्ञानिक के रुप में प्रयोगशालाओं में शोध कर रही है। खेल प्रतिस्पर्धा में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का तिरंगा लहरा रही है। राजनीति, समाज सेवा तथा प्रशासन तथा व्यापार जगत समेत सभी क्षेत्रों में महिलाएं नई उंचाई को छू रही है। उन्होंने कहा कि देश भर के दीक्षांत समारोहों में उपाधि और पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में बेटियों की बढ़ती संख्या हमारे लिए प्रेरणा दायक दृश्य प्रस्तुत करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि इन सबके बावजूद यह भी एक सच्चाई है कि महिलाएं आज भी हिंसा, आर्थिक असमानता और सामाजिक रुढियां और स्वास्थ्य संबधी उपेक्षाओं का सामना कर रही है। इन बाधाओं को दूर करके ही महिला सशक्तीकरण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। वास्तव में महिला तब सशक्त होंगी जब उसमें स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की क्षमता हो और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने की आकांक्षा हो और समान अवसर एवं सुरक्षा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि सशक्त महिला न केवल अपना जीवन बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों की दिशा बदल सकती है। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाते हुए उनके स्वास्थ्य की रक्षा कर रही है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण सुविधा दी जा रही है।

## खामेनेई की हत्या की कांग्रेस ने की निंदा, मोदी पर साधा निशाना

# बाहरी शक्ति को सत्ता परिवर्तन का अधिकार नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ पीएम मोदी की विदेश नीति के सार और तरीकों के लिए भारी कीमत चुका रहा है भारत: खड़गे

कांग्रेस ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या की स्पष्ट रूप से निंदा करते हुए रविवार को कहा कि किसी भी बाहरी शक्ति को सत्ता परिवर्तन कराने का अधिकार नहीं है। कांग्रेस ने कहा कि ऐसी कार्रवाइयां साम्राज्यवाद के समान हैं और वे नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के अनुरूप नहीं हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उनकी पार्टी दोहराती है कि प्रत्येक देश के नागरिकों को अपना राजनीतिक भविष्य तय करने का अधिकार है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस युद्ध की औपचारिक रूप से घोषणा किए बिना एक सैन्य हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अली हुसैनी खामेनेई की लक्षित हत्या किए जाने की स्पष्ट रूप से निंदा करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस गहरे शोक की घड़ी में सर्वोच्च नेता के परिवार, ईरान के लोगों और दुनिया भर के शिया समुदाय के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है। खड़गे ने कहा कि हम इस गंभीर संकट में उनके साथ एकजुटता से खड़े हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की विदेश नीति संवाद के जरिए और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सम्मान के साथ विवादों के शांतिपूर्ण समाधान की प्रतिबद्धता पर आधारित है, जैसा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 51 में निर्देशित है। वहीं पश्चिम एशिया में तनाव के मद्देनजर कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति के सार और तरीकों दोनों के लिए भारी कीमत चुका रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने कई ऐसे मुद्दों का हवाला दिया, जिनके बारे में उनका दावा था कि वे केंद्र सरकार की कमजोर विदेश नीति को दर्शाते हैं। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री और उनके करीबी लोग चाहे जितना भी दिखावा करने की कोशिश करें, सच्चाई यह है कि स्वयंभू विश्व गुरु के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति पाकिस्तान के साथ अपनी नजदीकियां लगातार बनाए हुए हैं और बार-बार उसी व्यक्ति की सराहना कर रहे हैं, जिसके भड़काऊ बयानों ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमलों की पृष्ठभूमि तैयार की थी। अमेरिका ने अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान की लड़ाई में साफ तौर पर पाक का समर्थन किया है।

### खामेनेई की हत्या के विरोध में हुए विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर कश्मीर में लगे प्रतिबंध

**श्रीनगर।** अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के विरोध में कश्मीर घाटी में हुए व्यापक प्रदर्शनों के एक दिन बाद जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने सोमवार को श्रीनगर सहित घाटी के कई हिस्सों में नागरिक आवाजाही पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए। सुरक्षा बलों ने ऐतिहासिक लाल चौक को पूरी तरह सील कर दिया है, जहां रविवार को हजारों लोग खामेनेई की मृत्यु पर शोक व्यक्त करने के लिए एकत्र हुए थे। एहतियाती तौर पर कुछ इलाकों में मोबाइल इंटरनेट की गति भी धीमी कर दी गई है। प्रतिबंधों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए संवेदनशील स्थानों पर पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की भारी तैनाती की गई है। लोगों को इकट्ठा होने से रोकने के लिए कई अंतर-जिला मार्गों पर नाके बनाए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियाती कदम के तौर पर ए पाबंदियां लगाई गई हैं। ए प्रतिबंध कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक के स्वैच्छिक हड़ताल के आह्वान की पृष्ठभूमि में लगाए गए हैं।

# वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत का महत्वपूर्ण स्थान

**नई दिल्ली, वार्ता**



शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि भारत का वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण स्थान बना हुआ है, जो सीखने, अनुसंधान करने, नवाचार करने और उसे लागू करने के लिए अपार अवसर प्रदान करता है।

प्रधान ने सोमवार को आयोजित 'स्टडी इन इंडिया एडु-डिप्लोमैटिक कॉन्क्लेव 2026' को संबोधित किया। इस सम्मेलन में उच्च शिक्षा में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने पर विचार-विमर्श करने के लिए 50 से अधिक देशों के राजदूत, उच्चायुक्त, राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधि और मंत्रालय के अधिकारी एकत्रित हुए। इस दौरान प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत भारत की शिक्षा प्रणाली में हुए बदलावों के बारे में बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना की है, जो स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ का प्रतीक होगा।"

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण स्थान बना हुआ है, जो सीखने, अनुसंधान करने, नवाचार करने और लागू करने के अपार अवसर प्रदान करता है। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका जीवंत ज्ञान तंत्र, जनसांख्यिकीय लाभांश है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 और 'स्टडी इन इंडिया' पहल के माध्यम से देश छात्रों, शोधकर्ताओं और संस्थानों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार कर रहा है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 80238.85
निफ्टी 24870.65



सोना 166000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 287000
प्रति किलो



# पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक संकट से सेंसेक्स-निफ्टी लुढ़के

**मुंबई, वार्ता**



पश्चिम एशिया में जारी भू. राजनैतिक संकट के कारण घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को बड़ी गिरावट देखी गई और बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,048 अंक लुढ़क गया।

अमेरिका और इजरायल के संयुक्त सैन्य अभियान में 28 फरवरी को ईरान पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में भू-राजनैतिक संकट गहरा गया है। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों वाले कई देशों पर हमले किए हैं। इसका असर सोमवार को बाजार खुलते ही दिखा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 2,743.46 अंक टूटकर 78,543.73 अंक पर खुला। हालांकि बाद में इसकी गिरावट काफी कम हुई। अंत में यह 1,048.34 अंक (1.29 प्रतिशत) नीचे 80,238.85 अंक पर बंद हुआ, जो इसका छह महीने का निचला स्तर है। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 312.95 अंक यानी 1.24 प्रतिशत उतरकर एक महीने के निचले स्तर 24,865.70 अंक पर रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.46 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.75 फीसदी की गिरावट में बंद हुआ। बाजार में उथल-पुथल को मापने वाला इंडिया वीआईएक्स सूचकांक 25 से ऊपर पहुंच गया, जो भारी अनिश्चितता को दर्शाता है। धातु और फार्मा को छोड़कर अन्य सेक्टरों में गिरावट रही। निफ्टी ऑटो 2.20 प्रतिशत गिर गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस सेक्टरों के सूचकांक भी दो प्रतिशत से ज्यादा टूटे। बैंकिंग, आईटी, मीडिया, रियलटी और रसायन समूहों के सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडिगो का शेयर छह प्रतिशत से अधिक और एलएंडटी का पांच प्रतिशत लुढ़क गया। अडानी पोर्ट्स और मारुति सुजुकी में तीन फीसदी से अधिक तथा एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फिनसर्व में दो से तीन प्रतिशत के बीच गिरावट रही।

## सोना 1.66 लाख चांदी 2.87 लाख पर पहुंची

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के चलते सोने चांदी के दाम में सोमवार को बढ़त दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 7 हजार रुपए बढ़कर 1.66 लाख रुपए पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी 20 हजार रुपए बढ़कर 2.87 लाख रुपए पर पहुंच गई है। कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया के मुताबिक सोना 1.90 लाख रुपए तक जा सकता है। चांदी 3.50 लाख तक पहुंच सकती है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिली है। बीते साल के आखिर में सोना 1.33 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब 1.66 लाख रुपए पर पहुंच गया है। यानी इसकी कीमत इस साल अब तक 56 हजार बढ़ चुकी है।

# विनिर्माण गतिविधियों में चार महीने के दौरान फरवरी में सबसे बड़ी तेजी

**मुंबई, वार्ता**

उत्पादन और घरेलू बाजार में बिक्री बढ़ने देश में विनिर्माण गतिविधियों में फरवरी में चार महीने की सबसे बड़ी तेजी देखी गई। एचएसबीसी द्वारा जारी भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जनवरी के 55.4 से बढ़कर फरवरी में चार महीने के उच्चतम स्तर 56.9 पर पहुंच गया।

सूचकांक का 50 से नीचे रहना गतिविधियों में गिरावट को दर्शाता है, जबकि इसका 50 से ऊपर रहना तेजी दिखाता है। वहीं 50 का स्तर स्थिरता का है। नए ऑर्डर, उत्पादन, रोजगार और खरीदे गए भंडार आदि के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की जाती है। एचएसबीसी द्वारा सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि मांग में तेजी, विपणन की पहल और क्लाइंटों की बढ़ती जरूरतों के कारण नए कारोबार में फरवरी में तेजी देखी गई। वृद्धि की रफ्तार पिछले साल अक्टूबर के बाद के उच्चतम स्तर पर रही। उत्पादन में चार महीने की सबसे बड़ी तेजी देखी गई और यह दीर्घावधि औसत से अधिक रहा। हालांकि नए निर्यात ऑर्डरों में वृद्धि की रफ्तार 17 महीने के निचले स्तर पर दर्ज की गई। जिन सेक्टरों में विदेशों में बिक्री बढ़ी है, उनमें मुख्य योगदान एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और अमेरिका का रहा है।

भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मजबूत घरेलू मांग के कारण उत्पादन में लगातार दूसरे महीने तेज गति से वृद्धि हुई है। हालांकि नए निर्यात ऑर्डरों में पिछले साल के मध्य में शुरू हुई सुस्ती फरवरी में भी जारी रही। इससे विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन कुछ हद तक बाधित रही। ऑर्डर में कुल मिलाकर अच्छी वृद्धि के कारण कंपनियों ने कच्चे माल की अतिरिक्त खरीद की और इसमें तीन महीने की सबसे बड़ी तेजी रही।

विनिर्माताओं ने लागत की भरपाई के लिए फरवरी में एक बार फिर विक्रय मूल्य बढ़ा दिए। भविष्य को लेकर विनिर्माता आशांवित दिख रहे हैं। सोलह प्रतिशत कंपनियों का कहना है कि अगले एक साल में वृद्धि देखी जाएगी, जबकि सिर्फ एक प्रतिशत को गतिविधियों में गिरावट की आशंका है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## इंडिया यूथ फ्रंट युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ देशभर में करेगा प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के युवा संगठनों के अखिल भारतीय संगठन 'इंडियन यूथ फ्रंट' ने युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब तथा अन्य कार्यकर्ताओं की भारत मंडपम में विरोध प्रदर्शन के आरोप में की गई गिरफ्तारी को मोदी सरकार की तानाशाही बताया और कहा कि फ्रंट इसके खिलाफ मिलकर देशभर में आंदोलन करेगा। फ्रंट से जुड़े विभिन्न दलों के युवा शाखा के नेताओं ने सोमवार को यहां युवा कांग्रेस कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह गिरफ्तारी अघोषित आपातकाल और मोदी सरकार की तानाशाही का प्रमाण है। इस मनमानी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और विपक्षी दलों के युवा संगठन एकजुट होकर देशभर में इसके विरोध में प्रदर्शन कर सरकार की हकीकत को जनता लाएंगे। युवा कांग्रेस की सुरभि द्विवेदी ने बताया कि प्रदर्शन करने वाले नौ प्रदर्शनकारियों को पटियाला हाउस कोर्ट से जमानत मिल गई है। उन्होंने न्यायालय के आदेश पर खुशी जताई ।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**कुवैत में...** समय रहते इजेक्ट किया और बाद में उन्हें सुरक्षित बरामद कर लिया गया। सभी की हालत स्थिर बताई गई है। कुवैत सरकार और रक्षा बलों ने इस घटना को स्वीकार किया है। अमेरिकी सेना ने कुवैती रक्षा बलों के सहयोग और बचाव अभियान के लिए आभार भी जताया। बयान में कहा गया कि संयुक्त सैन्य अभियान के दौरान दोनों देशों की सेनाएं लगातार समन्वय में काम कर रही हैं। घटना के बाद सुरक्षा प्रक्रियाओं की समीक्षा शुरू कर दी गई है, ताकि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न हो। सेंटकाम ने स्पष्ट किया कि इस पूरी घटना की विस्तृत जांच की जा रही है। शुरुआती तौर पर इसे फ्रेंडली फायर यानी अपने ही सहयोगी बलों की गलती से हुई कार्रवाई माना जा रहा है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि पहचान प्रणाली या संचार में कहां चूक हुई, जिसके कारण एयर डिफेंस सिस्टम ने अपने सहयोगी विमानों को निशाना बना लिया। विशेषज्ञों का मानना है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव और लगातार हमलों के खतरे के कारण रक्षा प्रणालियां बेहद सतर्क स्थिति में काम कर रही हैं। ऐसे माहौल में पहचान संबंधी छोटी गलती भी बड़े हादसे में बदल सकती है। अमेरिकी सेना ने कहा है कि जांच पूरी होने के बाद अतिरिक्त जानकारी सार्वजनिक की जाएगी और संचालन प्रक्रियाओं को और मजबूत किया जाएगा।

# वैश्विक तनाव पर केन्द्र भूमिका स्पष्ट करे: सपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** इजरायल-ईरान के बीच जारी संघर्ष को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बन रहे युद्ध जैसे हालातों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि मानवता पर संकट की घड़ी में विश्व समुदाय को संयम और जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की हिंसा और युद्ध में आम नागरिकों की जान जाना अत्यंत पीड़ादायक है। अखिलेश यादव ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की जनता यह जानना चाहती है कि भारत शांति स्थापना के लिए क्या कूटनीतिक प्रयास कर रहा है और क्या वह युद्ध को रोकने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि युद्धकालीन स्थितियों में कई तरह की सूचनाएं सामने आती हैं, जिनमें से कुछ अपुष्ट भी हो सकती हैं। ऐसे में केंद्र सरकार का दायित्व है कि वह आधिकारिक स्तर पर तथ्यों की पुष्टि कर पारदर्शिता बनाए रखे, ताकि भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का मानना है कि भारत जैसे बड़े लोकतांत्रिक और प्रभावशाली देश को वैश्विक मंच पर शांति, संवाद और संतुलित कूटनीति का पक्षधर बनकर सामने आना चाहिए।

## बीएलओ पर बढ़ते दबाव को लेकर सरकार पर सपा का हमला



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एसआईआर के बीच लगातार बीएलओ द्वारा आत्महत्या किए जाने को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) पर बढ़ते प्रशासनिक दबाव को लेकर राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बीएलओ पर अत्यधिक कार्यभार और मतदाता सूची से जुड़े कार्यों में अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है, जिससे वे मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि पहले फॉर्म-7 के जरिए नाम हटाने और अब फॉर्म-6 के माध्यम से नाम जोड़ने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है। ऐसे माहौल में कई कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान हैं। सपा अध्यक्ष ने फतेहपुर जनपद के बिदकी क्षेत्र के एक शिक्षामित्र बीएलओ द्वारा आत्महत्या की घटना का उल्लेख करते हुए इसे अत्यंत दुखद बताया। उन्होंने कहा कि पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच अवकाश न मिलना और कार्य का दबाव गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने सभी बीएलओ से संयम बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि कोई भी परिस्थिति जीवन से बड़ी नहीं होती। उन्होंने सरकार से मांग की कि कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव न बनाया जाए।

## शाह टाइम्स का विवरण

फार्म-4 ( नियम आठ देखिए )

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थान | :सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश |
| 2. मुद्रण स्थान | :शाह पब्लिकेशन प्रा.लि. सूजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर(उत्तर प्रदेश) |
| 3 प्रकाशन की अवधि व भाषा | : दैनिक, हिन्दी |
| 4. मुद्रक का नाम | : शाह पब्लिकेशन प्रा.लि. |
| (क्या भारत का नागरिक है) | : हां |
| (यदि विदेशी है मूल देश) | : नहीं |
| 5. सम्पादक का नाम | : एस.एन.राना |
| (क्या भारत का नागरिक है) | : हां |
| (यदि विदेशी है मूल देश) | : नहीं |
| पता:- | राना हाउस, मेरठ रोड, सूजडू मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश |

6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों

1. आसिफ खान, 105 साउथ खालापार मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
2. जावेद अली, मकान नंबर, 900, कुंगर पट्टी सूजडू, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश

मैं एस.एन राना एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

दिनांक-3-3-2026

प्रकाशक के हस्ताक्षर
एस.एन. राना

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



13वां रोज़ा इफ्तार

03 मार्च मंगलवार

सुन्नी...................... 06:22

शिया...................... 06:34

14वां रोज़ा सहरी

04 मार्च बुधवार

सुन्नी...................... 05:16

शिया...................... 04:22



हाजी ज़ियाउर्रहमान

वरिष्ठ नेता लोकदल

# खेत में पड़ी मिली ट्रक चालक की लाश

## हृदय गति रुकने से मौत की आशंका, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** फुगाना थाना क्षेत्र के गांव खरड में खेत की पानी की नाली में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। शव की पहचान ट्रक चालक सोनू पुत्र अशोक कुमार के रूप में हुई है। बुढ़ाना में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकों ने युवक की हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका व्यक्त की। पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना फुगाना क्षेत्र के गांव खरड़ के चौकीदार नन्दू ने पुलिस को खेत की नाली में किसी व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना दी। सूचना मिलने पर फुगाना पुलिस व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मृतक की पहचान जानसठ के गांव सादपुर निवासी सोनू पुत्र अशोक के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया घकि सोनू पेशे से ट्रक चालक था। वह गन्ना मिलों में गन्ना ढोने का कार्य करता था। फुगाना पुलिस ने परिजनों को सोनू के मृत पाए जाने की सूचना दी। कस्बे की सीएचसी पर चिकित्सकों ने हार्ट अटैक से मौत होने की पुष्टि की। पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फुगाना पुलिस ने बतलाया कि घटना की तहरीर अभी प्राप्त नही हुई है। तहरीर आने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# हादसे में ट्रक नष्ट, चालक व हैल्पर घायल

**अन्य घटना में ट्रेक्टर की टक्कर से युवक जख्मी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** पंजाब प्रदेश से लोहे का पाईप और टी एंगल लेकर अलीगढ़ जनपद के लिए जा रहे एक ट्रक का टायर मेरठ वाया करनाल हाइवे पर लोई गांव के पास फट गया। ट्रक असंतुलित होकर सडक किनारे खाई में गिरकर टूट गया। इस हादसे में चालक व परिचालक घायल हो गए। पंजाब के जालंधर से ट्रक में लोहे का पाईप व टी एंगल लेकर चालक कुलदीप परिचालक सुखदेव के साथ अलीगढ़ जा रहा था। बीती रविवार को मेरठ करनाल हाइवे पर लोई गांव के पास ट्रक का टायर फट गया। इस घटना में ट्रक असंतुलित होकर सडक किनारे खाई में गिरकर टूट गया। घटना में चालक परिचालक घायल हो गए।

दोनों को चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। घटना की सूचना चालक कुलदीप ने ट्रक मालिक को दी है। दूसरी घटना में फुगाना क्षेत्र में शामली हाईवे पर एक सड़क हादसा हुआ। जिला बड़ौत के पास गांव जानी बलैनी निवासी एक युवक अपने घर जा रहा था। तब पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क किनारे दीवार से जा टकराया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से युवक को उपचार हेतू अस्पताल भिजवाया। युवक के पैर में गंभीर चोटें आई हैं।

# भट्टा मजदूर की लाश रस्सी के फंदे में झूलती हुई मिली

**परिजनो में कोहराम, पुलिस ने की जांच शुरू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक युवक बस्ती के बाहर जंगल में दो खंभों के बीच रस्सी के फंदे पर झूलता हुआ मिला। उक्त युवक की लाश को देख परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से शव को खंभे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। यह आत्महत्या है या हत्या इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मृतक युवक मजदूरी करने घर से निकला था।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना की नई तहसील के पीछे स्थित गांव सफीपुर पटी का रहने वाला लगभग 20 साल का युवक अफसर अंसारी पुत्र नियामत अहमद बीती रविवार की सायं अपने घर से ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने के लिए निकला था। सोमवार की सुबह उनको बुढ़ाना पुलिस से जानकारी मिली कि उनके घर के पास कुछ ही दूरी पर एक युवक की लाश वर्जिश वाले खंभे से लटकी मिली है। मौके पर जमा लोग लाश उनके परिवार के किसी सदस्य की होने की बात बता रहे हैं। तब वे मौके पर पुलिस और मौहल्ले के लोगों के साथ पहुंचे तो लाश की शिनाख्त उनके ही परिवार के सदस्य अफसर अंसारी के रुप में की गयी। यह देख परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों की सहायता से शव को खंभों से उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरु कर दी। मृतक अफसर के बड़े भाई मनव्वर अंसारी ने पुलिस को बतलाया कि हम सभी 08 भाई हैं। अफसर हम सभी में छोटा था। हम सभी ईंट भट्टे पर मजदूरी करते हैं।

बीते कल वह घर से मजदूरी के लिए गया था। उधर कस्बा चौकी इंचार्ज संदीप कुमार ने बतलाया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। इस मामले की जांच शुरु कर दी गयी है। जल्द से जल्द घटना का सही खुलासा कर दिया जाएगा। वहीं इस घटना को लेकर मृतक अफसर अंसारी के परिजनों व रिश्तेदारों में जबरदस्त कोहराम मचा हुआ है और बस्ती में शोक व्याप्त है।

# होलिका पूजन को उमड़ा आस्था का सैलाब

## महिलाओं ने पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** होलिका पूजन के लिए शहर की गली मोहल्लों में उत्साह नजर आया। शहर के विभिन्न मोहल्लों में महिलाओं ने पारंपरिक विधि-विधान से पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। श्रद्धा और भक्ति के इस आयोजन ने पूरे शहर को भक्तिमय रंग में रंग दिया।महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर होलिका की परिक्रमा करती नजर आईं। कई स्थानों पर पारंपरिक होली गीतों की मधुर धुनों ने माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। बच्चों और युवाओं में भी पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया।

नई मंडी पटेलनगर सहित गांधी कालोनी, सुभाष नगर, बचनसिंह कालोनी, राधिका पुरम, आदर्श कालोनी, अंकित विहार, लालबाग, वर्मा पार्क, प्रेमपुरी, रामपुरी बाग, जानकीदास, जनकपुरी, इंद्रा कॉलोनी, आनन्द पुरी, जाट कालोनी, लक्ष्मण विहार, अग्रसेन विहार, अवध विहार, मीनाक्षीपुरम, नई मंडी रामलीला टिल्ला, मिमलाना रोड और एकता विहार कॉलोनी समेत अनेक स्थानों पर पूजन हुआ। होलिका पूजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा।

संजय कुमार वर्मा (एसएसपी) स्वयं पुलिस टीम के साथ शहर में लगातार भ्रमण करते रहे और संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

पुलिस की सक्रिय गश्त के चलते पूरे जनपद में शांति एवं सौहार्द का वातावरण बना रहा। शहर के साथ-साथ जिले के सभी कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी होलिका पूजन आस्था और उत्साह के साथ किया गया।




मुजफ्फरनगर: होलिका पूजन करती श्रद्धालु महिलाएं।

# आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर युवक गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** तितावी क्षेत्र के गांव जसौई में पुलिस की छापेमारी हुई जहां पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है जो धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और साम्प्रदायिक सदभाव बिगाडने का काम कर रहा था। पकडे गए आरोपी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर मुस्लिम समुदाय और उनके धर्मगंथों के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट की थी। पुलिस का कहना है कि इस संबंध में शहकर सैनी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पोस्ट में अभ्रद भाषा का प्रयोग किया और इसको लेकर लोगों में रोष बना हुआ था। शेखर सैनी ग्राम जसौई का निवासी है और वह धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम कर रहा था। लिखा पढ़ी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया था।

# पालतू पिटबुल ने युवक को किया घायल

**मुजफ्फरनगर।** कस्बा चरथावल के मौहल्ला छिपीयान में एक पालतु पिटबुल ने युवक को काटकर घायल कर दिया है। घायल युवक ने इस संबंध में थाने में तहरीर भी दी है। बताया जाता है कि गांव चरथावल निवासी मनोज किसी काम से जा रहा था इसी बीच रास्ते में उस पर पिटबुल ने हमला कर दिया। मनोज का आरोप है कि यह पिटबुले सोनू पुत्र कर्मसिंह का है और इस हमले में वह घायल हुआ है। पुलिस ने इस संबंध में तहरीर लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# राष्ट्रभावना सामाजिक एकता का संगम: गौरव

**98 वे वार्षिकोत्सव एवं होलिकोत्सव में अभिनंदन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी स्थित आर्य समाज परिसर में 98 वां वार्षिकोत्सव एवं होलिकोत्सव श्रद्धा, उत्साह और वैदिक परंपराओं के साथ आरंभ हो गया। तीन दिवसीय इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर विश्व शांति और समाज में समरसता की कामना की। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप और विकल्प जैन अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

आर्य समाज नई मंडी के प्रधान गुलवीर सिंह, मंत्री धर्मेन्द्र सिंह पंवार (नीटू) एवं कोषाध्यक्ष सत्य प्रकाश बंसल ने अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

गौरव स्वरूप ने अपने संबोधन में कहा कि वैदिक संस्कृति, राष्ट्रभावना और सामाजिक एकता का यह संगम सभी को धर्म और संस्कारों के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

प्रधान गुलवीर सिंह ने बताया कि आर्य समाज नई मंडी का यह वार्षिकोत्सव 2, 3 और 4 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। समारोह में वैदिक विद्वान और भजनोपदेशक रामनिवास आर्य (पानीपत), उपदेशक आचार्य विरेन्द्र शास्त्री (सहारनपुर) तथा वैदिक प्रवक्ता डॉ. रितिका आर्या ने अपने भजनों और प्रेरणादायी प्रवचनों से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। उन्होंने वैदिक सिद्धांतों, नैतिक जीवनशैली और सामाजिक कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम संयोजक हेमानी आर्या, विरेन्द्र आर्य, सरोज पांचाल आर्या, राजबाला आर्या एवं अर्पणा आर्या सहित आर्य समाज नई मंडी की पुरुष एवं महिला मंडली ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# मुठभेड़ में विक्की का बेटा रक्षित व साथी घायल

## इंदौर से मंदी पिस्टल लाकर करते थे सप्लाई, चार पिस्टल, दो तमंचे, कारतूस व कार बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अभी तक विक्की त्यागी की क्राइम फाइल अच्छी तरह बंद भी नहीं हुई और अभी भी लोगों के मुंह में कभी किसी सनसनी घटना के बाद विक्की का नाम आ ही जाता है, लेकिन अब विक्की के बेटे का नाम भी अपराध की दुनिया से जुडता हुआ नजर आ रहा है। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि विक्की त्यागी के बेटों का अपराधिक इतिहास अब बढ़ रहा है। कुछ लोग तो विक्की त्यागी के बेटों के नाम से खौफ भी खाने लगे है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सिविल लाइन पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड के बाद विक्की त्यागी के बेटे सहित दो लोग घायल हुए है इसमें सबसे पहले सनसनी खेज मामला यह है कि घायल विक्की के बेटे के पास से भारी मात्रा में पिस्टल और तमंचे बरामद हुए है पुलिस दावा कर रही है कि घायल विक्की का बेटा हथियारों की सप्लाई के धंधों में जुडा है और वह इंदौर से पिस्टल लाकर उन्हे यहां पर बेचता था। फिलहाल घायल जिला अस्पताल में भर्ती है। पुलिस लाइन के सभागार कक्ष आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी सिटी और सीओ सिटी ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्ष संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध चलाए गए अभियान में बिती रात सिविल लाइन पुलिस और बदमाशों के बीच संधावली अण्डरपास के निकट मुठभेड हो गई। इस दौरान पुलिस ने चैकिंग के दौरान बदमाशों को रूकने का इशारा किया जहां बदमाशों ने फायरिंग की तो पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो लोग घायल हुए।

घायलों को जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया जिनकी पहचान रक्षित त्यागी उर्फ दक्ष पुत्र स्व. विक्की त्यागी निवासी ग्राम पावटी थाना चरथावल और रितिक त्यागी उर्फ गोलू निवासी भूमि थाना सरूरपुर जनपद मेरठ के रूप में हुई। एसपी सिटी ने बताया कि बदमाशों के पास से चार पिस्टल दो तमंचे, कारतूस और एक बिना नम्बर की टाटा नैक्सोन कार और दो मोबाइल भी बरामद हुए है। यह लोग इंदौर से मंदे दामों में पिस्टल खरीदकर उन्हे यहां अच्दे दामों में बेचते थे।

पुलिस का कहना है कि रक्षित त्यागी विक्की त्यागी उर्फ विक्रांत का बेटा है और रक्षित त्यागी के विरूद्ध गैंगस्टर और अन्य धाराओं के मामले दर्ज है। एसपी सिटी ने बताया कि सिविल लाइन थाना इंचार्ज आशुतोष कुमार और उनकी टीम ने इस गिरोह को गिरफ्तार किया है।



मुजफ्फरनगर: गुड़ मंडी में रंग गुलाल से खेली गई जमकर होली।

# कलेक्ट्रेट में किया इमरजेंसी ऑपरेशन सेन्टर स्थापित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ईरान में उत्पन्न युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। जनपद मुजफ्फरनगर के जो नागरिक किसी भी देश में फंसे हुए हैं या जिन पर संभावित खतरे की आशंका है, उनके परिजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर स्थापित किया गया है।

जिला प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार हेल्पलाइन नंबर 9412210080, 0131-2436918 तथा राहत टोल फी नंबर 1077 को तत्काल प्रभाव से सक्रिय कर दिया गया है। इन नंबरों पर संपर्क कर परिजन अपने संबंधित व्यक्ति की जानकारी, लोकेशन और अन्य आवश्यक विवरण साझा कर सकते हैं, ताकि शासन स्तर पर समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) गजेंद्र कुमार ने बताया कि यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित रहेगा। यहां तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी प्राप्त सूचनाओं को संकलित कर उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएंगे तथा आवश्यकतानुसार विदेश मंत्रालय व संबंधित एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया जाएगा। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता पड़ने पर केवल आधिकारिक हेल्पलाइन नंबरों पर ही संपर्क करें। प्रशासन हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है।

# टीएमयू कैंपस में होली के रंगों में सराबोर नजर आए स्टुडेंट्स

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के स्टुडेंट्स कैंपस में होली पर रंगों में सराबोर नजर आए। विशेषकर नवागत और अंतिम बरस के छात्रों में होली पर्व का उत्साह अधिक देखने को मिला। अपने-अपने घरों की रवानगी से पूर्व न केवल डे स्कॉलर्स, बल्कि हॉस्टलर्स ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर जमकर ठुमके लगाए। साथ ही सेल्फी और ग्रुप फोटो क्लिक करने से नहीं चूके। जैसे होली के रंग चमकते हैं, वैसे ही आपका जीवन भी खुशियों से जगमगाता रहे.. गुलाल की महक आपके जीवन में खुशियाँ घोल दे....सरीखे वाक्यों से एक दूसरे को हैप्पी होली विश की। मेडिकल, डेंटल, टिमिट, सीसीएसआईटी, सीओई आदि कॉलेजों के स्टुडेंट्स इस मस्ती में शामिल रहे। फैकल्टीज ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर कहा, बुरा न मानो होली है।

फ्रेशर्स स्टुडेंट्स ने अपने सीनियर्स को रंग-बिरंगे गुलाल लगाया तो फाइनल ईयर के स्टुडेंट्स ने फेयरवेल पार्टी की मानिंद होली को सेलिब्रेट किया।

आयुष्मान सुविधा उपलब्ध है

माहे रमजान की दिली मुबारकबाद

डॉ0 रिजवान अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ0 मौहसिन अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0डी0)

डॉ0 मौ0 शुऐब
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)

डॉ0 जैनब इनाम
एम0बी0बी0एस0 (डी0जी0ओ0)
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)

दिवान हॉस्पिटल

सुजडू चुंगी, मेन रोड मुजफ्फरनगर 251001

0131-2634069-9837 3357 11




# क्रिकेट मैच पर सट्टे का कारोबार

## मोरना में काफी समय से फलफूल रहा है खाईबाडी का खेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना मे क्रिकेट मैच आदि पर सट्टे खाईबाड़ी का कारोबार बड़े स्तर पर जारी है।पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तथा मौके से नगदी व मोबाइल बरामद किये हैं। आरोपियों को छुडाने के लिए कुछ लोग थाने पर लगातार जमे रहे, लेकिन पुलिस ने कोई समझौता नहीं किया और क्रिकेट पर सट्टे खेलकर लोगों को अपराध की दलदल में झोकने वालों को जेल भेजा है।

भोपा थाना क्षेत्र में गांव मोरना मे पुलिस ने सटे व खाईबाड़ी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। आरोपियों के कब्जे से नगदी सहित सटा पर्चा, और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया की मुखबिर खास की सूचना पर मोरना चौकी पुलिस द्वारा एक दुकान में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान चार आरोपी सटे की खाईबाड़ी करते पकड़े गये आरोपी शिवम पुत्र प्रमोद, हसीन पुत्र माजिद, नितिन पुत्र आनन्द, पवन पुत्र रामपाल निवासीगण मोरना के खिलाफ धारा 3/4 जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।पुलिस ने मौके से 1865 रूपये की नकदी सटा पर्ची तीन एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किये हैं। आरोपियों को वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



### सट्टेबाजों की ऐशगाह बना है मोरना

सट्टा खाईबाड़ी व जुए के कारोबार को लेकर मोरना अक्सर चर्चाओं मे बना रहता है। ग्रामीणों के अनुसार दर्जनों माफिया बड़े स्तर पर इस कारोबार मे लिप्त हैं। इसी कारोबार के चलते कुछ व्यक्तियों ने भारी सम्पत्ति अर्जित कर फर्श से अर्श का मुकाम हासिल कर लिया है। पूर्व के साधारण व्यक्ति आज धनाढ्य होकर रुतबा क़ायम किये हुए हैं जिनकी शान शौकत को देखकर अनेक युवक इस अवैध कारोबार की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

# पत्नी को लेने आए पति ने सास को मारा चाकू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अपनी ससुराल में पत्नि को लेने के लिए आए दामाद ने किसी बात पर अपनी सास को चाकू मार दिया और पत्नि को ले जाए बिना फरार हो गया। इस घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भर्ती कराकर घटना की जानकारी लेने के बाद फरार आरोपी दामाद की तलाश शुरु कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बा निवासी शोएब अली पुत्र यासीन अहमद की ससुराल बुढ़ाना क्षेत्र में ही है। सोमवार के दिन वह वायदे के मुताबिक अपनी ससुराल अपनी पत्नि को लेने के लिए आया तो किसी मामूली सी बात पर शोएब उग्र हो गया और उसने विरोध कर रही अपनी सास फरीदा पत्नि शहजाद अहमद को वहीं पर रखे चाकू के दो प्रहार कर दिए और फरार हो गया।

उधर चीख पुकार सुनकर मौहल्ले के लोग मौके पर आ गये और इस घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी तो तुरंत पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और खून से लथपथ घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भर्ती कराते हुए फरार आरोपी की तलाश शुरु कर दी। उधर चिकित्सकों ने घायल महिला को गंभीर हालत में हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया। महिला के हाथ और छाती में चाकू लगने की खबर है। आरोपी दामाद शोएब ने सास फरीदा को किस बात पर चाकू मारा यह पता नहीं लग पाया था।

# शामली में तितावी की मां-बेटी की दुर्घटना में मौत, बेटा गंभीर

**मुजफ्फरनगर** तितावी थाना क्षेत्र के गांव अलीपुर कला में होली का त्यौहार की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गई जब बाइक पर सवार मां बेटी की दुर्घटना में मौत हो गई है और उसके बेटे की हालत गंभीर बतायी जा रही है। बताया जाता है कि मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल का जिला अस्पताल भिजवाया और शव को मोर्चरी भेज दिया। जैसे ही यह खबर परिवार को लगी तो पूरे गांव में शोक छा गया।

तितावी थाना क्षेत्र के गांव अलीपुर कला निवासी आकाश अपनी माता 48 वर्षीय राजेश, बहन 18 वर्षीय तनु के साथ होली के त्यौहार की खरीदारी करने के लिए शामली गया था। मां बेटी और आकश ने मिलकर परिवार के लिए घर का सामान व होली का सामान खरीदा। खरीदारी के बाद आकाश मां और बहन के साथ बाइक द्वारा अपने गांव वापस लौटने लगा। बताया जाता है कि जब वह शामली हाईवें से निकलकर तहसील चौराहे पर पहुंचा तो अचानक ही उसकी टक्कर ट्रक से हो गई। कुछ लोगों का कहना है कि खड़े ट्रक में बाइक की टक्कर हुई तो कुछ लोग ट्रक और बाईक की टक्कर होना बता रहे है। कुल मिलाकर हादसे के बाद राजेश,तनु और आकाश काफी समय तक गंभीर हालत में सडक पर पड़े रहे। राहगीरों की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। पुलिस ने तीनों को अस्पताल पहुंचा दिया था। इस समय मां बेटी की मौत हो चुकी थी। जबकि आकाश को जिला अस्पताल से मेरठ रैफर कर दिया गया। घटना के बाद होली की खुशिया गम में बदल गई।

## जहर डालने से हजारों छोटी-बड़ी मछलियों और जलीय जीवों की मौत

**मीरापुर।** मध्य गंगा नहर में सिखरेड़ा और टिकोला पुल के बीच अज्ञात व्यक्ति द्वारा कथित रूप से शिकार के लालच में जहर डालने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जहर के प्रभाव से हजारों छोटी-बड़ी मछलियां और अन्य जलीय जीव मर गए।

जहर डालने के कारण नहर में बड़ी संख्या में मरी हुई मछलियां सड़ने लगी हैं, जिससे आसपास के क्षेत्र में दुर्गंध फैल गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे वातावरण प्रदूषित हो रहा है और बीमारी फैलने की आशंका बढ़ गई है। इतना ही नहीं, नहर का पानी पीने वाले पशु-पक्षियों के बीमार होने की भी खबरें मिल रही हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि नहर में जहर डालने की घटनाएं समय-समय पर होती रहती हैं, लेकिन इस पर प्रभावी रोक नहीं लग पाती। लोगों ने सिंचाई विभाग और पुलिस विभाग से मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## होली मिलन समारोह में दिग्गजों ने लिया भाग



**शाहपुर।** दो स्थानों पर होली मिलन समारोह, डा. संजीव बालियान समेत कई दिग्गज पहुंचे शाहपुर कस्बे में दो अलग-अलग स्थानों पर आयोजित होली मिलन समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान, भाजपा पूर्व विधायक उमेश मलिक, क्षेत्रीय विधायक राजपाल बालियान, पूर्व मंत्री चौधरी योगराज सिंह व वरिष्ठ भाजपा नेता नितिन मलिक ने शिरकत कर क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं। सभी नेताओं ने लोगों से होली का पर्व शांतिपूर्वक और आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।

नगर पंचायत अध्यक्ष पद के दावेदार अरविंद पाल के कैंप कार्यालय तथा ग्राम पलड़ी में प्रधान मोनू सैनी के आवास पर आयोजित कार्यक्रमों में भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रमों में रंग-गुलाल के साथ एक-दूसरे को बधाई दी गई और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया गया। इस अवसर पर डा. संजीव बालियान ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सभी को मिल-जुलकर त्योहार मनाना चाहिए ताकि समाज में सौहार्द बना रहे। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डक्क सुभाष शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल भाईजी, मणिकांत मित्तल, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, भाजपा नेता कपिल सैनी, शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्चित आर्य, कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन रामनाथ ठाकुर, चेयरमैन विनोद सैनी, सैनी समिति बुढ़ाना के अध्यक्ष अंकुर सैनी, युवा समाजसेवी सावंत नामदेव, सभासद सोनू सैनी, वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रदीप सिंह चौहान, वरिष्ठ प्रमुख चिकित्सक डा गौरव सैनी, भाजपा नेता उमेश मित्तल, वरिष्ठ प्रमुख चिकित्सक डॉक्टर लोकेंद्र बालियान, भाजपा युवा नेता काकड़ा सोनू बालियान, भाजपा नेता हरेंद्र शर्मा, लोकदल नगर अध्यक्ष मनोज सैनी, बुढ़ाना विधानसभा के पांचों मंडल अध्यक्ष व पूर्व भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## एसडीएम-सीओ ने सुरक्षा व्यवस्था को परखा



**बुढ़ाना।** होली व दुल्हैन्डी के पावन पर्व के साथ माह ए रमजान के मद्देनजर बुढ़ाना कस्बे व क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। बुढ़ाना एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा व सीओ गजेंद्र पाल सिंह पूरे क्षेत्र में अपनी पैनी नजरें बनाए हुए हैं। त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को कस्बे से लेकर गांव तक हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है।

साइबर टीम भी इंटरनेट मीडिया पर नजर रखे हुए है। किसी प्रकार की अफवाह भ्रामक खबर फैलाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र मे विशेष निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। संवे. दनशील व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में लगातार मॉनिटरिंग हो रही है। गलियों व प्रमुख स्थलों की निगरानी कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। प्रमुख बाजारों, धार्मिक स्थलों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर गश्त बढ़ाया गया है। कई स्थानों पर फ्लैग मार्च किया जा रहा है ताकि लोग खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। अवैध शराब, हुड़दंग व असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इंटरनेट मीडिया पर भी साइबर टीम की ओर से पैनी नजर है। भ्रामक खबर फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। नागरिकों से अपील की गयी है कि वे किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें और अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान ना दें।

# आपसी सदभाव से मनाएं होली का त्यौहार: हरेन्द्र मलिक



**शाहपुर।** शाहपुर। लोकसभा क्षेत्र के सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि होली का पावन पर्व आपसी बैर-भाव मिटाकर एकता और भाईचारे को समर्पित है। उन्होंने सभी वर्गों से अपील की कि वे हर त्योहार को सौहार्द और सद्भाव के साथ मनाएं। समाजवादी पार्टी के शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र पाल के कैंप कार्यालय पर आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांसद हरेंद्र मलिक ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार मनाने का वास्तविक उद्देश्य समाज में प्रेम और सौहार्द बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि त्योहार इस प्रकार मनाए जाएं कि किसी भी समाज या वर्ग को उससे कष्ट न हो।

इस दौरान केंद्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए सांसद मलिक ने कहा कि आज किसान, मजदूर, युवा और व्यापारी सभी वर्ग परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण हर वर्ग खुद को उपेक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जनता समा. जवादी पार्टी की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है और प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने की संभावना प्रबल है। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष बुढ़ाना अकरम खान, जिला महासचिव गोल्डी अहलावत, वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामपाल सिंघल नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार अरविंद पाल, सपा नेता साहिब अंसारी, सभासद सतीश पाल, मनोज अरोरा, वरिष्ठ सपा नेता इकबाल कुरैशी, मासूम अली, पूर्व जिला सचिव अनेश निर्वाल आदि लोगों के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह में लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

## राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा का परिणाम हुआ घोषित



**बुढ़ाना।** राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता घ्आधारित परीक्षा परिणाम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने समूचे उत्तर प्रदेश में चौथा तथा जनपद मुजफ्फरनगर में पहला स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में सभी विद्याघर्थियों का जोरदार स्वागत हुआ। पूर्व माध्यमिक विद्यालय राजपुर छाजपुर के राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाध्यापक बृजपाल सिंह राठी ने जानकारी देते हुए बतलाया कि उनके विद्यालय के 15 विद्याघर्थियों का एनएमएमएस परीक्षा में चयन हुआ है। छात्र आदित्य रमन ने जनपद में पहला तथा प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। इस परीक्षा में पास होने वाले विद्यार्थियों का होली के पर्व पर विद्यालय परिसर में मिठाई खिलाकर तथा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। ग्रामीणों व अभिभावकों ने ढोल नगाडों के साथ बच्चों का अभिनंदन किया। विद्यालय के छात्र आदित्य, अक्षित, जीशान, अभि, मन्दीप, आरिस, जिशान द्वितीय, अन्शिका, इन्शा, रूकैय्या, सन्ज्योति, आयशा, तमन्ना, लव और दीपक का परीक्षा पास करने पर स्वागत हुआ। प्रत्येक विद्यार्थी को 48 हजार रूपये मिलेंगे। यह छात्रवृत्ति कक्षा 09 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र छात्राओं एक हजार रूपये प्रति माह की दर से इन सभी विद्यार्थियों को मिलेगी।

## गांजे सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**मीरापुर।** पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 3 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद किया गया।

थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि मीरापुर पुलिस टीम संभलहेड़ा से कुतुबपुर झाल की ओर जाने वाली नहर पटरी पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान संभलहेड़ा की ओर से एक मोटरसाइकिल सवार आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह घबराकर भागने लगा, जिससे शक गहरा गया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा किया और नहर पर रजवाहे की पुलिया के पास उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 3 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अमन उर्फ अंकुर पुत्र कैलाश निवासी गांव पुरा, थाना मंसूरपुर, जनपद मुजफ्फरनगर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

## छात्राओं ने लोक नृत्य के बीच खेली फूलों की होली



**मोरना।** बेहड़ा सादात मे मोरना -जानसठ मार्ग स्थित स्वामी कल्याण देव ओमानंद गर्ल्स डिग्री में होली के अवसर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे छात्राओं ने लोक नृत्य की प्रस्तुति दी व पुष्प वर्षा कर तथा एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी

होली के रंग, सुरों के संग नामक आयोजित कार्यक्रम में गायन प्रतियोगिता कराई गई, और प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया साथ ही साथ छात्राओं ने होली है ,ष्रंग बरसे भीगे चुनरवाली,तथा चुनरी पर तेरी मलू गुलाल आदि गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया

छात्राओं ने हर्षोल्लास के साथ गुलाल रंगों से एक दूसरे को रंग लगाकर होली का पर्व मनाया।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक अमित कुमार पंवार प्राचार्य पवन कुमार व कार्यक्रम संयोजक सुमैया रहमान तथा कॉलेज प्रवक्ता सुभाष कुमार,मनीष कुमार, सुमन देवी,रिंकू देवी,हिमांशी चौधरी, फरियाल अश्वनी कुमार आदि मौजूद रहे।

## शिवम शर्मा की घातक गेंदबाजी से सिल्वरटन पैंथर्स की शानदार जीत

**मुजफ्फरनगर।** सीसीएस स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले गए मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग-2 के मैच-14 में सिल्वरटन पैंथर्स ने वसुंधरा सुपर किंग्स को 51 रन से हराकर दमदार जीत दर्ज की।

पहले बल्लेबाजी करते हुए सिल्वरटन पैंथर्स की टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए। टीम की ओर से शिवम शर्मा ने सर्वाधिक 30 रनों की उपयोगी पारी खेली। इसके अलावा संदीप तोमर ने 29 रन और आश्वनी पंवार ने 14 रन का योगदान दिया। टीम को अतिरिक्त के रूप में 23 रन मिले, जो स्कोर को मजबूत स्थिति में ले गए।

वसुंधरा सुपर किंग्स की ओर से गेंदबाजी में शिवम शर्मा ने 4 ओवर में मात्र 18 रन देकर 4 विकेट झटके और विपक्षी बल्लेबाजी क्रम की कमर तोड़ दी। संतानु ने भी 4 ओवर में 15 रन देकर 3 विकेट हासिल किए, जबकि अमर सिंह और आशीष बालियान को 1-1 सफलता मिली।150 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वसुंधरा सुपर किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। पूरी टीम 15.4 ओवर में 98 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से अनिवेश चौधरी ने 28 रन और अभिषेक अहलावत ने 15 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे।सिल्वरटन पैंथर्स की अनुशासित गेंदबाजी और सधी हुई बल्लेबाजी के दम पर टीम ने मुकाबला 51 रनों से अपने नाम कर लिया। दर्शकों ने पूरे मैच के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और रोमांचक मुकाबले का आनंद लिया।

आज के मैन ऑफ द मैच शिवम को चुना गया यह पुरस्कार उन्हें श्रीनिवास यादव रजिस्ट्रार मुजफ्फरनगर तहसील और फाइटर ऑफ़ द मैच अनिमेष चौधरी रहे ये पुरस्कार बृजनंदन त्यागी द्वारा दिया गया।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा बेटा शाहआलम व उसकी पत्नी निशांत अंजुम मेरे व परिवार के अन्य सदस्यो के कहने सुनने में नहीं है इसलिए मैने व मेरे अन्य परिजनों ने शाहआलम व उसकी पत्नी निशांत अंजुम से सम्बन्ध समाप्त कर लिये है तथा मैने दिनांक 02.03.2026 को अपने बेटे शाहआलम व उसकी पत्नी निशांत अंजुम को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे पुत्र शाहआलम व उसकी पत्नी निशांत अंजुम के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन की जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। मेरी व मेरे परिजनों की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

वकील पुत्र स्व.अबरार
निवासी म.न.-688, सुजड़ू
थाना खालापार
जिला-मुजफ्फरनगर

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि श्रीमति विनेश पत्नी कुवरपाल सिंह नि0 27 जगदीश पुरम/कमल नगर कूकड़ा मुजफ्फरनगर जो कि सम्पत्ति मकान क्षे0 60.77 वर्ग मी० मी० कमलनगर जो कि जुज प्लाट नं0 25 मुन्दर्जा खसरा नं0 433 रकबा ग्राम कूकड़ा मु0नगर पर बना है, द्वारा बैनामा सं0 11 दि0 01. 01.2010 को नरेन्द्र कुमार से खरीदी थी, की चेन में पुराने बैनामे असली बैनामा सं0 2959 दि० 14.03. 2008, असली इकरारनामा सं0 5229 दिव 31.12.2005, असली बैनामा सं0 9600 दि0 25.11.2005, असली इकरारनामा सं0 3093 दि0 21.04.2004, असली बैनामा सं0 4873 दि0 28.06. 2000, असली बैनामा सं0 6422 दि0 03.10.1998 व असली बैनामा सं0 1977 दि0 15.03.1990 वास्तव में कहीं खोऐ हुऐ है, वर्तमान स्वामी मै० श्री पैकेजिंग द्वारा प्रो० श्रीमति अलका के द्वारा लिऐ जाने वाले ऋण के लिऐ उक्त सम्पत्ति को पी०एन०बी० शाखा नई मण्डी मु0नगर में बंधक करना चाहती है। यदि उक्त मूल बैनामें वगैरा किसी बैंक या वित्तीय संस्था में बंधक है या इस बाबत किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के अन्दर सूचित करें, अन्यथा सम्पत्ति पंजाब नैशनल बैंक में बंधक की जाऐगी, उस दशा में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

श्री एस०के० आर्य, चीफ मैनेजर
पी0एन0बी0 नई मण्डी मुजफ्फरनगर
मो०नं० 9756534236
प्रवीण कुमार शर्मा, एडवोकेट
चैम्बर नं0 D1-26/27 कलक्ट्रेट
कम्पाउण्ड मुजफ्फरनगर
मो०नं० 9897661075

# एस.डी. इंजीनियरिंग मिलन उत्सव





**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में होली के पावन अवसर पर विद्यार्थियों के लिए भव्य मिलन समारोह का आयोजन बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 210 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आनंददायक एवं यादगार रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे परिसर में रंग, उमंग एवं भाईचारे का वातावरण देखने को मिला। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों समूह नृत्य, एकल गायन, कविता पाठ एवं अभिनय ने सभी का मन मोह लिया। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए मिस्टर एवं मिस फ्रेशर तथा मिस्टर एवं मिस पॉपुलर का चयन किया गया। बी.टेक प्रथम वर्ष से मिस्टर फेशर प्रियंश त्यागी एवं मिस फ्रेशर शगुन वत्स रहीं, जबकि मिस्टर पॉपुलर गातुम धीमान एवं मिस पॉपुलर तनिष्का चुनी गईं। बी.ए. प्रथम वर्ष से मिस्टर फेशर गुरमीत एवं मिस फेशर अपना चुनी गईं। वहीं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए मिस्टर एवं मिस फेयरवेल का चयन किया गया। बी. टेक अंतिम वर्ष से मिस्टर फेयरवेल नितिन कुमार एवं मिस फेयरवेल ईशिता सिंघल रहीं। एमबीए से मिस्टर फेयरवेल अथर एवं मिस फेयरवेल कुलसूम चुनी गईं। यह कार्यक्रम नए विद्यार्थियों के स्वागत (आगमन) और अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की विदाई का भावनात्मक संगम रहा।

**खोया पाया सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मौजा ग्राम खेडकी परगना गोरधनपुर, तहसील मुजफ्फरनगर में स्थित भूमि से संबंधित एक पुराना बैनामा बही संख्या 1, जिल्द संख्या 5279, पृष्ठ संख्या 43-62, क्रमांक 194 दिनांक 07.01.2010 सब रजिस्ट्रार कार्यालय सदर प्रथम जिला मुजफ्फरनगर में विक्रेता दीपचन्द पुत्र फूल सिंह से क्रेता श्रीमती बबीता पत्नी मांगेराम के नाम दर्ज वास्तव में खो गया है। इसका प्रयोग अवैध होगा।

श्रीमती सुनहरी पत्नी मेघराज
ग्राम- धूमनपुरी, खेडकी, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।

वाद के निस्तारण हेतु प्रतिवादी की उपस्थिति के लिये समन
(आदेश 5 नियम 1 व 5)
**न्यायालय सिविल जज (सी0 डि0) मुजफ्फरनगर**

वाद नम्बर 735 सन 2025
राजधानी फ्लोरा आदि **बनाम** बोबिन्द्र कुमार आदि

**प्रेषित:-**
1. बोबिन्द्र कुमार सहरावत पुत्र श्री धर्मवीर सहरावत
2. शिवांश चौधरी उर्फ शिवनेश सहरावत पुत्र श्री बोबिन्द्र कुमार सहरावत निवासीगण म0नं0 185, काजीयानपुरी बुआडा रोड, खतौली, जिला मुजफ्फरनगर।... **प्रतिवादीगण**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित वादीगण ने आपके विरूद्ध वाद वास्ते मनी रिकवरी व निषेधाज्ञा योजित किया है। आपको इस न्यायालय में उक्त वाद में उपस्थित होने के लिये दिनांक 11.03.2026 दिन में 10:30 बजे नियत करके यह समन प्रेषित किया जाता है। आप नियत दिनांक को न्यायालय मे स्वंय या अपने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो सकते है जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपस्थिति के लियें जो उक्त तिथि नियत की गयी है वह इस वाद के अन्तिम निस्तारण के लिये भी नियत है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय मे उक्त वाद के निस्तारण के समय उपस्थित नहीं होगे तो उस दशा में उपरोक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जायेगा। आज दिनांक 28/1/26 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

आज्ञा से
सिविल जज (सी0 डि0)
मुजफ्फरनगर।

## गूंगे किशोर संग अप्राकृतिक कुकर्म करने वाला दबोचा

**बुढ़ाना।** बहला फुसलाकर ईंख के खेत में ले जाकर एक गूंगे किशोर संग जबरदस्ती अप्राकृतिक कुकर्म करने वाले अन्य किशोर को बुढ़ाना पुलिस ने 48 घंटे से पहले ही पकड़कर बाल सुधार ग्रह भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के गूंगे किशोर को बहला फुसलाकर एक अन्य किशोर ईंख के खेत में ले गया था और उसके साथ जबरदस्ती अप्राकृतिक कुकर्म कर चीख पुकार सुनकर मौके पर आए किशोर के परिजनों को हत्या की धमकी देकर भाग गया था। पुलिस ने शिकायत होने पर मामला दर्ज कर लिया था और पीड़ित बच्चे का मेडीकल कराकर फरार आरोपी की तलाश शुरु कर दी थी। बायवाला पुलिस चौकी इंचार्ज रणवीर सिंह ने सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाल सुभाष अत्री के नेतृत्व में अपने मातहत हेड कांस्टेबल सचिन कुमार और कांस्टेबल विकेश कुमार की मदद से आरोपी को चौकी के पास से गिरफ्तार कर बाल सुधार ग्रह भेज दिया।

## सपा नेता सत्येंद्र पाल ने होली मिलन समारोह किया आयोजित



**बुढ़ाना।** कल्पना चावला मेमो. रियल इण्टर कॉलेज शाहपुर के भव्य परिसर में बीती रविवार की देर शाम समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डाक्टर सत्येंद्र पाल के द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोगों ने भाग लिया। सपा सांसद हरेंद्र मलिक और कश्यप समाज की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप सहित कई हस्तियां समारोह में शामिल हुई। समारोह की शुरुआत पारंपरिक होली गीतों व अबीर गुलाल के संग हुई। लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। बच्चों व युवाओं ने सांस्ख्रतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल उत्साहपूर्ण बनाया। सांसद हरेंद्र मलिक ने होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये पर्व आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम व एकता का संदेश देता है। उन्होंने सब ग्रामीणों से सामाजिक सौहार्द बनाये रखने की अपील की। इस आयोजन की सबसे खास बात ये रही कि इसमें सैंकड़ों मुस्लिमों ने हिस्सेदारी कर रोजा इफ्तार कर सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की। यहां संजीव पाल सागड़ी, वरिष्ठ सपा नेता इकबाल कुरैशी, मांगेराम, जितेंद्र कश्यप, एक्टर ओम प्रकाश कश्यप, योगेश बालियान, समाज सेविका सीमा मेहरा, साहिब अंसारी, मुकेश कश्यप उर्फ नानू, रविंद्र पाल, अनेश कुमार और बुढ़ाना सपा विधानसभा अध्यक्ष अकरम खान पलडी समेत हजारों लोगों की भी मौजूदगी रही।

## होली चौक को दुल्हन की तरह सजाकर मनाई होली



**बुढ़ाना।** विभिन्न रंगों के त्यौहार होली के शुभ अवसर पर बुढ़ाना कस्बे के होली चौक पर स्थित मंदिर में महिला और पुरूष श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सोमवार को होली के दिन सुबह से ही आसपास के मौहल्लों से बड़ी संख्या में भक्त पूजाघ अर्चना के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। पुरुष, महिलाएं और बच्चों सहित सभी श्रद्धालुओं ने आरती, भजन कीर्तन और प्रसाद वितरण में सक्रिय रूप से भाग लिया। स्थानीय परंपरा के अनुसार श्रद्धालु पहले पूजा करते हैं और उसके बाद ही होली के रंगों के साथ त्योहार मनाते हैं। श्रद्धालुओं ने ईश्वर से अपने परिवार की खुशहाली, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। पूजा संपन्न होने के बाद घर लौटते समय लोगों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। एक श्रद्धालु ने बतलाया कि यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है। होली से पूर्व माता की पूजा करने से पूरे वर्ष शुभ फल प्राप्त होते हैं। यहां पर आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए मंदिर के संचालकों द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई थी। जिससे भीड़ प्रबंधन सुचारू रहा और सभी श्रद्धालु आसानी से पूजा अर्चना कर सके। इस धार्मिक और सांस्ख्रतिक आयोजन ने कस्बे मे होली के पर्व को और भी अधिक महत्वपूर्ण बना दिया और साथ ही स्थानीय परंपरा को भी बल मिला।

## महिलाओं ने पूजा अर्चना कर मनाया होली का त्यौहार



**मोरना।** सोमवार को क्षेत्र में होली का पर्व पारम्परिक रूप से मनाया गया। महिलाओं ने पुत्र की दीर्घायु के लिये होली की परिक्रमा कर विशेष पूजा अर्चना की तथा गुड़ आटा वस्त्र का दान किया। व कुल देवताओं का पूजन भी किया गया।

मोरना,भोपा,ककरौली क्षेत्र में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भोकरहेड़ी के मोहल्ला सुभाष चौक,नेहरू चौक, आधा गांव,कुवांपटी आदि में बड़ी संख्या मे महिलाओं ने होली का पूजन किया। भोपा में अथाई मार्ग पर विशाल होली बनाई गयी। महिलाओं ने पुत्र की दीर्घायु के लिये होली की परिक्रमा कर कच्चा सूत लपेटा व दूध जल के साथ गाय के गोबर से बने उपलों की माला अर्पित की।मोरना में जानसठ मार्ग पर भूमिया माता मंदिर परिसर में होली का पूजन हुआ।ककरौली,बेहड़ा सादात,चोरावाला में होली का पूजन किया गया। तीर्थ स्थल शुकतीर्थ में होली के पर्व को लेकर काफी उत्साह दिखाई पड़ा।श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा कर होली का पर्व मनाया।इस दौरान पुरोहितों को आटा,गुड़ व वस्त्र आदि का दान किया गया। महिलाओं ने होली पूजन में बैर, बताशे,दूध,जल पुष्प अर्पित किये। मोरना भोपा मार्ग स्थित ककराला प्राचीन जुडेश्वर महादेव मंदिर के बाहर स्थापित होली की पूजा करने आई महिला श्रुति चौधरी,सुधा, शशिबाला व भोकरहेड़ी निवासी मोनिका गोयल,गुंजन गर्ग, सोनिया गर्ग,पूजा चौधरी, दिव्या पंवार ने बताया की यह त्यौहार रंगो का है नशा व झगड़ा बिलकुल न किया जाये त्यौहार की पवित्रता को बनाये रखना सभी की जिम्मेदारी है। मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के 78 गांव मे 145 स्थानों पर होली स्थापित की गयी है। रात मे होली का दहन पारम्परिक रूप से विधि विधान के साथ किया जायेगा

# विद्यालय के सामने दरवाजा लगाने की पुलिस से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बालिकाओं के विद्यालय के मुख्य द्वार के सामने सतीश जैन द्वारा मकान का दरवाजा लगाने से परेशान शोभित सिंह ने नई मंडी पुलिस को तहरीर दी है। जिसमे बताया गया कि भागवन्ती सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालिज नयी मण्डी मुजफ्फरनगर 715 पटेल नगर में स्थित है जो कि पूर्णतया बालिकाओं का विद्यालय है जिसके दूसरी गली में प्रथम मकान सतीश जैन का है। बालिकाओं/अभिभावकों को परेशान करने की दृष्टि से पहले अपने मुख्य द्वार से हटकर तीन दरवाजे मैन रोड़ पर लगाये हैं। रविवार की रात्रि को एक दरवाजा विद्यालय के मुख्य द्वार के सामने सतीश जैन के द्वारा लगाया गया है



जिससे विद्यालय में बालिकाओं के आवागमन में असुविधा होगी। बालिकाओं की सुरक्षा की दृष्टि से इनके द्वारा लगाया गया दरवाजा अनुपयुक्त है। उनके पास एमडीए से भी नक्शा / अनुमति भी नही ली हैं उस पर उनका कोई भी अधिकार नहीं बनता है । अतः उक्त प्रकरण में कार्यवाही करते हुए उस दरवाजे को हटवाया जाय।

# पुरकाजी में समाजवादी नेता लोकेंद्र सिमर्थी का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** कस्बे में आगमन पर समाजवादी नेता लोकेंद्र सिमर्थी का कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अहंकार पर भक्ति की विजय के पावन प्रतीक पर्व होलिका दहन एवं रंगों के त्योहार होली की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देने वाला पर्व है। इस पुण्य अवसर पर हम सभी को अपने जीवन से नकारात्मकता, द्वेष और कुविचारों का दहन कर प्रेम, सौहार्द और सद्भाव का प्रकाश फैलाने का संकल्प लेना चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि समाज में आपसी एकता और सद्भाव ही वास्तविक शक्ति है, जो हर प्रकार के



अहंकार और बुराई पर विजय दिलाती है।इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजीव चौधरी सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आपसी मिलन एवं शुभकामनाओं का दौर भी चला।

# होली के त्यौहार पर बाजारों को सजाया

**मुजफ्फरनगर।** होली के पर्व को लेकर बाजारों में चारों ओर दुकानों को पिचकारियों से गुलाल से रंग से अलग-अलग आइटमों से सजाया गया है नगरवासी व बच्चे खरीदारी करने में लगे हुए हैं इस बार दुकानदारों का कहना है पिछले साल से ज्यादा लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है इस बार होली के गुलाल के सिलेंडर कॉकरोच मार्केट में नजर आ रहा है जिसकी काफी खरीदारी हो रही है जिस तरह फायर ब्रिगेड सिलेंडर द्वारा आग पर काबू पाते हैं इस तरह इस सिलेंडर से गुलाल की बौछार निकलेगी साथी होली के पटाखे भी मार्केट में मिल रहे हैं जिसमें आग लगाने के बाद केवल गुलाल ही निकलेगा उसे बच्चों को कोई खतरा नहीं है दुकानदार ललित पिचकारी वालों ने बताया पिछले साल के मुकाबले इस बार कई प्रकार के आइटम नए आए हैं गुलाल के सिलेंडर का मार्केट में काफी क्रश चल रहा है और पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष होली का उत्साह लोगों में ज्यादा दिखाई दे रहा है।

# दबंगों ने किसान को मारपीट कर किया घायल

**बुढ़ाना।** अपने खेत से शुगर मिल में गन्ना लेकर जा रहे एक किसान को गांव के ही दो सगे भाइयों ने दबंगता दिखाते हुए रास्ते में रोककर लाठी और डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया और फरार हो गये। किसान के एक हाथ में फैक्चर आ गया। पीड़ित ने बुढ़ाना कोतवाली पहुंचकर दोनों दबंगों के विरुद्ध एक तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। उधर बुढाना पुलिस ने घायल किसान को बुढ़ाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर मेडिकल परीक्षण कराते हुए दोनों दबंग भाइयों की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव हरियाखेड़ा निवासी किसान कमल कश्यप उर्फ कल्लू सोमवार को अपने खेत से वाहन में गन्ना लादकर बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल भसाना में गन्ना डालने के लिए जा रहा था। तब बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में रास्ते में ही उसके ही गांव के दो भाईयों ठाकुर उत्तम उर्फ सोनू और मोनू पुत्रगण यशपाल सिंह ने रोक लिया और अकारण ही कमल को अपने साथ लाए डंडे और लाठी से मारपीट कर घायल कर दिया। आसपास के लोगों को मौके पर आते देख दोनों दबंग कमल कश्यप को हत्या की धमकी देकर फरार हो गये। इस घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परासौली पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने घायल किसान को सीएचसी में भर्ती कराते हुए घायल किसान से घटना की जानकारी लेते हुए दोनो दबंग भाइयों की तलाश शुरु कर दी। पीड़ित ने पुलिस को दोनों आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दे दी है। घायल किसान कमल के हाथ में फेक्चर आना बताया गया है।

## भाजपा नेता ने कराया होली मिलन समारोह

**चरथावल।** नगर पंचायत के सभासद व भाजपा मंडल महामंत्री अंकित गोयल के यहां होली मिलन समारोह आयोजित किया गया होली मिलन समारोह मे जहाँ एक दूसरे को होली की शुभकामनायें दी वही देश की समृद्धि के लिए भी वक्ताओ ने बात कही होली मिलन समारोह मे सुधीर सिंहल पूर्व चेयरमेन, अभिषेक बंशल प्रमुख समाजसेवी, बिल्लू मेंबर, मिथुन त्यागी, मंडल अध्यक्ष भोपाल पाल, अनुपम गर्ग, अंकेश गोयल, विपिन त्यागी जिला पंचायत सदस्य, अनुज मेंबर सहित अनेको मौजूद रहे और होली मिलन समारोह का भरपूर आनंद लिया।

## ईरान में फंसे मौलाना के लिए की जा रही दुआएं

**मोरना।** ईरान व इजराइल अमेरिका युद्ध के दौरान क्षेत्र के अनेक व्यक्ति जहां खाड़ी देशो मे हैं जिनके परिजन वहां के हालात को लेकर परेशान हैं वहीं ईरान मे फंसे तिस्सा के मौलाना की खैरियत के लिए दुआएं की जा रही हैं। भोपा थाना क्षेत्र के गांव तिस्सा निवासी जावेद जैदी ने बताया की गांव निवासी मौलाना फातेह अली जैदी ईरान के शहर मसद मे हैं। युद्ध के हालात के चलते उनके लिए तथा सभी की खैरियत के लिए अमन शान्ति की दुआ की जा रही है। गांव के ही आमिर जैदी, तालिब अली जैदी,जव्वाद जैदी,आमिर अब्बास, कलबे हैदर आदि ईरान से निकल कर कुवैत में पहुंचे हैं। कुछ अन्य व्यक्ति भी इसी प्रकार वहां मौजूद हैं। जिनके परिजन मौजूदा घटनाक्रम को लेकर चिंतित हैं। वहीं जौली पूर्व प्रधान शाहरजा नकवी ने बताया कि मौलाना जावेद आब्दी ईरान में थे जो अब इराक पहुंच गये हैं। ईरान युद्ध को लेकर अमन शान्ति की दुआ की जा रही है। वहीं बेहड़ा सादात निवासी मौलाना सलीम जैदी जो ईरान के शहर तहरान मे निवास कर रहे थे अब इराक पहुंच गये हैं। इसके अलावा अन्य गांव से व्यक्ति खाड़ी के देशो मे हैं। युद्ध के हालात को लेकर परिजन चिंतित हैं व लगातार मोबाइल फोन पर अपनों से सम्पर्क साध रहे हैं।

## सौहार्द के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन

**मीरापुर।** प्रतिष्ठित समाजसेवी शकील अहमद फरीदी और उनके भाई वकील फरीदी द्वारा पवित्र माह रमजान के अवसर पर एक भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। यह आयोजन मीरापुर बस अड्डे पर स्थित एक सुसज्जित बैंकट हॉल में संपन्न हुआ, जहां कस्बे और आसपास के सैकड़ों रोजेदार और गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में इफ्तार के लिए खजूर, फल, शरबत और विभिन्न व्यंजनों की विशेष व्यवस्था की गई थी। अजान होते ही सभी ने सामूहिक रूप से रोजा खोला और देश-दुनिया में अमन, शांति, भाईचारे और तरक्की के लिए हाथ उठाकर दुआ की। इस अवसर पर सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक वर्ग के अनेक प्रमुख लोग मौजूद रहे, जिससे आपसी एकता और सौहार्द का सुंदर संदेश प्रसारित हुआ। मेजबानों ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए रमजान की फजीलत और इंसानियत, सब्र व सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और दिलों की दूरियां मिटाने का माध्यम बनते हैं। पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा, प्रेम और भाईचारे से सराबोर नजर आया।

## महिलाओं ने परंपरागत रीति से किया होलिका पूजन

**मीरापुर।** क्षेत्र में परंपरागत उत्साह और श्रद्धा के साथ होली का पर्व मनाया गया। कस्बे में महिलाओं ने विधि-विधान से होलिका पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। छोटे बच्चों को उपहार वितरित कर उन्हें पर्व के महत्व के बारे में बताया गया, जिससे उनमें भी उत्साह देखने को मिला।

बैंड-बाजों और ढोल की धुन पर श्रद्धालु होलिका स्थल तक पहुंचे और पूरे विधि-विधान से पूजन किया। परिवारों के साथ आए बच्चों में विशेष उत्साह नजर आया। महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाते हुए पूजा-अर्चना की और सुख-शांति की प्रार्थना की। रात्रि में होलिका पूजन के उपरांत होलिका दहन किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कस्बे के सभी होलिका दहन स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस प्रशासन पूरे दिन क्षेत्र में सक्रिय रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। 3 मार्च को चंद्रग्रण होने के कारण रंगो का पर्व 4 मार्च को मनाया जायेगा। होली के अवसर पर सभी परिवारो ने मंदिरो व मठो पर बनाये गये देवताओं की पूजा कर ब्राहमणो को वस्त्र, मिष्ठान व धन आदि दान किया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय कैंप का समापन

**चरथावल।** नगर के प्रतिष्ठित संस्थान चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज मे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष कैंप के सातवें दिन महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का अलग-अलग स्थान पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रथम इकाई नगला राई एवं द्वितीय इकाई चरथावल देहात में अपने कार्यक्रमों के अनुसार कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा लोगों को सामाजिक कुरीतियों से संबंधित उन्हें समाप्त करने का आह्वान किया गया। आज सातवें दिन राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष कैंप का समापन किया गया। जिसमें महाविद्यालय सचिव राकेश वशिष्ठ एवं डॉ सविता वशिष्ठ प्रवक्ता जैन कन्या महाविद्यालय मुजफ्फरनगर ने मुख्य अतिथि के रूप में भूमिका निभाई। महाविद्यालय प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ गुलाब सिंह एवं सुमित कुमार नागयान ने सभी स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उपस्थित सुनील कुमार ,तरबिया, कशिश, पूजा ,दीपाली,कार्यालय अधीक्षक सुखपाल सिंह , विनीत कुमार , तरसपाल आदि का सहयोग रह।

# व्यापार मंडल ने किया होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

**मुजफ्फरनगर।** सदर बाजार इकाई व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल के द्वारा सदर बाजार मै होली मिलन समारोह आयोजित किया गया गया।

जिला महामंत्री जनार्दन विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज आज सदर बाजार इकाई के द्वारा शलभ गुप्ता जिलाध्यक्ष जी की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसका संचालन दीपक मित्तल सर्राफ ओर आकाश अग्रवाल के द्वारा किया गया।

होली मिलन समारोह मै मुख्य अतिथि प्रेस क्लब ओर इंडिया के सदस्य अंकुर दुआ,बार संघ अध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट,बार संघ महामंत्री सुरेन्द्र मालिक एडवोकेट,वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप रहे विशिष्ट अतिथि संयुक्त व्यापार संघर्ष समिति से कृष्ण गोपाल मित्तल,संजय मिश्रा,सुनील तायल, सरवट मंडल अध्यक्ष नन्द किशोर पाल जी रहे। सर्वप्रथम शलभ गुप्ता ,आकाश अग्रवाल,देवेश गर्ग के द्वारा आए हुए अतिथियों को पटका,टोपी ओर गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

गौरव स्वरूप ओर ने कहा कि होली आपसी द्वेष भाव को भुलाने का त्यौहार है सब लोग आपसी सद्भाव से त्यौहार बनाए ओर सफाई व्यवस्था में नगर पालिका का सहयोग करे। प्रमोद त्यागी और सुरेंद्र मालिक ने कहा कि होली तो पहले जमाने में होती थी जब ग्ढ्ढे खोदकर कीचड़ में सराबोर होकर होली खेला करते थे। होली मिलन समारोह के आयोजक शलभ गुप्ता, दीपक मित्तल,जनार्दन विश्वकर्मा, आकाश अग्रवाल,देवेश गर्ग,हर्षित गर्ग,अंकुर गोयल द्वारा जो ये शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम ओर अघोरी के शमशान डांस किया गया रुड़की से आई कार्यक्रम मै राधा कृष्ण ओर होली की शानदार भजनों पर झांकी निकलने वाली तथा अघोरी टीम के शानदार कार्यक्रम की बधाई देता हूँ। मुख्य रूप से शलभ गुप्ता,जनार्दन विश्वकर्मा ,दीपक मित्तल सर्राफ, जोली मित्तल सर्राफ, मोंटी सर्राफ,आकाश अग्रवाल, अक्षित अग्रवाल, देवेश गर्ग, अंकुर गोयल, रजनीश बंसल, रमित गुप्ता,संजू भाई, अमरीश कुमार, हरेंद्र कुमार,संदीप जैन, अतुल सिंघल, विजय बाटा, सोनिया सिंहल, मनोज गुप्ता,रॉबिन संगल,जयकुमार अरोरा,अंकुर जैन, परवीन तायल,नितिन तायल,सर्वेश तायल, विभु,प्रदीप कुमार,वैभव त्यागी,विनीत धीमान,अमित शील, सोनू सरवट,दीपक गंभीर,योगेश धीमान ,बबलू धीमान,राजेश भाटिया, अमित धीमान,विपिन गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद गर्ग,शिवकुमार सिंघल,अतुल कुमार,मनीष कुमार, कानपुर लेदर ,अमित गुप्ता,योगेन्द्र नारायण,तरुण शर्मा,अनुज मित्तल ,सचिन धीमान,अनमोल,विषय कश्यप,अमित सूद,शोभित गुप्ता मेंबर, आकाश अग्रवाल विजय प्रताप,आदि सैकड़ों व्यापारी बंधु मौजूद रहे।



खतौली: वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करती स्वयंसेविकाएं।

# वृक्षारोपण और जागरूकता संदेशों के साथ एनएसएस शिविर का समापन

■ ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए किया प्रेरित

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** विद्योत्तमा कन्या महाविद्यालय गंगधाडी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों द्वारा ग्राम गंगधाडी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का रविवार को उत्साहपूर्ण और गरिमामय माहौल में समापन हुआ। अंतिम दिन स्वयंसेविकाओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए गांव में वृक्षारोपण किया और ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक संजीव कुमार शर्मा और ग्राम प्रधान सुनील कुमार ने भी पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया।

स्वयंसेविकाओं ने ग्रामीणों को बताया कि पेड़ न केवल शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समापन सत्र में प्राचार्य एवं एनएसएस अधिकारी डॉ. कविता वर्मा ने टीबी, मलेरिया और डेंगू जैसी संक्रामक बीमारियों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीबी बैक्टीरिया से फैलती है, जबकि डेंगू और मलेरिया मच्छरों के कारण होते हैं। इन बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता बनाए रखना और पानी जमा न होने देना बेहद जरूरी है।

एनएसएस अधिकारी सुलक्षणा आर्य ने संतुलित आहार के महत्व और विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी साझा की। शिविर के सफल संचालन में महाविद्यालय की सभी प्रवक्ताओं और कर्मचारियों का सहयोग रहा। समापन अवसर पर स्वयंसेविकाओं में समाज सेवा के प्रति विशेष उत्साह दिखाई दिया और उन्होंने भविष्य में भी सेवा कार्यों में सक्रिय रहने का संकल्प लिया।

# 88 स्थानों पर आस्था की ज्योति जली, रक्षासूत्र बांध महिलाओं ने किया होलिका पूजन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर एवं देहात क्षेत्र में रविवार को होलिका पूजन श्रद्धा, परंपरा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। क्षेत्र के 88 स्थानों-होली चौक, सैनी नगर तथा विभिन्न मोहल्लों और गांवोंख्रमें महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में एकत्र होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजन के दौरान महिलाओं ने गोबर से बने बरदुल्ला, रोली, चावल, गुड़, दूध और फल अर्पित किए। रक्षासूत्र बांधकर परिवार की सुख-समृद्धि तथा बच्चों की दीर्घायु की कामना की गई। कई महिलाओं ने दिनभर व्रत रखा और होलिका दहन के बाद ही उपवास खोला।

रात्रि लगभग आठ बजे मंत्रोच्चार के बीच होलिका दहन किया गया। अग्नि की लपटों के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठा। दहन के पश्चात अग्नि में चना-बूट और नारियल भूनकर प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। नगर के साथ ही उपनगरीय और



ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही।

नगाड़ों की थाप पर युवाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। होलिका दहन के साथ ही रंगोत्सव का आगाज़ हो गया। सोमवार और मंगलवार को रंगों का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित कर आपसी सौहार्द और एकता का संदेश दिया जा रहा है। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से प्रमुख स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। होलिका दहन स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहा और शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी गई।

# वेदों के सिद्धांत अपनाने से ही संभव है विश्व शांति : अमित कुमार शास्त्री

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** आर्य समाज शिवपुरी के तत्वावधान में आयोजित होली उत्सव की प्रथम सभा वैदिक संदेशों से ओत-प्रोत रही। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अमित कुमार शास्त्री (सहारनपुर) ने कहा कि मानव मात्र यदि वेदों के मार्ग पर लौट आए, तो विश्व में स्थायी शांति की स्थापना संभव है। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने भी समाज सुधार और विश्व कल्याण के लिए 'वेदों की ओर लौटो' का आह्वान किया था।

अमित कुमार शास्त्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को जीवन को यज्ञमय बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यज्ञ केवल सामग्री से ही नहीं, बल्कि श्रद्धा, आस्था और संकल्प से भी किया जा सकता है। यदि किसी कारणवश घी, दूध, औषधि या समिधा उपलब्ध न हो, तो भी व्यक्ति मंत्रों का स्मरण कर भावपूर्वक 'स्वाहा' उच्चारण करते हुए यज्ञ का पुण्य अर्जित कर सकता है। उन्होंने माता-पिता की सेवा को जीवन का सर्वोच्च धर्म बताते हुए उसे सच्चे यज्ञ के समान बताया।सभा को संबोधित करते हुए आचार्य कंवरपाल शास्त्री ने कहा कि होली का पर्व सृष्टि के आदि काल से नव अन्न के आगमन के उपलक्ष्य में यज्ञ रूप में मनाया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि प्रहलाद और होलिका की कथा बाद में प्रचलित हुई, जबकि मूल स्वरूप वैदिक परंपरा से जुड़ा है।

कार्यक्रम में भजन उपदेशक मोहित शास्त्री (बिजनौर) ने भावपूर्ण भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ह्हीरा जन्म मिला तो व्यर्थ गंवाया जैसे भजन ने श्रोताओं को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित किया। महाशय जगमाल आर्य एवं सुरेंद्र आर्य ने भी अपने भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर किया। राजेंद्र विश्वकर्मा के आवास पर आयोजित यज्ञ में गोपालकृष्ण पत्नी सहित यजमान रहे। पुरोहित रामदेव शास्त्री और अजेश आर्य ने विधि-विधान से हवन संपन्न कराया। कार्यक्रम में शोभाराम आर्य, चौधरी सुरेंद्र सिंह आर्य, महेश आनंद आर्य, सतीश ;षिपाल आर्य, जगदीश प्रधान, धीरेंद्र आर्य, जयपाल सिंह, देवेंद्र टिटोड़ा, भगवान सिंह, सुशील आर्य, सुनील आर्य, राजकुमार, शशिपाल, लाला बुद्धसिंह, पूरन सिंह आर्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन ने किया होली मिलन समारोह

**मुजफ्फरनगर।** राष्टीय हिन्दू शक्ति संगठन द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कपिल देव अग्रवा राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार व वरिष्ठ अतिथि अरविंद भारद्वाज डॉ महेंद्र कुमार तनेजा वरिष्ठ सर्जन नाक कान गला रोग, डॉ राकेश जी नाक कान गला रोग विशेषक प्रमोद जैन जी वरिष्ठ समाज सेवी व सरिता शर्मा अरोड़ा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया। गणेश वंदना के पश्चात अतिथियों का माला अर्पण कर वह पगड़ी पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए कपिल देव अग्रवाल राज्य मंत्री ने कहा कि होली का पर्व भाईचारा व सद्भावना वे प्रेम का प्रतीक है क्योंकि होली हमें आपस में मतभेद भुला कर प्रेम का संदेश देती है अन्याय पर विजय का प्रतीक है।इस अवसर पर सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर डॉ एमके तनेजा जी ने कहा कि हमें होली का पर्व बड़े उत्साह वी प्रेम से मनाना चाहिए क्योंकि होली रंगों का त्यौहार है जो हमें आपस में प्रेम से रहना सिखाती है। डॉ राकेश व प्रमोद जैन ने कहा सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें



होली जैसे पर्व हमें अवश्य मनाने चाहिए क्योंकि इस तरह के पर्व में जाती पाती वह छोटे बड़े का अंतर नहीं होता हैं सरिता शर्मा अरोड़ा ने सभी को होली का महत्व बताते हुए कहा कि आज के समय में होली का विशेष महत्व है क्यों कि होली में हमे भारतीय संस्कृति की झलक मिलती है। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजक संजय अरोड़ा ने सभी अतिथियों व सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम में आने पर धन्यवाद दिया कार्यक्रम के अंत में गुलाल व फूलों की होली आपस में बड़ी धूम धाम से मनाई गई कार्यक्रम में जल पान की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय अरोड़ा, सरिता शर्मा, अरोड़ा प्रवीण जैन, राजीव कुमार बंसल, संजय गोस्वामी, सरिता सिंगल, अंकित पाल, कन्हैया शर्मा, विकास गोयल,पुनीत जैन, गीता ठाकुर, लक्ष्मी, चित्रा तायल, पूनम अरोड़ा, रवीना अरोड़ा, वंश अरोड़ा ईशा, अंकित अरोड़ा, विजय आचार्य सुरेंद्र पाल मौजूद रहे।

# खतौली में ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत पर उबाल



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के निधन की खबर के बाद सोमवार को खतौली में शिया समुदाय के लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर अमेरिका और इजरायल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे इसमें शामिल हुए।

रविवार सुबह जैसे ही खामेनेई के निधन की सूचना फैली, शिया समुदाय में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया था। सोमवार शाम कस्बे के जैननगर स्थित इमामबाड़ा से कैंडल मार्च शुरू हुआ, जो बड़ा बाहर, सराय गाड़ी और जीटी रोड से होता हुआ जानसठ तिराहे तक पहुंचा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इजरायल के विरोध में नारेबाजी की तथा खामेनेई को श्रद्धांजलि अर्पित की।प्रदर्शन के दौरान लोगों के हाथों में खामेनेई की तस्वीरें और मोमबत्तियां थीं। शिया धर्मगुरुओं ने इसे वैश्विक साजिश करार देते हुए कहा कि उनकी मौत बेकार नहीं जाएगी। साथ ही समुदाय से संयम बनाए रखने की अपील भी की। कुछ वक्ताओं ने कहा कि खामेनेई अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते रहे और शहादत की कामना करते थे। उन्होंने कहा, ह्शहीद कभी मरते नहीं, बल्कि जिंदा रहते हैं।स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा कि माहौल बिगाड़ने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी।

## एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज ग्राम सहावली में द्वितीय एक दिवसीय जागरूकता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों, विशेष रूप से टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक करना था। शिविर का आयोजन सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना तथा ग्रामीण स्वास्थ्य स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यूनिसेफ की जिला कोऑर्डिनेटर श्रीमती तरन्नुम उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में टीकाकरण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि समय पर टीकाकरण बच्चों एवं समुदाय को कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जागरूक समाज ही स्वस्थ समाज की नींव रखता है, इसलिए प्रत्येक अभिभावक और परिवार का यह दायित्व है कि वे अपने बच्चों एवं पात्र सदस्यों का नियमित टीकाकरण सुनिश्चित करें।

# दि गुड़ खांडसारी कार्यालय पर हुआ होली मिलन समारोह



**मुजफ्फरनगर।** एशिया की प्रसिद्ध गुड मंडी में दी गुड़ खाण्डसारी एंड ग्रेन मर्चेंट एसो. द्वारा एसो. के कार्यालय पर होली मिलन का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एसो. के अध्यक्ष संजय मित्तल, मंत्री हरिशंकर तायल ने अपनी पूरी कमेटी के साथ कार्यक्रम में आए अतिथि राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, सुरेंद्र बंसल श्याम सिंह सैनी राजेश गोयल अंकित गर्ग विवेक गर्ग संदीप संगल अनुज सिंगल राजेंद्र सिंघल महेश चौहान मनोज गोयल विजय कुमार सुरेश चंद रविंद्र कुमार चंद्रजीत राठी अमरीश कुमार जगदीश पांचाल, सरदार सुखविंदर सिंह, प्रमोद मित्तल अंकुर कुमार सहित उपस्थित सभी व्यापारियों का तिलक लगाकर व फूलों की होली खेल कर स्वागत किया

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# होली पर मासूम से हुआ अमानवीय व्यवहार ,बना चर्चा

## बर्तनों पर गिरे पानी के रंग को बच्चे की शर्ट उतरवाकर कराया साफ

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। होली का पर्व जहां प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश देता है, वहीं इसी पावन दिन के बड़ा बाजार, लाख वालों का घेर के पास एक ऐसी घटना सामने आई जिसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया। जिस दिन बच्चों की शरारतों को मुस्कुराकर माफ कर दिया जाता है, उसी दिन एक मासूम के साथ किया गया अमानवीय व्यवहार पूरे समाज के लिए सवाल खड़ा कर गया है।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, होली खेल रहे कुछ बच्चों से अनजाने में दुकान के बाहर पन्नी में रखे एल्यूमिनियम के बर्तनों पर रंग मिला पानी गिर गया। त्योहार के दिन ऐसी छोटी-मोटी घटनाएं आम बात होती हैं। आमतौर पर बड़े लोग बच्चों को प्यार से समझाकर बात खत्म कर देते हैं। लेकिन यहां दुकान मालिक और उसका बेटा आपा खो बैठे और उन्होंने संवेदनशीलता की सारी सीमाएं पार कर दीं। आरोप है कि दोनों ने एक नाबालिग बच्चे को पकड़ लिया और उसके साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। इतना ही नहीं, बच्चे की शर्ट तक उतरवा दी गई और उसी शर्ट से बर्तन साफ करवाए गए। मासूम बच्चा लगातार रोता रहा, माफी मांगता रहा, लेकिन बाप-बेटे का दिल नहीं पसीजा। जब तक सारे बर्तन पूरी तरह सापफ नहीं हुए, तब तक उसे वहां से जाने नहीं दिया गया। यह केवल डांट-फटकार का मामला नहीं था, बल्कि सार्वजनिक रूप से एक बच्चे की गरिमा को ठेस पहुंचाने की घटना थी। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह सब खुले बाजार में हुआ। लोग मौजूद थे, कुछ ने देखा भी, लेकिन बहुत कम लोगों ने हस्तक्षेप किया। क्या हम एक ऐसे समाज की ओर बढ़ रहे हैं जहां एक बच्चे का अपमान भी हमें झकझोर नहीं पाता? क्या कुछ बर्तनों पर पड़े रंग के छींटों की कीमत एक मासूम की इज्जत से ज्यादा हो गई है? होली का त्योहार क्षमा, मेल-मिलाप और पुराने गिले-शिकवे भुलाने का अवसर देता है। लेकिन इस घटना ने यह दिखा दिया कि कुछ लोग त्योहार की भावना को समझने में पूरी तरह असफल हैं। एक तरपफ बच्चे रंगों में खुशियां तलाश रहे थे, दूसरी तरपफ उसी रंग ने एक मासूम की आंखों में आंसू भर दिए। कानूनी दृष्टि से भी यह मामला गंभीर है। किसी नाबालिग के साथ गाली-गलौच करना, सार्वजनिक रूप से अपमानित करना और जबरन काम करवाना स्पष्ट रूप से दंडनीय अपराध की श्रेणी में आ सकता है। यदि पीड़ित पक्ष शिकायत करता है, तो संबंधित धाराओं में कार्रवाई संभव है। प्रशासन को चाहिए कि वह स्वतः संज्ञान लेकर मामले की जांच कराए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति अपनी छोटी सी क्षति के बदले किसी बच्चे की अस्मिता से खिलवाड़ करने की हिम्मत न करे। यह घटना केवल एक परिवार का मामला नहीं है, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी है। यदि आज हम चुप रहे, तो कल किसी और बच्चे के साथ भी ऐसा व्यवहार हो सकता है। बाजार जैसे सार्वजनिक स्थान पर हुई इस घटना ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सामाजिक जिम्मेदारी पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। व्यापार केवल लाभ कमाने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज का हिस्सा होने की जिम्मेदारी भी है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर रोष देखा जा रहा है। कई लोगों का कहना है कि त्योहार के दिन इस तरह का व्यवहार अस्वीकार्य है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। बच्चों की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि है। उन्हें डर और अपमान का नहीं, बल्कि प्रेम और संरक्षण का वातावरण मिलना चाहिए। होली का असली संदेश यही है कि हम अपने भीतर के अहंकार और क्रोध की होलिका जलाएं। लेकिन बड़ा बाजार की यह घटना बताती है कि कुछ लोगों के भीतर का अहंकार अभी भी जीवित है। एक रोते हुए बच्चे की छवि समाज के लिए आईना है। यह तय हमें करना है कि हम ऐसे व्यवहार को सामान्य मानकर चुप रहें या इसके खिलापफ आवाज उठाएं। अब समय आ गया है कि प्रशासन, समाज और अभिभावक मिलकर यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में किसी भी बच्चे के साथ इस प्रकार का अपमानजनक व्यवहार न हो।

दोषियों पर कड़ी कार्रवाई ही इस बात का संदेश दे सकती है कि कानून और समाज दोनों बच्चों की गरिमा के साथ खड़े हैं। तभी होली सच मायनों में रंगों और खुशियों का त्योहार बन सकेगी।

## जनऔषधि केंद्रों पर स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन


**मेरठ।** सोमवार को मेरठ के वैस्टर्न कचहरी रोड एनएएस कॉलेज के पास तथा लालकुर्ती में स्थित प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महिलाओं के रक्त शर्करा, रक्तचाप और संपूर्ण रक्त गणना की जांच की गई। दोनों जगह कुल 100 लोगों की जांच डॉक्टरों द्वारा की गई। इस दौरान केंद्र के स्वामी औचित्य शर्मा, नवाजिश, लवली रखेजा, परियोजना प्रबंधक गौतम कपूर और डॉ. जमाल सिद्दीकी शिविर में उपस्थित थे। इस स्वास्थ्य शिविर से लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय रहते आवश्यक कदम उठाने में मदद मिली।

# आत्मकल्याण का प्रतीक जैन धर्म:प्रतीक सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर की जैन धर्मशाला में आयोजित धार्मिक शिविर के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुनि प्रतीक सागर मुनिराज ने जैन धर्म में मंदिर, दर्शन और तीर्थों के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में मंदिर केवल एक भवन नहीं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना और आत्मकल्याण का प्रतीक है।

मुनिश्री ने बताया कि मंदिर को समोसरन का प्रतीक माना गया है, जहां तीर्थंकर भगवान सम्यक ज्ञान का उपदेश देते हैं। इसलिए जब भी कोई भक्त मंदिर में प्रवेश करे, उसे यह भाव रखना चाहिए कि वह समोसरन में उपस्थित होकर आत्मकल्याण का अवसर प्राप्त कर रहा है। उन्होंने भगवान के दर्शन की विधि बताते हुए कहा कि दर्शन करते समय पहले बिना पलक झपकाए भगवान के चरण कमल, फिर नाभि कमल, हृदय कमल, मुख कमल और अंत में संपूर्ण दिव्य स्वरूप का अवलोकन करना चाहिए। इसके पश्चात आंखें बंद कर उनके शांत, वीतराग स्वरूप का मनन-चिंतन करना चाहिए। इससे मन एकाग्र होता है और भक्ति गहन बनती है। मुनिश्री ने पंच परमेष्ठी एवं चौबीस तीर्थंकरों के नाम स्मरण को नाम मंगल बताते हुए कहा कि उनका उच्चारण सदैव विनयपूर्वक, हाथ जोड़कर और श्रद्धा भाव से करना चाहिए। द्रव्य मंगल के अंतर्गत उनके शरीर एवं उपयोग की वस्तुओं को अत्यंत पवित्र बताया गया है। उन्होंने कहा कि मुनिराज को अपने पहने हुए वस्त्रों से नहीं पोंछना चाहिए, उनके वस्त्र अलग से धोने चाहिए तथा भगवान की प्रतिमा के अभिषेक के समय पूर्ण पवित्रता और सावधानी रखनी चाहिए।



जिस आसन पर गुरु महाराज विराजमान हों, उस पर अन्य किसी को नहीं बैठना चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि ऐसे पवित्र स्थलों पर की गई भक्ति और सेवा आत्मा के कल्याण का सशक्त माध्यम बनती है।

## सत्यनारायण में मनाया होली महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** श्रीराम सेवा समिति द्वारा देर रात्रि नगर के रेलवे रोड स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में होली महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बाहर से आये कलाकारों द्वारा फूलों की होली खिलाई। समिति के पदाधिकारियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और उपहार भेट किए।

गत रविवार देर शाम नगर के श्री सत्यनारायण मंदिर दासी वाला में श्रीराम सेवा समिति द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ पूजन से हुआ, जिसके यजमान रामतीर्थ गोयल द्वारा पूजन संपन्न कराया। ऊन से पधारे भजन सम्राट अहम मित्तल ने सुंदर भजन प्रस्तुत किए और श्रद्धालुओं को फूलों की होली खिलाई। होली के भजनों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखाई दिये। संस्था के पदाधिकारियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और होली पर्व की शुभकामनाऐं दी। अंत में महाआरती की गई, जिसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर अमित गोयल, नंदकिशोर, रामकिशोर, सचिन मित्तल, रितेश, रामतीर्थ गोयल, विवेक जैन, रितेश मित्तल, योगेश मित्तल, मोनू संगल, कमलकांत, राघव जैन, पूनम आदि मौजूद रहे।

# जनपद में सुरक्षा के मद्देनजर एसपी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** होलिका दहन के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक द्वारा रविवार को थाना कोतवाली शामली एवं थाना आदर्शमंडी व कैराना कोतवाली क्षेत्र में पुलिस बल के साथ सघन पैदल मार्च किया गया। मार्च का उद्देश्य जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना तथा होली पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपंन कराना रहा।



पुलिस अधीक्षक ने मुख्य बाजारों, संवेदनशील स्थानों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों का भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों व गणमान्य लोगों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने सभी से होलिका दहन और होली का पर्व आपसी भाईचारे व पारंपरिक उत्साह के साथ मनाने की अपील की। साथ ही अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित न करने की चेतावनी भी दी। एसपी ने डयूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान पूर्ण सतर्कता बरतें, संवेदनशील क्षेत्रें में विशेष निगरानी रखें और आमजन से विनम्र व्यवहार बनाए रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। मार्च के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक सचिन शर्मा, महिला थाना प्रभारी मोनिका चौहान सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। क्षेत्र में पुलिस की सक्रिय उपस्थिति से लोगों में सुरक्षा और बिवास का माहौल देखने को मिला। कैराना संवाददाता के अनुसार आगामी त्योहारों को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपंन कराने के उद्देश्य से जनपद पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ कर दी है। सोमवार को एसपी एनपी सिंह द्वारा थाना कैराना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ सघन पैदल मार्च किया गया। पैदल मार्च का उद्देश्य जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना, आमजन में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करना तथा होलिका दहन एवं होली पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना रहा। इस दौरान एसपी ने मुख्य बाजारों, संवेदनशील स्थलों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों एवं प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों से संवाद स्थापित कर अपील की कि होलिका दहन एवं होली पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास, आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने लोगों को विशेष रूप से आगाह किया कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने से बचें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील भी की गई। एसपी ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान पूर्ण सतर्कता और मुस्तैदी बरती जाए। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा आमजन के साथ विनम्र व्यवहार बनाए रखा जाए। इस अवसर पर एएसपी सुमित शुक्ला, सीओ कैराना हेमन्त कुमार, कोतवाली प्रभारी समयपाल अत्री मौजूद रहे।

## संस्कृति के रंग, सम्मान के संग' से सराबोर हुआ मोनाड विश्वविद्यालय परिसर

**हापुड़।** मोनाड विश्वविद्यालय परिसर में 'संस्कृति के रंग, सम्मान के संग' थीम पर आयोजित भव्य होली मिलन समारोह ने सामाजिक समरसता और भाईचारे का सशक्त संदेश दिया। समारोह में हापुड़, पिलखुवा, सिम्भावली एवं आसपास के क्षेत्रों से सौ से अधिक ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधानों एवं विश्वविद्यालय के उच्च अधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कुलपति डा. एम. जावेद ने सभी अतिथियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने विश्वविद्यालय और ग्राम पंचायतों के बीच समन्वय को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक बताया। समारोह का आयोजन प्रो. योगेश पाल सिंह और डीन एकेडमिक्स डा. ऋचा यादव के निर्देशन में किया गया। मंच संचालन डा. सुशील कुमार ने प्रभावी ढंग से किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह में रंग भर दिए। बीएफए की छात्रा रश्मि सैनी ने 'गोकुल की गलियों में धूम मची आज, बोलो कृष्ण मुरारी की जय' गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं छात्रा आरती ने 'होली के दिन दिल खिल जाते हैं' और 'आज न छोड़ेंगे तोहे, खेलेंगे हम होली' गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। सभी प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहवर्धन किया। ग्राम कस्तला के प्रधान सुभाष तोमर ने प्रहलाद और होलिका प्रसंग का उल्लेख करते हुए बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। अहमदपुर नया गांव के प्रधान रविंदर ने थीम की सराहना की।

# ओवरलोड गन्ना ट्रकों से रोज टूट रही हाईटेंशन लाइन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे के बाइपास खेड़की रोड पर बिलाल मस्जिद के सामने ओवरलोड गन्ने से भरे ऊंची हाइट के ट्रक रोजाना हाईटेंशन विद्युत लाइन को तोड़ रहे हैं। शनिवार के बाद रविवार रात फिर तार टूट गए। कई बार पोल भी गिर चुके हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सन्नाटा है। बड़ा हादसा कभी भी हो सकता है।

चौसाना बाइपास खेड़की रोड पर स्थित बिलाल मस्जिद के सामने से गुजरने वाले गन्ने से लदे ट्रक तय ऊंचाई से कहीं अधिक लोड भरकर निकल रहे हैं। ट्रकों की ऊंचाई इतनी अधिक हो जाती है कि सीधे हाईटेंशन लाइन से टकरा जाती है। शनिवार को भी यहीं तार टूटे थे और रविवार रात फिर वही हाल दोहराया गया। अफजाल, मुबारिक, नौशाद, कवरपाल , संदीप आदि स्थानीय लोगों का कहना है कि आठ-दस बार से अधिक यहां तार टूट चुके हैं। तार टूटते ही इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। चिंगारी और फाल्ट के दौरान आसपास दहशत का माहौल बन जाता है। गनीमत यह रही कि अभी तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। रात के समय लाइनमैनों को बार-बार मौके पर पहुंचकर लाइन दुरुस्त करनी पड़ती है। इससे विभागीय कर्मचारियों की भी जान जोखिम में रहती है। कई बार विद्युत पोल भी इन ट्रकों की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। इसके बावजूद ओवरलोड और अधिक ऊंचाई वाले ट्रकों पर न तो परिवहन विभाग की सख्ती दिख रही है और न ही पुलिस की।

### कार्रवाई नहीं तो जिम्मेदारी तय हो

चौसाना। ओवरलोड ट्रकों पर लगाम न लगना प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है। बार-बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होना गंभीर सवाल खड़े करता है। यदि किसी दिन बड़ा हादसा हुआ तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? क्या प्रशासन किसी अनहोनी का इंतजार कर रहा है? अब सख्त कार्रवाई और संयुक्त अभियान की जरूरत है, वरना हालात बेकाबू हो सकते हैं।



## फाल्गुन पूर्णिमा पर दिखेगा चंद्रग्रहण, जानिए किन राशियों पर पड़ेगा असर

**हापुड़।** फाल्गुन पूर्णिमा, 03 मार्च मंगलवार को सिंह राशि और पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में लगने वाला चंद्रग्रहण भारत में दृश्य होगा। ग्रहण के दृश्य होने के कारण इसका सूतक काल भी मान्य रहेगा।

भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष ज्योतिर्विद पं. के.सी. पाण्डेय 'काशी वाले' ने बताया कि फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 02 मार्च सायं 5:55 बजे से प्रारंभ होकर 03 मार्च को अपराह्न 5:07 बजे तक रहेगी। चंद्रग्रहण 03 मार्च को अपराह्न 3:20 बजे से प्रारंभ होकर सायं 6:47 बजे तक रहेगा।

# अस्थाई डिवाइडर हादसों को दे रहा न्यौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के बुढ़ाना रोड स्थित फाटक के निकट सड़क के बीच रखे अस्थायी डिवाइडर हादसों को न्योता दे रहे हैं। सोमवार तड़के एक कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिसमें करीब 12 लोग सवार थे। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया और सभी को मामूली चोटें आईं।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार पंजाब से बदायूं की ओर जा रही थी। तड़के अंधेरे में सड़क के बीच रखे डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर या चेतावनी संकेत न होने के कारण चालक को डिवाइडर दिखाई नहीं दिया और कार सीधे उससे टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पलटकर सड़क पर उलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

सूचना पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस व नगर कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिलाया गया।

चिकित्सकीय जांच के बाद सभी को घर भेज दिया गया। पलटी कार को जेसीबी मशीन की मदद से सड़क से हटाया गया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। कार हादसे के कुछ ही देर बाद उसी स्थान से गुजर रहा एक ट्रक भी डिवाइडर से टकरा गया, जिससे उसका टायर फट गया। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन सड़क पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क के बीच रखे डिवाइडर पर न तो पर्याप्त रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं और न ही चेतावनी बोर्ड। रात के समय डिवाइडर स्पष्ट दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। लोगों ने ट्रैफिक पुलिस और संबंधित विभाग से मांग की है कि डिवाइडरों पर शीघ्र रि फ्लेक्टर और संकेतक लगाए जाएं या उन्हें व्यवस्थित रूप से स्थापित किया जाए।

## पांच वर्षीय बालक को आरोपी जुल्फिकार उर्फ जुल्लू सहित तीन ने किया गंभीर, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर के मोहल्ला आलकलां मायापुर रोड निवासी पीड़िता रिहाना पनि सुफियान ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गत 19 फरवरी की रात्रि लगभग साढ़े 9 बजे पीड़िता के लडके सुहान एंव पडौसी इरफान के बच्चों में खेलते हुए गली कहासुनी हो गई थी। पीड़िता अपने लड़के को धमकाकर अपने घर पर ले गई। आरोप हैं कि जुलफिक्कार उर्फ जुल्लू पुत्र इकराम व वसीम पुत्र जहूर हसन निवासी मोहल्ला आलकलां मायापुर रोड कैराना एंव तीन अज्ञात व्यक्ति अपने-अपने हाथो में लाठी डण्डे लेकर पीड़िता के घर के अन्दर घुस गए। वहीं गाली गलौच करते हुए कहने लगे कि साली तेरे बच्चे कहा है उन्होंने हमारे मिलने वाले व्यक्ति के बच्चो के साथ गाली गलोच की है इसलिए हम उनको जान से मारेंगे। पीड़िता ने उनको ऐसा करने से मना किया तो वह एकदम आग बबूला हो गये और पीड़िता के पांच वर्षीय पुत्र सुहान को पकडकर लाठी डण्डो से मारने पीटने लगे। पीड़िता हमलावरों से पुत्र को छुडवाने लगी तो फिर पीड़िता के साथ भी गाली गलोच करते हुऐ मारपीट की गई। शोर शराबा सुनकर मौके पर आस पडौस के काफी व्यक्ति एकत्रित हो गए। भीड़ को देख कर हमलावर जाते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता के पुत्र सुहान को लहुलुहान होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर किया। जिसके बाद वह एक पखवाड़े के उपरांत राहत मिलने पर कार्रवाई की गई। पीड़िता का आरोप हैं कि जुल्फिकार उर्फ जुल्लू बदमाश किस्म का व्यक्ति हैं। जिसके खिलाफ पूर्व में कई मुकदमें दर्ज है इसलिए प्रार्थिया ने उससे अपनी व अपने परिवार की जान का खतरा बना हुआ है। वहीं आरोपी जुल्फिकार उर्फ जुल्लू दबंग किस्म के लोग है और बस्ती के कई लोगों के मकानो पूर्व में कब्जा करने का आरोप हैं। पूर्व में आरोपी व उसकी पत्नी के खिलाफ इस मामले में पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई हैं। पुलिस आरोपियों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई में जुटी हैं।



# सपा नेता शेर सिंह राणा ने मनाया होली मिलन समारोह

## केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का त्यौहार है होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** होली के पावन अवसर पर ठाकुर शेर सिंह के फार्म हाउस पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। समारोह की अध्यक्षता बाबा सोकेंद्र ने की, जबकि मंच संचालन की जिम्मेदारी मंगलसेन प्रजापति द्धमादलपुरऋ ने बखूबी निभाई।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। पूरे परिसर में रंग, अबीर और गुलाल की खुशबू के साथ उत्सव का माहौल बना रहा। ढोल-नगाड़ों और होली गीतों ने माहौल को और भी रंगीन बना दिया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने और आपसी मतभेद भुलाने का पर्व है। इस तरह के आयोजनों से सामाजिक एकता मजबूत होती है और क्षेत्र में सकारात्मक संदेश जाता है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। पूरे आयोजन में अनुशासन और सौहार्द का विशेष ध्यान रखा गया। हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने इस आयोजन को भव्य और सफल बनाया। ठाकुर शेर सिंह के फार्म हाउस पर आयोजित यह होली मिलन समारोह क्षेत्र में लंबे समय तक याद किया जाएगा, जिसने आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का सशक्त संदेश दिया। समारोह में मुख्य रूप से उमेश चौधरी जिला पंचायत सदस्य, विनोद रांझड़, बालेन्द्र चौधरी, देशराज पहलवान, अशोक प्रधान, सच्चू सिंह प्रधान, उग्र सिंह चौहान, बबलू प्रधान, संजय कुमार बीडीसी, राव शकील भैसानी, चौधरी सुरेन्द्र ताना, राधेश्याम सैनी 'दीवान जी', ठाकुर अजब सिंह, लाला ठाकुर (किसान संगठन), लख्मीचंद कश्यप, अजित शर्मा, राजकुमार शर्मा, कृष्णदत्त शर्मा, विवेक गोयल, मनीष तायल, राव सनवर, डॉ. आसिफ, राव वकार, राहुल कश्यप, जगत सिंह, चौनसिंह पुंडीर, सादाराम, अजित बाल्मीकि और मनोज कश्यप सहित हजारों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मोहित बेनीवाल ने किया 8 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कार्यकाल मे बीमारू राज्य उत्तर प्रदेश को ब्रह्मोस जैसी मिसाइल बनाकर बीमार से ब्रह्मोस पर लाकर प्रदेश को देश से जोडने का काम किया है

उक्त विचार विधान परिषद सदस्य एंव भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल ने गांव अंबोली मे जिला पंचायत द्वारा कराये गये विकास कार्यों का लोकार्पण व अपने अभिनन्दन समारोह मे व्यक्त किए। उन्होने कहा कि प्रदेश में सडकों का जाल बिछा है ।गांव की दूरी कम हुई है। हाइवे बनाये जा रहे। भरपूर बिजली आ रही है। जीरों टॉलरेंस की नीति से अपराधियों ,माफियाओं का सफाया हुआ है। गन्ने का भाव बढा है। भुगतान समय से हो रहा है। किसान निधि से जहां किसानों का सम्मान बढा है वहीं युवाओं, महिलाओं, मजदूरों के उत्थान के लिए काम किए जा रहे है। पश्चिम उत्तर प्रदेश मे लीची अनुसंधान बनाने की उनकी मांग है ताकि यहां बाग. वानी को बढावा मिले।

इससे पूर्व उन्होने जिला पंचायत द्वारा कराये गये करीब आठ करोड रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम ने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने उनको सड़क से उठाकर सडक चे. कंग करने वाला बना दिया जिसमे एक बडी भूमिका मोहित बेनीवाल की है। उन्होने कहा कि मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ के विशेष स्नेह अपने कार्यकाल मे करीब 450 करोड रुपए के विकास कार्य जनपद मे कराये गये है। क्षेत्र की जनता के वे आजीवन ऋणी रहेगे जिन्होने यह सम्मान दिलाया।

इसके अलावा नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अजीत राणा, पूर्व ब्लाक प्रमुख विजेंद्र चौधरी, अभय चौधरी, विधायक देवेंद्र निम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम मे मोहित बेनीवाल व जिलाध्यक्ष बनने पर अजीत राणा का स्मृति चिन्ह व शाल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया गया।

मुख्य रूप से विधायक राजीव गुंबर, विधायक मुकेश चौधरी, विधायक कीरत सिंह, पूर्व विधायक रविंद्र मोल्हू, वीरपाल निर्वाल मुजफ्फरनगर, गौरव चौधरी मेरठ, साकेन्द्र प्रताप बिजनौर जिला पंचायत अध्यक्ष, वरिष्ठ चिकित्सक नरेश नौसरान, राजपाल जुड्डा, सत्य प्रकाश चौधरी,विजयपाल प्रमुख, सतेंद्र चौधरी, पपिन चौधरी,रविंद्र काका, मानसिंह सैनी, स्वतंत्र चौधरी, चौधरी राजवीर, मेलारम पंवार, ईशांत चौधरी आदि उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री पवन संवई, कपिल डावर ने किया।

# होली के मद्देनजर किए कड़े सुरक्षा इंतजाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** होली पर्व को पूरी तरह शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए थाना फतेहपुर पुलिस ने व्यापक और सख्त व्यवस्था कर ली है। थाना प्रभारी विनय शर्मा ने बताया कि त्योहार की सुरक्षा को लेकर सेक्टर स्कीम की पूरी रिहर्सल पूरी कर ली गई है, जिसे होली के दिन प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।

सोशल मीडिया पर अफवाहों और भ्रामक संदेशों की सतत निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी तरह का माहौल बिगड़े नहीं। होलिका दहन के लिए अलग से विशेष सुरक्षा प्लान तैयार किया गया है। थाना क्षेत्र में 6 क्लस्टर मोबाइल टीमें गठित की गई हैं, जो गांव-गांव भ्रमण कर स्थिति पर पैनी नजर रखेंगी। प्रत्येक होलिका दहन स्थल पर स्थानीय निवासियों की होलिका सुरक्षा समिति गठित की गई है। इन समितियों को अपनी होलिका की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है और पुलिस के साथ पूर्ण समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। शोभायात्राओं व जुलूसों के दौरान बॉक्स फॉर्मेशन में पुलिस बल तैनात रहेगा। रंग खेलने वाले दिन मिश्रित आबादी और संवे. दनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाएगी। इन इलाकों में 2 पिकेटिंग पॉइंट्स, बैरिकेडिंग और मजबूत पुलिस उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। हर चौकी पर दो-दो मोबा. इल वाहन के साथ पीआरवी रणनी. तिक स्थानों पर तैनात रहेंगे।

## होलिका में अचानक लगी आग

**सहारनपुर।** तोता चौक के समीप सरदार कॉलोनी में अचानक ही होलिका दहन स्थल पर अचानक आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान लोगों की सूझबूझ और प्रयास से आज पर काबू पा लिया गया।

थाना मंडी क्षेत्र तोता चौक के समीप सरदार कालोनी में सोमवार को दोपहर लगभग 2:50 बजे किसी कारणवश होलिका दहन की लकड़ियों में अचानक आग पकड़ ली, जिससे आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही सिविल डिफेंस के सुशील गुप्ता मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया। उनकी सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई के कारण आग फैलने से पहले ही बुझा दी गई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

# शिया समुदाय ने नगर व चिलकाना में सौंपे अलग-अलग ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आयतुल्लाह सैय्यद अली खामेनाई की शहादत पर शिया मुस्लिम समुदाय द्वारा राष्ट्रपति के नाम तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। यह ज्ञापन सीओ प्रथम अमित श्रीवास्तव को सौंपा गया।



ज्ञापन में कहा गया कि भारत और ईरान के बीच लंबे समय से व्यापारिक और राजनयिक संबंध रहे हैं तथा आयतुल्लाह खामेनाई विश्वभर के शिया मुस्लिम समुदाय के धार्मिक रहबर थे। समुदाय ने आरा. ेप लगाया कि 28 फरवरी 2026 को अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए हमले में आयतुल्लाह खामेनाई सहित अनेक ईरानी नागरिकों और स्कूली बच्चों की मृत्यु हुई, जिसकी शिया समाज ने कड़ी निंदा करते हुए खिराजे अकीदत पेश किया। ज्ञापन में भारत सरकार से मांग की गई कि अमेरिका और इजराइल के साथ व्यापारिक संबंध समाप्त किए जाएं, उनके उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया जाए तथा ईरान-इजराइल-अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष में हस्तक्षेप कर शांति बहाली के प्रयास किए जाएं।

ज्ञापन देने वालों में मौलाना इजहार हैदर, मौलाना जफर अब्बास जैदी, मंजर हुसैन काजमी एडवोकेट, डॉ. अथर अब्बास जैदी, दानिश आब्दी, शादाब आब्दी, फरहत हुसैन, शबीह आब्दी, कमर काजमी, अजहर काजमी, अख्तर अली जैदी, अली अब्बास नकवी, लियाकत हुसैन जैदी, शोजब रजा, फैजी काजमी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**चिलकाना।** नगर के शिया समुदाय द्वारा ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामनेई की शहादत व निर्दोष छात्राओं पर हुए हमले को लेकर प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपा गया।



बता दें कि अमेरिका व इजराईल द्वारा ईरान पर किये गये हमले में आयतुल्लाह खामनेई की शहादत पर मुस्लिम समाज के लोगों में गहरा रोष व्याप्त है। हमले में मारे जा रहे निर्दोष लोगों के प्रति शोक जाहिर करते हुए शिया समुदाय के लोगों ने सदर अली इमाम के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपकर बताया है कि ईरान पर अमेरिका व इजराईल द्वारा किये गये हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर खामनेई की शहादत के साथ साथ विद्यालय पर किये गए एक हमले में निर्दोष छात्र भी मारे गए हैं। जिसकी तमाम मुस्लमान कड़ी निंदा करते हैं। शिया समुदाय के लोगों ने उक्त ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उक्त हमले में मारे गए लोगो के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करने तथा अमेरिका व इजराईल की कड़े शब्दों में निन्दा करने का आग्रह किया है। वहीं कहा गया है कि ईरान पर किये गये हमले के विषय में प्रधानमंत्री को सभी देशों के साथ मिलकर अमेरिका व इजराइल के खिलाफ ठोस कार्यवाही करनी चाहिए। ताकि अमे. रिका भविष्य में किसी देश पर इस प्रकार के हमले करने की हिम्मत ना कर सके। इस दौरान, रईस हैदर, तहरीर अब्बास, हम्माद, तासीन, शहवार जैदी, जावेद जैदी, अजमी, तौफीक, मुस्तफा, जाऊल आदि रहे।

# हर मुखड़े पर खिल उठा, देश प्रेम का रंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** साहित्यिक संस्था 'विभावरी' द्वारा 'होली के रंग कविताओं के संग' कार्यक्रम का आयोजन संस्था उपाध्यक्ष प्रत्यूष जैन के कोर्ट रोड स्थित आवास पर किया गया। मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा डॉ आर पी सारस्वत की सरस्वती वंदना से गोष्ठी का शुभारंभ हुआ।



कवि वीरेश त्यागी ने कुछ यूं कहा- 'होली जले विकार की, राम-नाम के संग/तन-मन श्री रघुनाथ के, रँग में डालो रंग'। विनोद भृंग ने पढ़ा, 'ऐसी होली खेलना, मित्र जनों के संग/हर मुखड़े पर खिल उठे, देश प्रेम के रंग'। संस्था अध्यक्ष डॉ राम विनय शर्मा का अंदाज कुछ ऐसा रहा, 'झमक रहे हैं रंग, संग मदमाती नारी/चढ़ आया यौवन फागुन पर भीगी सारी'। डॉ.वीरेन्द्र आजम ने इस अंदाज मे रंग बिखेरा-'होली लायो रंग उमंग, मनवा ओढे टेसू रंग/भीगे आंचल भीगे अंग, नाचे सारे खुशियों संग.......फागुन आयो रे'। हरिराम पथिक की कविता देखिए -'उमंगों में नए सपने, सजाने आ गई होली/हँसाने के, रुलाने के, बहाने आ गई होली'। संस्था सचिव डॉ विजेंद्र पाल शर्मा ने होली का महत्व कुछ यूं समझाया-'होली में जलते नहीं, मन के अगर मलाल/तो फिर मित्रों व्यर्थ हैं, रंग, अबीर, गुलाल।' अध्यक्षता कर रहे गोकरण दत्त शर्मा ने पढ़ा-' रंगीलों फागुन आयो रे, नशीलों फागुन आयो रे/ मनवा तन को रहा झकझोर रंगीलों फागुन आयो रे'। नरेंद्र मस्ताना का गीत जमकर सराहा गया- 'यू पी में तो योगी बाबा, जमकर ठोक रहे हैं ताल/जमकर ठोक रहे हैं ताल, कोई कर ना सके बवाल'। खूब पसंद किया गया। डॉ.आर पी सारस्वत के भाव देखिए-'लगे हुए हैं हम जीवन को व्यर्थ गंवाने में/नश्वर काया नगरी के घर द्वार सजाने में'। प्रत्यूष जैन ने कुछ यू गुदगुदाया-'फिजा में मस्तियाँ छाई, महीना है ये फागुन का/लगे हर नार भोजाई, महीना है ये फागुन का'। आदेश कुमार का माहिया भी खूब सराहा गया-'जीना उसका जीना/जिसको आता है/विष भी हँसकर पीना'। संदीप शर्मा व नन्हे वेदान्त जैमिनी ने भी गीत प्रस्तुत किए। विनीत राय जैन व अवनीश कुमार सहित अनेक श्रोता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर 'विभावरी' की ओर से सचिव डॉ. विजेंद्र पाल शर्मा ने तथा 'समन्वय' की ओर से डॉ. आर पी सारस्वत ने पत्रकारिता के 50 वर्ष पूर्ण होने पर डॉ. वीरेन्द्र आजम का माल्यार्पण कर स्वागत किया। फूलों की होली के साथ गोष्ठी का समापन हुआ। संचालन डॉ. विजेंद्र पाल शर्मा ने किया।

# पुलिस ने क्षेत्र में किया पैदल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** त्यौहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने कस्बे में संयुक्त रूप से पैदल मार्च किया गया और क्षेत्रवासियों से सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का आह्वान किया गया।



सोमवार को एसडीएम बेहट मानवेंद्र सिंह, तथा सीओ एस एन वैभव पांडेय तथा कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी के नेतृत्व में भरी पुलिस बल के साथ कस्बे के शाकंभरी चौक, मुख्य बाजार, मौहल्ला मनिहारान, खालसा, माजरी, संजय कालोनी सहित संवेदनशील इलाकों और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था देखी गई। एसडीएम मानवेंद्र सिंह ने कहा जनता से संवाद करते हुए कहा कि होली और रमजान दोनों ही सौहार्द और प्रेम के प्रतीक हैं। सभी लोग एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्योहारों को मनाना चाहिए।सीओ एस एन वैभव पांडेय ने स्पष्ट चेतावनी दी कि शांति व्यवस्था भंग करने, अफवाह फैलाने या हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल भाटी ने बताया कि क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है तथा सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है।

## बिना अनुमति प्रदर्शन में मुकदमा

**सहारनपुर।** शिया समुदाय के धर्मगुरु अयातुल्ला अली खामनेई की कथित हत्या की खबर के विरोध में बिना अनुमति के प्रदर्शन करने के मामले में पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए आधा दर्जन लोगों के खिलाफ नामजद तथा 120 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

बताया जाता है कि ईरान में इजरायल द्वारा किए गए कथित हमले के विरोध में रविवार को शिया समुदाय के लोगों ने जाफर नवाज स्थित शिया मस्जिद से चौकी सराय तक काले झंडे हाथ में लेकर जुलूस निकाला और विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए विरोध जताया। पुलिस ने बिना अनुमति जुलूस और प्रदर्शन को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की है।

# अभिलेखों व स्वामित्व की विधिक जांच की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** तहसील प्रशासन द्वारा जनता से भूमि खरीदने बेचने से पहले सम्बंधित अभिलेखों एवं स्वामित्व की विधिक जाँच कराए जाने का आवाहन किया गया है, ताकि किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

तहसील प्रशासन द्वारा मीडिया को जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से क्षेत्र की जनता को जागरूक किया गया है। जिलाधिकारी के आद. ेशनुपालन में ग्राम अंबेहटा चांद मु. तहसील रामपुर मनिहारान स्थित ग्राम समाज की भूमि खसरा संख्या-1416/1910 ग्राम समाज की भूमि नोइय्यत नवीन परती को मुकेश पुत्र यशपाल व श्रीमती सुंदरी पत्नि यशपाल निवासी आमवाला मिर्जापुर द्वारा गलत तरीके से बेचने के संबंध में क्रेता अनुज पुंडीर पुत्र धर्म सिंह निवासी टपरी आदि के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट सँ-0049 दर्ज करा दी गई है। तहसील प्रशासन द्वारा बताया गया है कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) एवं सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 2 एवं 3 के अंतर्गत करवाई गई है।जिसमें अधिकतम 5 से 7 साल की सजा का प्रावधान है।

जनसामान्य से अपील करते हुए कहा गया है कि भूमि क्रय विक्रय से पूर्व सम्बंधित अभिलेखों एवं स्वामित्व की विधिक जाँच अवश्य करा लें ताकि किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाही से बचा जा सके।

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सडोली कदीम।** बेहट सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर में दर्शनों को जाते समय भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी मोहित बेनीवाल का बेहट पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया गया।



सोमवार को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल का काफिला जैसे ही कस्बे में पहुंचा, पहले से मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की थाप और जोशीले नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखाई दिया और जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गए थे। मोहित बेनीवाल ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मां शाकंभरी देवी की कृपा से प्रदेश निरंतर विकास की राह पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आमजन की अपेक्षाओं पर खरी उतर रही है और संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों और चुनावी तैयारियों में पूरी ऊर्जा के साथ जुटने का आह्वान भी किया। उन्होंने यह भी कहा कि सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी में दर्शन कर वे प्रदेश की सुख-समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना करेंगे। इस दौरान मोहित जैन ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सबका साथ सबका विकास में यकीन रखती है और प्रदेश की योगी तथा केंद्र की मोदी सरकार में देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अभय राणा, साढ़ौली कदीम ब्लॉक प्रमुख विश्वास चौधरी, मोहित जैन,देवेंद्र राणा, अनिल सिंघल, वैभव सिंघल, संजय प्रधान रामपुर बड़कला, अवनीश अग्रवाल, आनंद राणा, दिनेश सिंघल, सचिन गर्ग आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# दिल्ली शामली के बीच वाली ट्रेन सहारनपुर तक चले: महबूब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** वरिष्ठ समाजसेवी महबूब अहमद सैफी ने रेलवे महाप्रबंधक से दिल्ली शामली के बीच चलने वाली ट्रेनों को सहारनपुर तक चलाए जाने की माँग की है।

वरिष्ठ समाजसेवी महबूब अहमद सैफी ने रेलवे महाप्रबंधक उत्तर रेलवे को भेजे पत्र में कहा है कि दिल्ली शामली सहारनपुर रेलखंड पर 1980 से ट्रेनें चालू हैं लेकिन दिल्ली से सहारनपुर तक के लिए सुबह के 9 बजे तक कोई ट्रेन नहीं है।पहली ट्रेन के पहुंचने का समय 10 :55 बजे लेकिन वो अक्सर लेट चलती है।ट्रेन 64027 रात्रि 21:41 बजे पहुँचती है और इसके बाद अगले दिन ट्रेन 64023 सुबह 9:13 बजे पहुँचती है।इस बीच सहारनपुर के लिए कोई ट्रेन नहीं है जबकि इतने समय में कम से कम 3 ट्रेन सहारनपुर पहुँचनी चाहिएं। महबूब सैफी ने कहा है कि दिल्ली से चलकर शामली तक आने वाली ट्रेनों को सहारनपुर तक बढ़ाया जा सकता है।

**सूचना**

**मेरा बैग कहीं गुम हो गया है जिसमें वर्ष 2011 की हाई स्कूल की मार्कशीट, सनद, वर्ष 2013 की इंटरमीडिएट की मार्कशीट, सनद, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र निवास प्रमाण पत्र आदि कागजात थे।**

**रविकांत पुत्र तेजपाल निवासी ग्राम कुआं खेड़ा जिला सहारनपुर।**

# भाजपा जिलाध्यक्ष को दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सडोली कदीम।** साढ़ौली कदीम ब्लॉक प्रमुख विश्वास चौधरी ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजीत राणा के आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



विश्वास चौधरी ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित और विचारधारा आधारित पार्टी है, जहां संगठन सर्वोपरि होता है। उन्होंने कहा कि अजीत राणा एक सक्रिय, कर्मठ और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले नेता हैं, जिनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता का लाभ पूरे जिले को मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए जिलाध्यक्ष के मार्गदर्शन में कार्यकर्ताओं का मनोबल और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी गांव-गांव तक अपनी नीतियों और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाएगी। असलमपुर बरथा के पूर्व प्रधान एवं वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी रणवीर ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मिल-जुलकर कार्य करें। आगामी चुनावों को देखते हुए बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करना समय की आवश्यकता है, और इस दिशा में जिलाध्यक्ष की भूमिका अहम होगी। इस अवसर पर आनंद राणा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए पार्टी की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

# मारपीट में दो मुकदमें दर्ज

**चिलकाना।** नगर एवं क्षेत्र के गांव निवासी महिलाओं से मारपीट करने के दो अलग अलग मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू की।

जानकारी के मुताबिक पीड़िता पूजा पत्नि अजय निवासी ग्राम सीकरी कलां थाना चिलकाना ने थाना पर तहरीर देकर बताया कि पीड़िता का पति एक मजदूरी पेशा व्यक्ति हैं। पीड़िता का आरोप है कि विगत 27 फरवरी को पीड़िता का पति मजदूरी करने के लिए घर से बाहर गया हुआ था। तभी पीड़िता का देवर आकाश पुत्र सोमपाल, सास मुकेश पत्नि सोमपाल व देवरानी शशीबाला पत्नि आकाश ने उसके साथ गाली गलौच की। गाली देने से मना करने पर लात घुस्सो एव मुक्को से मारपीट की व घर में रखा सामान व एलसीडी भी तोड दी।

पीड़िता ने बताया कि उसने शोर मचाया तो गांव व पडौस के लोगो ने आकर उसे बचाया। तब आरोपी पीड़िता को जाने से मारने की धमकी देते हुए चले गये। पीड़िता का कहना है परिवार का मामला होने के कारण गांव व समाज के लोग समझौते की बातचीत कर रहे थे इसलिये मुकदमा लिखाने नहीं आयी थी।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सास, देवर व देवरानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

वहीं नगर के मोहल्ला मजहर हसन निवासी पीड़िता सोबी पत्नी अरशद ने थाना पर तहरीर देकर आरा. ेप लगाया कि उसके पति अरशद पुत्र जमील व देवर फरमान पुत्र जमील ने उसके साथ मारपीट की। पति उसे रोज आये दिन परेशान करता हैं कहा. सुनी करता है। अब मारपीट करके उसे घर से बाहर निकाल दिया है। मारपीट में पीड़िता के मुँह पर काफी चोट आयी है।

# खामनेई को लेकर बेहट में नहीं होगा प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सडोली कदीम।** बेहट अमेरिका व इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले में आयतुल्लाह अली खामनेई की मौत के बाद स्थानीय स्तर पर भी विरोध की आशंका को भांपते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट है। इंस्पेक्टर बेहट ने मुस्लिम समाज और जामा मस्जिद के जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक की।



दरअसल, अमेरिका व इजरायल द्वारा संयुक्त रूप से ईरान पर हमला किया जा रहा है। इस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामनेई की भी मौत की खबर सामने आ रही है, जिसको लेकर मुस्लिम समाज खासतौर पर शिया वर्ग में हम और गुस्से का माहौल है। बेहट क्षेत्र में इस घटना को लेकर किसी भी तरह के विरोध प्रदर्शन की आशंका को भांपते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है।

इंस्पेक्टर सतपाल भाटी ने जामा मस्जिद की इंतजामिया कमेटी सहित मुस्लिम समाज के जिम्मेदार लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मौहम्मद अहमद काजमी ने बताया कि आयतुल्लाह अली खामनेई की मौत से दुनियाभर में गम और गुस्सा है, हालांकि बेहट में किसी भी तरह के विरोध प्रदर्शन की कोई योजना नहीं है। इस दौरान जामा मस्जिद के इमाम मौलाना राशिद जमाल कासमी, पीरु मियां, सभासदपति मिर्जा अब्दुल मालिक, इकबाल कुरैशी, जहीर कुरैशी, अब्दुल कादिर आदि मौजूद रहे।

# नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ होलिका दहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रंगों के महापर्व होली से पूर्व नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को होलिका पूजन हुआ। उल्लास के पर्व होली को लेकर नगर के बाजार गुलजार बने हुए हैं। देर रात विधिवत रूप से होलिका का दहन किया गया।

नगर लहसवाड़ा, मजनूवाला रोड, बलजीत कालोनी, पंजाबी कालोनी, इंद्रा कालोनी, अनाज मंडी, भायला रोड, नेचलगढ़, मोहल्ला दुद्धा आदि समेत अनेक स्थानों पर होलि. का पूजन विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। ग्रामीण क्षेत्र में भी विभिन्न स्थानों पर होलिका पूजी गई। देर रात विधिवत रूप से होलिका दहन हुआ। उधर, नगर के बाजारों में रंगों व मिष्ठान समेत होली के अन्य सामान की दुकानें सजने से बाजारों की रौनक बढ़ी हुई है। त्यौहार को उल्लास के साथ मनाने के लिए लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। बाजार में रंग बेचने वाले दुकानदारों का कहना



है कि इस बार रंगों की खूब बिक्री हुई। वहीं, बाजार में मौजूद सैकड़ो प्रकार की पिचकारियां और मुखौटे बच्चों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। त्यौहार पर कोई अर्पिय घटना न होन इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। चौक चौराहों समेत विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल तैनात है साथ ही अधिकारी भी पैदल गश्त कर हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। खुराफातियों को सख्त कार्रवाई का संदेश दिया।

# कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जे के प्रयास को लेकर लोगों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भूमाफियाओं द्वारा स्टेट हाइवे पर सराय काहरान के निकट स्थित कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जे के प्रयास का आरोप लगाते हुए मुस्लिम समाज के लोगों ने हंगामा किया। उन्होंने मामले का संज्ञान लेतेह हुए अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की।

काफी संख्या में मुस्लिम समाज के पुरुष महिलाएं व बच्चे कब्रिस्तान में एकत्र हुए और कब्जे के प्रयास का आरोप लगाते हुए रोष जताया। प्रदर्शन कर रहे इसरार, इमरान व इनाम ने बताया कि खसरा नंबर 3819, 3820 व 3821 में कब्रिस्तान स्थित है। यह बहुत पुराना कब्रिस्तान है और इसमें मुस्लिम समाज की हर बिरादरी के मुर्दे दफन हैं। बताया कि पिछले कुछ महीने से कुछ भूमाफिया कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जे का प्रयास कर रहे है। इनमें से एक मुस्लिम व्यक्ति



अपने आपको भाजपा का बड़ा नेता बताता है। कई बार लोग उन्हें कब्रिस्तान से खदेड़ चुके है। आरोप लगाया कि शनिवार को कई लोग कब्जे की नीयत से कब्रिस्तान पहुंचे थे, जिनका विरोध किया गया। उक्त लोग उन्हें तरह तरह की धमकी देकर गए है। लोगों का कहना था कि यदि समय रहते मामले का संज्ञान नहीं लिया तो शांति व्यवस्था बिगड़ सकती है। उन्होंने बताया कि इस बाबत डीएम व एसडीएम समेत अधिकारियों को पत्र लिखा जा रहा है। साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की गई है। प्रदर्शन करने वालों में जावेद, मुशर्रफ, इरशाद, कालू, आमना, नुसरत, बुशरा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मध्य पूर्व की विस्फोटक स्थिति वैश्विक शांति के लिए गंभीर खतरा: मदनी

**देवबन्द।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने मध्य पूर्व की अत्यंत विस्फोटक और बेहद नाजुक स्थिति पर चिंता जताई है। इसके साथ ही मौलाना मदनी ने ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामनेई और उनके परिजनों की मौत पर गहरा दुख जताया है।

मौलाना महमूद मदनी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि अमेरिका और इजराइल की आक्रामक और उकसाने वाली कार्रवाईयों ने न केवल क्षेत्रीय शांति को गंभीर रुप से प्रभावित किया है, बल्कि वैश्विक स्थिरता को भी बड़े खतरे में डाल दिया है। मौलाना मदनी ने ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामनेई तथा उनके परिजनों और सहयोगियों के निधन पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया। कहा कि किसी देश की नेतृत्व व्यवस्था को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों और समझौतों के विरुद्ध है और दुनिया को बर्बरता की ओर धकेलने के समान है। जमीयत ईरान की जनता के दुख में बराबर की सहभागी है। मौलाना मदनी ने स्पष्ट किया कि किसी भी राजनीतिक या अंतरराष्ट्रीय विवाद का समाधान हत्या और रक्तपात से नहीं हो सकता। शक्ति के बल पर अपनी बात मनवाने की कोशिशें केवल घृणा, प्रतिशोध और मानवीय त्रासदियों को जन्म देती हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वे तत्काल युद्धविराम, तनाव में कमी और सार्थक कूटनीतिक वार्ता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय और



प्रभावी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि जमीयत हर उ कदम का विरोध करती है जो दुनिया को अमानवीय युद्ध और अस्थिरता की ओर धकेलता हो। उन्होंने तत्काल युद्धविराम और बातचीत के माध्यम से विवादों का शांतिपूर्ण समाधान निकालना समय की सबसे बड़ी जरुरत बताया।

# चार बच्चों की मां प्रेमी संग फरार, पति ने दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** चार बच्चों की मां प्रेमी संग फरार हो गई। आरोप है कि पत्नी घर में रखी नकदी और सोने चांदी के आभूषण भी अपने साथ ले गई। पीडिघ्त पति ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर के एक मुहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 फरवरी को रात्रि लगभग आठ बजे वह किसी काम से घर से बाहर गया था। जब वह वापस लौटा तो उसकी पत्नी घर से गायब थी। बच्चों से पूछा तो उन्होंने बताया कि मम्मी सामान लेने कहीं बाहर गई है। जब काफी समय तक उसकी पत्नी घर नहीं लौटी तो उसने उसकी तलाश शुरू की। जानकारी करने के दौरान मालूम हुआ कि उसकी पत्नी को गांव टपरी निवासी एक युवक अपने साथ ले गया है। यह भी जानक. ारी हुई कि उक्त युवक से पत्नी का लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था तथा दोनों के फोटो और वीडियो भी एक साथ है। पति का आरोप है कि पत्नी जाते समय घर से 53 हजार रुपये की नकदी और सोने चांदी के जेवरात भी अपने साथ ले गई। पीडिघ्त पति ने पुलिस से पत्नी व प्रेमी के खिलाफ कार्रवाई करने और जेवरात व नकदी वापस दिलाने की मांग की है।

# चार खिलाड़ियों ने पदक जीत देवबंद का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मेरठ में हुई यूपी स्टेट कराटे चौंपियनशिप में देवबंद के कराटे खिलाडियों का जलवा रहा। यहां के चार खिलाडियों ने पदक जीत देवबंद का नाम रोशन किया।

नगर स्थित बसंत एकेडमी के कोच बसंत उपाध्याय ने बताया कि चौंपियनशिप में निशु प्रजापति, तनु प्रजापति व अनिकेत कुमार ने स्वर्ण पदक और आयुष कुमार ने रजत पदक जीतकर क्षेत्र व जनपद का मान बढ़ाया है। बताया कि निशु प्रजापति, तनु प्रजापति व अनिकेत कुमार का चयन कराटे एसोसिएशन आफ इंडिया में नेशनल चौंपियनशिप के लिए हुआ है। यह चौंपियनशिप 22 से 24 मार्च तक मध्य प्रदेश में होगी। विजेता खिलाडियों को यूपी जनरल




सेकेटरी अमित गुप्ता व मेरठ ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन गोयल ने पदक पहनाया। साथ ही कोच बसंत उपाध्याय को भी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# शक्ति पीठ के निकट गोकशी की सूचना से मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री त्रिपुर माँ बाला सुंदरी देवी शक्ति पीठ के निकट गोकशी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से कटान के उपकरण और अवशेष बरामद किए हैं। हालांकि गोकशी करने का आरोपी पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हो गया।

सोमवार की शाम करीब चार बजे बाबूपुर नगली रोड स्थित एक मकान में गोकशी होने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। मौके से पुलिस को कटान के उपकरण और अवशेष बरामद हुए। हालांकि गो. कशी कर रहा आरोपी मौके से भाग निकला। गोकशी की सूचना पर भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता समेत अन्य भाजपाई भी मौके पर पहुंच गए और कार्रवाई के लिए अधिकारियों से





बात की। अरुण गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मकान में किराए पर रहने वाले एक व्यक्ति ने गोकशी है जो पुलिस के आने से पहले ही फरार हो गया था। वहीं, घटना के संबंध में कोतवाल अमरपाल शर्मा का कहना है कि गोकशी की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके से अवशेष बरामद हुए हैं जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। गोकशी करने वाले व्यक्ति की पहचान के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं।

## ओवरलोडिंग वाहनों पर सख्ती

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जिले में ओवरलोडिंग वाहनों पर नियंत्रण के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने उप संभागीय परिवहन विभाग (एआरटीओ) के अधिकारियों को दिन और रात दोनों समय औचक निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य सड़क से संबंधित अधिकारियों को दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इसमें मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले टी-प्वाइंट्स और ब्लाइंड मोड़ों पर कम से कम एक किलोमीटर पहले साइनेज, रिफ्लेक्टर और स्पीड ब्रेकर लगाने की समुचित व्यवस्था करने को कहा गया, ताकि वाहन चालक सचेत रहें।

# बाग में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मौहल्ला जोशियान निवासी एक युवक का शव सोमवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में आम के बाग में पेड़ से लटका मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मौहल्ला जोशियान निवासी आक. ाश (25 वर्ष) पुत्र कोमल सोमवार की सुबह ग्राम सादिकाबाद स्थित एक आम के बाग में फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया। सुबह जब राहगीरों ने शव को देखा, तो तुरंत स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारकर पंचनामा भरा और उसे सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया है।

अपराध निरीक्षक विपिन कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मामले में पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो पाएगी। फिलहाल, पुलिस ने अग्रिम विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

# बोरवेल में गिरी मादा गुलदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में लगातार दिखाई दे रहे गुलदारों के कारण ग्रामीणों में भय का माहौल है। वहीं आये दिन गुलदारों के जंगलों में ट्यूबवेलो के झेरो में गिरने एवं दिखाई देने का क्रम जारी है।

ग्राम ककराला में एक खुले बोरवेल कुएं में लगभग 5 वर्ष आयु की एक मादा गुलदार के गिर जाने की सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर त्वरित रेस्क्यू अभियान शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद गुलदार को बोरवेल से सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस बारे मे बताया कि गांव के तेजपाल सिंह पुत्र अमरी सिंह के खुले बोरवेल में एक मादा गुलदार के गिर जाने की सूचना पर गांव भर में हड़कंप मच गया। भय के कारण ग्रामीण उस ओर जाते हुए घबराए देखे गए। ग्रामीणों



**वन विभाग ने किया सफल रेस्क्यू**

द्वारा सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सावधानीपूर्वक अपना कार्य प्रारम्भ किया। कड़ी मशक्कत के बाद वन्यजीव और रेस्क्यू दल के सदस्यों को सफलता भी मिली। वन विभाग द्वारा रेस्क्यू अभियान का नेतृत्व वन क्षेत्राधिकारी दुष्यंत सिंह ने किया, जबकि सौरभ कुमार (वन दरोगा), गौरव कुमार (वन रक्षक), अनीस (वन कर्मी) और मौहम्मद अफजल सहित अन्य वनकर्मियों ने अपनी पूरी जिम्मेदारी के साथ इस कार्य में सहयोग किया और सफलता प्राप्त की।

गौरतलब है कि इस रेस्क्यू अभियान के दौरान नेशनल टाइगर कंसर्वेशन अथॉरिटी तथा नेशनल जू अथॉरिटी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन किया गया। उधर वन क्षेत्रधिकारी दुष्यंत सिंह ने समस्त आमजन से अपील करते हुए कहा कि वन्यजीव हमारी अमूल्य प्राकृतिक धरोहर हैं। उन्होंने खुले बोरवेल वन्यजीवों, पालतू पशुओं और लोगों के लिए खतरनाक बताया तथा ग्रामीणों, किसानों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने बोरवेल खुले न छोड़ें और उन्हें सुरक्षित रूप से ढककर रखें। चांदपुर के ग्रामीण इलाकों मे गुलदारों के ग्रामीणों पर हमले और भय का माहौल एक बार पुनः बढ़ गया है। इससे पहले ब्लॉक के गांव शाहपुर भसौड़ी में भी गुलदार द्वारा एक ग्रामीण पर हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया था।

# ईरान हमले के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और उनके परिवार के कुछ सदस्यों और नागरिकों के निधन तथा अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों में हुई मौतों को लेकर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के कार्यकर्ताओं ने देश के महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

कामरेड इसरार अहमद के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने थाना परिसर पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपा, जिसे उपनिरीक्षक सुरजीत सिंह ने प्राप्त किया। ज्ञापन में अमेरिका और इजरायल की कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों के खिलाफ बताया गया। कामरेड इसरार अहमद ने कहा कि ईरान भारत का बहुत पुराना मित्र देश रहा है, जिसने हर कठिन समय में



भारत का साथ दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान ने भारत को कई अवसरों पर रियायती दरों पर तेल उपलब्ध कराया, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली ऐसे मित्र राष्ट्र पर हमला निंदनीय है और इससे विश्व शांति को खतरा उत्पन्न हो सकता है। ज्ञापन में मांग की गई कि भारत सरकार अमेरिका और इजरायल की कार्रवाई की स्पष्ट शब्दों में निंदा करे। इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से उठाए तथा मध्य-पूर्व में शांति बहाली के लिए पहल करे।

इस अवसर पर शमीम अहमद, कन्हैया सिंह, इंदर कुमार, डॉ. ए.एच. कादरी, आसिफ अहमद, खलीक अहमद, कामरेड इमरान अली सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पार्टी नेताओं ने अंत. रराष्ट्रीय शांति न्याय और संप्रभु देशों की गरिमा के सम्मान की अपील की।

## हादसे में घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र के बालापुर-नन्हेड़ा मार्ग पर रविवार रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने रविवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। एक अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए बाइक सवार युवक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार रविवार रात करीब 9:00 बजे ग्राम अखेड़ा निवासी जितेन्द्र पुत्र धन सिंह बाइक पर सवार होकर नन्हेड़ा से अपने गांव वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बालापुर-नन्हेड़ा मार्ग पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जितेन्द्र सड़क पर गिरकर अचेत हो गए और उन्हें गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल जितेन्द्र को तत्काल नहटौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद, उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया। हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद जितेन्द्र की जान नहीं बचाई जा सकी और उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे की जानक. ारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में 16 विद्यार्थी चयनित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 16 छात्र/छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल स्टाफ ने बच्चों को फूलमालाओं सहित पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन द्वारा रविवार को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना का परीक्षा फल घोषित किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन ने बताया कि गत 5 नवंबर 2026 को आयोजित उक्त परीक्षा में उनके विद्यालय के 38 छात्र/छात्राएं शामिल हुए थे। जिसमें समरीन परवीन, अबीरा परवीन, अदीबा परवीन, आफिया परवीन, भूमिका रानी, जकिया परवीन, सादिका परवीन, जहरा परवीन, अंजुम परवीन, मरयम परवीन, कहकशा परवीन, शिफा परवीन, मौ. अबुल हसन, शुभहान अहमद, मौहम्मद अम्मार आदि ने सफलता प्राप्त की है। इस बात का पता चलते ही स्कूल स्टाफ सहित छात्र/छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। परीक्षा में सफल हुए बच्चों को शिक्षकों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन ने सफल छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए इसका श्रेय उनके अभिभावकों सहित शिक्षकों को दिया। उन्होंने बताया कि सफल सभी विद्यार्थियों को शासन द्वारा 4 वर्ष तक 1000 रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति दी जाएगी। विद्यालय के प्रबंधक फुरकान महमूद अंसारी ने छात्र/छात्राओं की सरहाना करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय का स्टाफ बच्चों पर लगातार मेहनत करता है, जो सरहानीय है। उन्होंने स्टाफ से आगे भी से ही बच्चों के लिए मेहनत करने की बात कही है।

उधर उक्त परीक्षा मे शामिल छात्र/छात्राओं को दिन रात मेहनत कराने वाले शिक्षक मौहम्मद रिजवान का भी शिक्षकों एवं बच्चों ने आभार व्यक्त करने के साथ-साथ फूलमालाओं से स्वागत किया गया।

इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक फुरकान महमूद अंसारी, प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन, अरशद हुसैन, मौहम्मद रिजवान, मौहम्मद आलम अंसारी, मौहम्मद शहजाद, शकील अहमद, रईस अहमद, रिहान अहमद, मौहम्मद इकबाल, उस्मान अहमद, लिपिक अबरार अहमद सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।


कार्यालय-ग्रा०पं० खेडी आसा-वि०खं० देवबंद, (सहारनपुर)

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत खेडी आसा में मनरेगा के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति (रेत, बजरी, कोरसेंट, सरिया, इन्टर लॉकिंग टाईल्स, ईंट आदि) हेतू दिनांक 14-09-2025 ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा आपूर्ति दाता अपना-अपना निविदा ग्रा०पं० कार्यालय में जमा करा सकते है। उक्त निविदा दिनांक 18.09.2025 को अपराह्न 03:00 बजे निविदा दाता के समक्ष खोली जाएगी।

ग्राम प्रधान
अरुण कुमार

ग्राम सचिव
क्षितिज पारसवाल

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पीसीबी ने टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के लिए अपने खिलाड़ियों पर लगाया जुर्माना

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपये (लगभग 18000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया है। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में सुपर आठ स्टेज के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गया और लगातार चौथी बार आईसीसी पुरुष टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाया। पाकिस्तान के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। क्रिकइनफो की रिपोर्ट के अनुसार जुर्माना डिसिप्लिनरी कारणों से नहीं है, बल्कि खास तौर पर बोर्ड के अनुसार टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन के लिए लगाया गया है। ये जुर्माना ग्रुप स्टेज में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के मैच के तुरंत बाद लगाया गया था।

### F-1 ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स तय योजना के अनुसार होगी

**मेलबर्न, वार्ता।** फॉर्मूला वन ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स के आयोजक ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में लड़ाई की वजह से यात्रा में रुकावट के बावजूद सीजन की ओपनिंग रेस रविवार को तय योजना के अनुसार होगी। ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स कॉर्पोरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ट्रैविस औल्ड ने मेलबर्न में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अधिकारियों, टीम सदस्यों और ड्राइवरों के लिए इस रुकावट से सीजन के पहले रेस वीकेंड पर कोई असर पड़ने की उम्मीद नहीं है। औल्ड ने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल के हमलों के बीच पश्चिम एशिया के अंदर और बाहर बड़े पैमाने पर उड़ानों के रद्द होने से कुछ टीमों को यात्रा योजना बदलनी पड़ी हैं।

### अनकैप्ड जोड़ी ट्रेनमैन और ब्राउन को वाका डे-नाइट टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया

**पर्थ, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने इस हफ्ते वाका ग्राउंड पर होने वाले दिन-रात्रि टेस्ट के लिए रेचल ट्रेनमैन और मैटलन ब्राउन को अपनी अपनी टीम में शामिल किया है। यह दोनों अनकैप्ड खिलाड़ी इस हफ्ते पर्थ में टीम के साथ जुड़ेगी। ट्रेनमैन पहली बार पेरी के कवर के तौर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल हुई हैं। ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद है कि पेरी टेस्ट में खेलने के लिए अपने क्वाड स्ट्रेन से ठीक हो जाएंगी, लेकिन अगर वह नहीं खेलती हैं तो ट्रेनमैन एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर है। 24 साल की यह खिलाड़ी इस सीजन में 50 ओवर की विमेंस नेशनल क्रिकेट लीग में तस्मानिया के लिए टॉप ऑर्डर में जबरदस्त फॉर्म में है, उसने 81 की औसत से 648 रन बनाए हैं और सीजन की सबसे अत्रिाक रन बनाने वाली खिलाड़ियों में टॉप पर 130 रन आगे है। इस बीच, ब्राउन 2021 के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलिया टीम में शामिल हुई है।

# विराट-रोहित से सीखा मैच फिनिश करना: संजू




● विंडीज के खिलाफ टी-20 विश्व कप के सुपर-8 मैच में नाबाद 97 रनों की पारी खेलकर भारत को जिताया

**कोलकाता, वार्ता।** वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 विश्व कप के सुपर-आठ के अहम मुकाबले में नाबाद 97 रनों पारी खेलकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले संजू सैमसन ने कहा कि मैंने विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों को खेलता देख मैच को फिनिश करना सीखा है। मुझे इस दिन का इंतजार था। सैमसन ने 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार लेने के बाद कहा कि यह मेरे लिए मुकम्मल दुनिया मिलने का समान है। जिस दिन से मैंने खेलना शुरू किया मैंने सपना देखा था कि भारत के लिए खेलूंगा। मुझे लगता है कि मैं इसी दिन का इंतजार था। मैं ईश्वर का बहुत शुक्रगुजार हूं। उन्होंने कहा मैं पिछले 10-12 साल से आईपीएल खेल रहा हूं और पिछले 10 साल से भारत के लिए खेल रहा हूं। मैं डगआउट में बैठकर रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे महान खिलाड़ियों को खेलते देखा है और इस दौरान मैंने बहुत कुछ सीखा है। मैंने शायद 50 या 60 मैच ही खेले होंगे लेकिन 100 के करीब मुकाबले मैंने बाहर बैठकर देखे होंगे और मैंने इस दौरान यह देखा है कि कैसे इस खेल के महान खिलाड़ी गेम को फिनिश करते हैं। सैमसन ने कहा कि मैरी यह यात्रा बेहद खास और उतार-चढ़ाव भरी रही है। मैंने बहुत समय स्वयं पर संदेह करते बिताया है, यह सोचते हुए कि 'क्या मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं।' लेकिन मैंने स्वयं पर भरोसा करना जारी रखा और मैं ईश्वर का शुक्रगुजार हूं जो उन्होंने आज मेरे ऊपर अपना आशीर्वाद बनाए रखा। पिछले मैच में हम पहले बल्लेबाजी कर रहे थे इसलिए वहां बड़ा स्कोर खड़ा करना जरूरी था। लेकिन यह मैच पूरी तरह से अलग था। मुझे नहीं लगता था कि मैं इस तरह की कोई विशेष चीज कर पाऊंगा लेकिन मैं अपनी भूमिका पर ध्यान केंद्रित कर रहा था और मैंने साझेदारियां बनाने पर ध्यान दिया। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सबसे बड़े दिनों में से एक है। भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि मैं हमेशा से कहते आया हूं कि अच्छे लोगों के साथ हमेशा अच्छा होता है, जो इंतजार करते हैं और जिनके पास धैर्य होता है। अभी उनसे (सैमसन) मिलने पर भी मैंने उन्हें यही कहा। लेकिन यह सब उनके कठिन परिश्रम का नतीजा है। जब वह नहीं खेल रहे थे तो वह बहुत मेहनत कर रहा था। और उन्हें सही मौके पर इसका फल मिला।

## संजू सैमसन ने मुश्किल दौर में बेहतरीन वापसी की : गौतम गंभीर

● कहा: संजू ने मुश्किल दौर में बेहतरीन वापसी की है और उन्हें उम्मीद है कि उनकी लय फाइनल तक जारी रहेगी



**कोलकाता, वार्ता।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि संजू सैमसन ने एक मुश्किल दौर के बाद बेहतरीन वापसी की है और उन्हें उम्मीद है कि उनकी लय सेमीफानल और फाइनल में भी जारी रहेगी।

संजू की इस वापसी के बारे में मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि संजू कितने अच्छे खिलाड़ी हैं। यह सब उन्हें बैक करने (भरोसा जताने) के बारे में था और जब टीम को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी, उस दिन उन्होंने इस तरह की बेहतरीन पारी खेली। अभी टूर्नामेंट में कुछ और महत्वपूर्ण मैच शेष हैं। यह उनके लिए लय पकड़ने का समय है। मैंने हमेशा कहा है कि वह एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। वह एक महान प्रतिभा हैं और उम्मीद है कि हम आगे भी उनसे, इसी तरह की पारी देख सकेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ सैमसन की यह पारी पहली नजर में बेहद आक्रामक दिख सकती है, लेकिन उन्होंने पूरी पारी के दौरान बहुत सोच-समझकर जोखिम लिए और लगातार स्ट्राइक रोटेट करने का प्रयास किया। इसी क्रम में उन्होंने सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या और तिलक के साथ छोटी लेकिन महत्वपूर्ण साझेदारियां की। गंभीर ने कहा कि उन्होंने एक बेहतरीन अंदाज में अपनी पारी को नियंत्रित किया। मुझे वास्तव में ऐसा लगा कि उन्होंने कभी पारी को एक्सीलरेट (तेज) नहीं किया। ए सिर्फ बहुत ही सामान्य क्रिकेटिंग शॉट्स थे और मैंने किसी भी गेंद पर उन्हें जबरदस्ती ताकत लगाते हुए भी नहीं देखा। उन्होंने कहा जिम्बाब्वे के खिलाफ उनकी पिछली पारी बेहद महत्वपूर्ण थी। लोग उनके स्कोर और अलग-अलग चीजो को देखते रहेंगे, लेकिन फिर टीम में वापस आना और 23-24 रनों की वह पारी खेलना, उनके लिए अच्छा एहसास रहा होगा। उससे उन्हें बहुत आत्मविश्वास मिला होगा क्योंकि जाहिर तौर पर उस खिलाड़ी के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज कठिन ही थी, लेकिन हम हमेशा उनकी क्षमता को जानते थे। गंभीर ने कहा कि मैंने सैकड़ों क्रिकेटरों को देखा है, लेकिन बहुत से लोगों के पास वह प्रतिभा नहीं है। न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी सीरीजी कठिन रही थी। इसलिए कभी-कभी उन्हें ब्रेक देना भी महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि आप खिलाड़ी को उस दबाव की स्थिति से बाहर निक. ालना चाहते हैं। हम हमेशा जानते थे कि जब भी हमें विश्व कप मैच में उनकी जरूरत होगी, वह आएंगे और हमारे लिए प्रदर्शन करेंगे।

## ललित ने मुहामेट मालो 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में जीता कांस्य पदक

इसी जीत के साथ टूर्नामेंट में भारत के पदकों की संख्या सात हो गई

**अल्बानिया, वार्ता।** भारतीय पहलवान ललित ने मुहामेट मालो 2026 कुश्ती टूर्नामेंट के आखिरी दिन ग्रीको-रोमन 55 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता।

इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत के पदकों की संख्या सात हो गई। रविवार को खेले गए मुकाबले में 23 साल के भारतीय पहलवान, जिन्होंने 2023 में अंडर 23 एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था, ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज प्रतियोगिता में अपना पहला पोडियम कजाकिस्तान के आर्सेन जुमा पर 9-0 से जीत के साथ पक्का किया, जो पिछले साल अंडर 20 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता थे। इससे पहले ड्रॉ में, ललित ने क्वार्टर-फाइनल में अल्बानिया के एंडी मुका पर 8-0 की टेक्निकल सुपीरियोरिटी से जीत दर्ज की थी। फिर उन्हें सेमी-फाइनल में अजरबैजान के राशद मम्मादोव ने 6-5 से हराया। भारत के विश्वजीत मोरे ने भी ग्रीको-रोमन 55 किग्रा भार वर्ग में हिस्सा लिया, लेकिन कजाकिस्तान के मार्लन मुकाशेव से कांस्य पदक मुक. ाबला हार गए।

## भारत जून में अफगानिस्तान के साथ एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैच खेलेगा

● यह टेस्ट मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-2027 चक्र का हिस्सा नहीं होगा



**मुम्बई, वार्ता।** भारत जून में अफगानिस्तान के साथ एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैचों की घरेलू सीरीज की मेजबानी करेगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के बाद यह दौरा छह जून से शुरू होगा और 10 जून तक न्यू चंडीगढ़ में एकमात्र टेस्ट मैच खेला जाएगा।

इसके बाद 14, 17 और 20 जून को क्रमशः धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में तीन एकदिवसीय खेले जाएंगे। यह दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट होगा। इससे पहले 2018 में पहला टेस्ट मैच खेला गया था, जिसे भारत ने एक पारी और 262 रन से अफगानिस्तान को हराया था। यह टेस्ट मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र का हिस्सा नहीं होगा। यह भारत और अफगानिस्तान के बीच पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय सीरीज भी होगी। अब तक दोनों टीमें इस प्रारुप में केवल एशिया कप और विश्व कप में ही आमने-सामने हुए हैं। मौजूदा टी-20 विश्व कप के बाद भारत की पहली सीरीज होगी। इस सीरीज के बाद भारतीय टीम एक से 19 जुलाई तक पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाएगा। वहीं अफगानिस्तान विश्व कप समाप्त होते ही संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में श्रीलंका की मेजबानी करेगा और तीन टी-20 और तीन एकदिवसीय मैच खेलेगा।

## करीब एक करोड़ आठ लाख में नीलाम हुआ पहला ओलंपिक पदक



● ब्रून रासमुसेन आर्ट्स ऑक्शनियर्स द्वारा आयोजित नीलामी में इस पदक को बिक्री के लिए रखा गया था

**कोपेनहेगन, वार्ता।** डेनमार्क में एक नीलामी में आधुनिक ओलंपिक खेलों के पहले मेडल को लगभग एक करोड़ आठ लाख रुपये यूरो में बेचा गया है। 'ब्रून रासमुसेन आर्ट्स ऑक्शनियर्स' द्वारा आयोजित नीलामी में इस पदक को बिक्री के लिए रखा गया था, जो 1896 में एथेंस में आयोजित दुनिया के पहले आधुनिक ओलंपिक खेलों में प्रदान किया गया था। उन खेलों में, पहले स्थान पर आने वाले विजेताओं को रजत पदक (सिल्वर मेडल) दिए गए थे, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वालों को कांस्य पदक (ब्रोंज मेडल) प्रदान किए गए थे।

स्वर्ण पदक बाद के ओलंपिक खेलों में दिया जाने लगा था। प्रसिद्ध फ्रांसीसी कलाकार जूल्स-क्लेमेंट चैपलैन द्वारा उकेरा गया यह पदक शास्त्रीय प्रतीकों से समृद्ध है। पदक के सामने के हिस्से पर फूल-पत्तों के मुकुट से सुसज्जित यूनानी देवता जड्स का चित्र है, जिन्होंने अपने हाथ में एक ग्लोब पकड़ा हुआ है, जिसके ऊपर विजय की देवी नाइकी जैतून की टहनी लिए खड़ी हैं। पहले आधुनिक ओलंपिक में 14 देशों के 241 एथलीटों ने हिस्सा लिया था, जिन्होंने नौ खेलों और 43 स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा की थी।

## श्रीलंका महिला टीम ने विंडीज को हराया

● चामरी अटापट्टू दो विकेट/39 रन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका टीम ने विंडीज को हराया



**सेंट जॉर्ज, वार्ता।** चामरी अटापट्टू (दो विकेट/39 रन) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 11 गेंदे शेष रहते चार विकेट से शिकस्त दी। श्रीलंका ने रविवार रात खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की महिला टीम श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में 101 रन के स्कोर पर सिमट गई।

वेस्टइंडीज के लिए कप्तान हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक 28 रन बनाए। वहीं स्टेफनी टेलर ने (14), डिएंड्रा डॉटिन ने (12) और आलिया एलेन ने (नाबाद 11) रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज के शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के लिए माल्की मदारा, नीलक्षिका सिल्वा ने तीन-तीन विकेट लिए। चामरी अटापट्टू को दो विकेट मिले। कविशा दिलहारी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने 18.1 ओवर में छह विकेट पर 102 रन बनाकर मुक. ाबला चार विकेट से अपने नाम कर लिया।

श्रीलंका के लिए चामरी अटापट्टू ने 26 गेंदों में सात चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 39 रन बनाए। हसिनी (18) और विशमी गुणरत्ने (10) रन बनाकर आउट हुई। कविशा दिलहारी ने 13 गेंदों में दो चौके लगाते हुए नाबाद 18 रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज के लिए कियाना जोसेफ और एफी फ्लेचर ने 2-2 विकेट लिए। हेली और करिश्मा रामहरैक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर टिकटों की बिक्री शुरू

● हॉकी इंडिया ने अधिक से अधिक प्रशंसकों की पहुंच के उद्देश्य से ईस्ट स्टैंड के लिए टिकटों की कीमत 100 रुपये नॉर्थ स्टैंड 25 रुपये निर्धारित है

**हैदराबाद, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने कहा है कि आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर हैदराबाद, तेलंगाना के लिए टिकटों की बिक्री सोमवार से शुरु होगी। यह टूर्नामेंट आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद के जी-एम-सी-बालयोगी हॉकी ग्राउंड खेला जाएगा। हॉकी इंडिया ने अधिक से अधिक प्रशंसकों की पहुंच के उद्देश्य से ईस्ट स्टैंड के लिए टिकटों की कीमत 100 रुपये, नॉर्थ स्टैंड के लिए 50 रुपये और साउथ स्टैंड के लिए 25 रुपये निर्धारित की है। भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया अगस्त में होने वाले एचआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026 के लिए तीन क्वालिफिकेशन स्पॉट के लिए मुकाबला करेंगे। इस प्रतियोगिता के लिए टीमों को दो पूल में बांटा गया। इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया पूल ए में हैं, जबकि मेजबान भारत को स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स के साथ पूल बी में रखा गया है। भारतीय महिला हॉकी टीम अपने अभियान की शुरुआत आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगी, जिसके बाद 9 और 11 मार्च को स्कॉटलैंड और वेल्स के खिलाफ मैच होंगे। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि हम एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर हैदराबाद, तेलंगाना के लिए हैदराबाद में सभी हॉकी फैंस का दिल से स्वागत करते हैं। हमें यकीन है कि सपोर्टर्स बड़ी संख्या में आएंगे और जी-एम-सी- बालयोगी हॉकी ग्राउंड के स्टैंड्स को भर देंगे और भारत और दूसरे देशों का हौसला बढ़ाएंगे। इस बड़े टूर्नामेंट को होस्ट करना भारतीय हॉकी के लिए गर्व का पल है और मैं सभी को स्टेडियम आने, खिलाड़ियों को सपोर्ट करने और अंतर्राष्ट्रीय हॉकी के एक रोमांचक हफ्ते का हिस्सा बनने के लिए बुलाता हूं। हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोला नाथ सिंह ने कहा कि यह हैदराबाद में फैंस के लिए उच्च स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय हॉकी देखने का एक शानदार मौका है। सस्ती टिकट कीमतों के साथ, हम यह सुश्चिनत करना चाहते हैं कि परिवार, स्टूडेंट्स और युवा खिलाड़ी लाइव मैचों का रोमांच महसूस कर सकें। हम खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए एक आसान और यादगार इवेंट देने के लिए बहुत मेहनत कर रहे हैं।

## 23 वर्षों बाद नई दिल्ली में होगा एसजेएफ आई नेशनल कन्वेंशंन

### चार दिवसीय इस नेशनल कन्वेंशंन में उत्तर, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण जोन से खेल पत्रकार भाग लेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) का नेशनल कन्वेंशन 2026, 13 से 16 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। 23 वर्षों के अंतराल के बाद यह प्रतिष्ठित वार्षिक आयोजन राष्ट्रीय राजधानी में लौट रहा है।

दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) द्वारा आयोजित यह नेशनल कन्वेंशन एसजेएफआई की स्वर्ण जयंती के अवसर पर हो रहा है, जिससे यह संस्करण संगठन के इतिहास में अत्यंत विशेष और महत्वपूर्ण बन गया है। एसजेएफआई को खेल पत्रकारों की विश्व संस्था इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन (एआईपीएस) से मान्यता और संब(ता प्राप्त है। चार दिवसीय इस नेशनल कन्वेंशंन में उत्तर, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण जोन से खेल पत्रकार भाग लेंगे। इसके साथ ही भारतीय खेल जगत, खेल प्रशासन और प्रसारण क्षेत्र की प्रमुख हस्तियां भी इसमें शामिल होंगी।

प्रमुख औद्योगिक सहयोगियों और प्रतिष्ठित ब्रांड्स के समर्थन से 2026 का यह संस्करण एसजेएफआई के इतिहास का सबसे बड़ा और प्रभावशाली आयोजन बनने जा रहा है। कार्यक्रम में पेशेवर संवाद, खेल प्रतिस्पर्धा और व्यापक नेटवर्किंग अवसरों का समावेश होगा। प्रमुख आकर्षणों में शीर्ष खेल प्रशासकों और ओलंपिक दिग्गजों की भागीदारी वाला ग्रैंड स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव, जेके बोस इंटर-जोनल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट, एसी बाली टेबल टेनिस टूर्नामेंट, परिवार और युवाओं की सहभागिता हेतु मॉडर्न पायथियन गेम्स तथा विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में भव्य फाइनल एवं समापन समारोह शामिल हैं। डीएसजेए के अध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी ने कहा कि दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन इस आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार है। जब एसजेएफआई ने हमें नेशनल कन्वेंशन की मेजबानी सौंपी, तभी हमने इसे ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

हमारी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और देशभर की प्रतिष्ठित खेल हस्तियां इस चार दिवसीय आयोजन में भाग लेंगी। मैं खेल मंत्रालय और खेल क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों का इस आयोजन में सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूं। विशेष रूप से आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सचिव एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का उनके अमूल्य सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं। एसजेएफआई के अध्यक्ष सरोजु चक्रवर्ती ने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित स्वर्ण जयंती नेशनल कन्वेंशन हमारी यात्रा का ऐतिहासिक पड़ाव है।

पांच दशकों से एसजेएफआई खेल पत्रकारिता में विश्वसनीयता, पेशेवर उत्कृष्टता और एकता का प्रतीक रहा है। 23 वर्षों बाद दिल्ली में वापसी केवल हमारी विरासत का उत्सव नहीं, बल्कि तेजी से बदलते मीडिया परिदृश्य में पेशे के भविष्य की दिशा तय करने का अवसर भी है। हम डीएसजेए के प्रति आभार व्यक्त करते हैं और सार्थक विमर्श की अपेक्षा रखते हैं। एसजेएफआई के मानद सचिव रमेश वरिकुप्पला ने कहा कि 13 से 16 मार्च 2026 तक दिल्ली में आयोजित यह नेशनल कन्वेंशन केवल एक बैठक नहीं, बल्कि खेल पत्रकारिता में उत्कृष्टता, एकता और नैतिकता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुनर्पुष्टि है। मीडिया जगत में तीव्र परिवर्तन के इस दौर में यह आयोजन संवाद, पेशेवर विकास और देशभर के साथियों के बीच सौहार्द बढ़ाने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। मैं इस आयोजन को संभव बनाने के लिए डीएसजेए के समर्पण और दूरदृष्टि के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। स्वर्ण जयंती संस्करण एसजेएफआई के 50 वर्षों के योगदान का उत्सव मनाएगा और प्रिंट से डिजिटल, प्रसारण और मल्टी-प्लेटफॉर्म स्टोरीटेलिंग तक खेल पत्रकारिता के विकास को रेखांकित करेगा।

वरिष्ठ सरकारी प्रतिनिधियों, ओलंपिक दिग्गजों और भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र के प्रमुख हितधारकों की सहभागिता के साथ, एसजेएफआई नेशनल कन्वेंशन 2026 संगठन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होने जा रहा है।

## रमजान मुबारक



तेरहवां रोजा

सहरी सुन्नी 5.20
शिया 5.11

इफ्तार सुन्नी 6.22
शिया 6.35

मोमिन को शुक्र-सब्र और यकीन पर कायम रहना चाहिए।जो अल्लाह ने दिया है उस पर अल्लाह का शुक्र अदा करना चाहिए।हो सकता है बहुत से लोग उससे महरूम हों।जो नहीं है उस सब्र करना चाहिए कि इसमें भी अल्लाह की कुछ बहतराई हो सकती है।

कुरआन करीम


# कड़े इंतजामों के बीच जनपद में 1582 स्थानों पर होलिका दहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद में आपसी भाईचारे, श्रद्धा और सौहार्द के प्रतीक होली पर्व के अंतर्गत रविवार को उत्साह और उमंग के साथ होलिका दहन किया गया। जनपद भर में कुल 1582 स्थानों पर विधि-विधान से होलिका दहन संपन्न हुआ। इस अवसर पर महिलाओं ने होलिका की पूजा-अर्चना कर अपने बच्चों की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ होलिका स्थलों पर उमड़ने लगी। महिलाओं ने प्रसाद, मिठाई, वस्त्र एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर परिक्रमा करते हुए पूजा की। मंदिरों और गली-मोहल्लों में विशेष सजावट की गई थी। मंदिरों के अधिष्ठाताओं ने बताया कि होली पर्व सत्य की असत्य पर विजय का प्रतीक है और इस पर्व के साथ ऋतु परिवर्तन का भी संकेत मिलता है।

होलिका दहन को लेकर प्रशासन और पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस बल लगातार गश्त करता रहा तथा अधिकारी भी भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती गई। छोटूपुर क्षेत्र में मामूली कहासुनी को छोड़कर पूरे जनपद में होलिका दहन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

होलिका दहन के दौरान युवाओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। दिनभर डीजे की धुन पर युवा झूमते नजर आए, वहीं रात्रि में होलिका दहन के बाद लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। कई स्थानों पर देर रात तक सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस वर्ष चंद्र ग्रहण के कारण रंगों का पर्व फाग अगले दिन न होकर 4 मार्च को मनाया जाएगा। प्रशासन ने नागरिकों से आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील की है।





**नकुड़।** नगर एवं देहात क्षेत्र में होली पारंपरिक उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित होलिका दहन स्थलों पर महिलाओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपने बच्चों और परिवार की सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की। सोमवार को होली वाला चौक स्थित प्राचीन होलिका दहन स्थल पर विशेष आकर्षण रहा। यहां लगे मेले में बच्चों ने झूलों और मनोरंजन के साधनों का आनंद लिया। क्षेत्र की सबसे पुरानी होली पर होलिका दहन समिति के डॉ. वसंत सैनी, आचार्य ईशु भारद्वाज और अशोक कुमार ने श्रद्धालुओं के लिए सुव्यवस्थित प्रबंध कर विधिवत पूजन संपन्न कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता व सभासद वरुण मित्तल ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने नारियल अर्पित कर होलिका माता के समक्ष श्रद्धाभाव से नमन कियाम चेयरमैन शिवकुमार गुप्ता ने क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए फागोत्सव शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। वहीं सभासद वरूण मित्तल ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का पर्व है, जिसे मिल-जुलकर मनाना ही इसकी वास्तविक भावना है। इस अवसर पर सतीश सिंघल, डॉ. वेद प्रकाश सैनी सहित आदि मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त गांधी आश्रम, पीपल तला, बिजलीघर एवं तहसील रोड सहित नगर के अन्य स्थानों पर भी श्रद्धापूर्वक होलिका पूजन एवं दहन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में होली का पर्व श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। सुबह से ही होली पूजने के लिए महिलाओं की लाइन लगी रही। महिलाओं ने अपने बच्चों की लंबी उम्र व परिवार में सुख समृद्धि की कामना करते हुए होली का व्रत रख पूजन किया। सुल्तानपुर नगर के मोहल्ला कांजीमल, मोहल्ला कोठी वाला पीठ बाजार में व चिलकाना नगर के हनुमान मंदिर के निकट होली पूजन व दहन की व्यवस्था की गई। स्थानीय पुलिस शांति व्यवस्था व त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए मुस्तैद नजर आई जहां-जहां पर होली का दहन होने थे वहां पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे। वही होली पर्व पर बाजारों में भी बहुत रौनक देखने को मिली जगह जगह रंगों व पिचकारियों से दुकानें सजी हुई थी।

## नकुड़ में फैल रहा शराब तस्करी का जाल

**नकुड़।** कोतवाली क्षेत्र में इस समय अवैध शराब की तस्करी का जाल दिनों दिन फैलता नजर आ रहा है। आरोप है कि क्षेत्र के शराब तस्कर पुलिस प्रशासन से कथित सांठगांठ के दम पर बेखौफ होकर धंधा चला रहे हैं।

यहां कोतवाली क्षेत्र के गांव नसरुल्लागढ़ व फतेहपुर के जंगल इन दिनों अवैध शराब के लिए सुरक्षित ठिकानों के रूप में चर्चाओं का विषय बने हुए हैं, जहां से हरियाणा मार्का शराब की बड़ी खेप क्षेत्र में रोज खपाई जा रही है। सूत्रों का दावा है कि रात के अंधेरे में या फिर दोपहर के समय सीमावर्ती रास्तों से शराब की पेटियां लाई जाती हैं। तथा बाइक के जरिए कस्बे व आसपास के गांवों में सप्लाई की जाती है। हैरानी की बात यह है कि सक्रिय तस्करी के बावजूद कार्रवाई न के बराबर दिखाई दे रही है।

# होलिका पूजन स्थल को लेकर विवाद निपटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** ग्राम शकरपुर में होलिकापूजन स्थल को लेकर हिन्दु समाज के ही दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। जिससे गांव में काफी समय तक तनाव बना रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और एक व्यक्ति को हिरासत में लिया।

इससे विवाद ओर बढ गया, गुस्सायें कश्यप समाज के लोगो रामधन, मांगी, सुदेश देवी, प्रवीन कश्यप, सुरेश कश्यप, सुखलेश आदि का कहना है कि वे अपनी भूमि पर होलिका दहन के लिए लकड़ी और उपले एकत्र कर पूजा की तैयारी कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान ग्राम प्रधान कुछ लोगों के साथ मौके पर पहुंच गया और उक्त भूमि को उनकी बताते हुए वहां होली पूजन को रोक दिया। विरोध करने पर उनमें कहासुनी और धक्का-मुक्की भी हुई। वहीं प्रधान शिवकुमार का कहना है कि रात में कुछ लोगों ने उक्त भूमि पर बिना अनुमति होली की लकड़ी रख दी थी।



सुबह जानकारी मिलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। उनका आरोप है कि कुछ लोग गांव का माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं तथा किसी के खेत में जबरन होलिका का दहन करना उचित नहीं है। घटना के विरोध में कश्यप समाज के लोग कोतवाली पहुंचकर धरने पर बैठ गये। और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे।

सुहैलदेव समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेश कश्यप ने आरोप लगाया कि पुलिस व अन्य लोगों द्वारा समाज की महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार एवं मारपीट की गई। धरने में रामधन, मांगी, सुदेश, प्रवीण कश्यप, सुरेश राणा, सुक्लेश, सूरजभान, देशराज, खजान सिंह, बालों, माया, मांगी, सुशील सहित काफी लोग रहे। बाद में सीओ अशोक सिसोदिया व कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार ने उन्हें समझा बुझाकर दुसरी जगह होली पूजन की जमीन दिलाकर मामले को निस्तारित करा दिया। हल्काइंचार्ज देवेश कुमार भी रहे।

# प्रेम से बढ़कर कुछ नहीं: चौ.नीरपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि प्रेम से बढकर दुनिया में कुछ नहीं है।



चौ.नीरपाल सिंह ने यह बात दिल्ली रोड बसंत विहार में राष्ट्रीय लोकदल के होली मिलन में कही। उन्होंने कहा कि होली भारतीय संस्कृति का ऐसा पावन पर्व है जो रिश्तों में मिठास और अपनापन लाता है। होली के रंग आपस की दूरियों को मिटा देते हैं। होली प्रेम का प्रतीक है और प्रेम से बढ़कर दुनियां में कुछ नहीं है।

खेल प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक ने कहा कि हम सब प्रेम के प्रतीक होली पर्व पर संकल्प ले कि एक दूसरे के सुख, दुख में साथ खड़े रहेंगे, एकजुट होकर रहेंगे।

इस दौरान राजदीप ढाका, पप्पू चौधरी, उसेद्र शर्मा, राजीव चौधरी, लल्लन प्रसाद, मनीष चौधरी, रामपाल सिंह, चंद्रकिरण, देवेंद्र सिंह, पुष्पेन्द्र, राजकुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# फिर दोहराई जा रही करबला की तारीख : हाजी फजलुर्रहमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अमेरिका व इजरायल के कायरतापूर्ण हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामनेई की शहादत पर वक्फ छोटा इमाम बारगाह अंसारियान सहारनपुर में ताजियती मजलिस आयोजित की गई।

मजलिस में शामिल लोगों ने अमेरिका व इजरायल की ईरान पर की गई कार्यवाही की कड़े शब्दों में निंदा की और अमेरिका व इजरायल के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। मजलिस से खतिाब करते हुए सैयद जफर अब्बास व इमाम जुमा शिया जामा मस्जिद मौलाना इजहार हुसैन ने अयातुल्लाह खामनेई के इंतकाल को मिल्लत का बड़ा नुकसान बताते हुए कहा कि करबला में भी जालिम ताकतें रुसवा हुई थी। आज भी जालिमों का खात्मा होगा और हक पर चलने वाले कामयाब होंगें।




पूर्व सांसद व वरिष्ठ समाजवादी पार्टी नेता हाजी फजलूर्रहमान ने शिया आलिमों से मुलाकात कर इस अल्मनाक सानिहे पर दु:ख प्रकट किया और अमरीका व इजरायल तथा उनके नाजायज साथियों के द्वारा किए जा रहे इंसानियत के कत्ल-ए-आम पर लानत पेश की। मजलिस में ईरान की हिफाजत, कामयाबी और दुश्मनों व जालिम ताकध्तों की नाकामी के लिए दुआ की गई। इस दौरान लियाकत अली जैदी, शादाब आबदी, अबू तालिब जैदी, अम्मार आबदी, मुतवल्ली इमाम बारगाह दानिश आबदी, चाँद जैदी, समर अब्बास, उवैस, सैयद हस्सान आदि उपस्थित रहे।

## तीन नशा तस्कर पकड़े

**नकुड़।** कोतवाली पुलिस तीन नशा तस्करों के पास से147 ग्राम अवैध स्मैक तथा एक मोटरसाइकिल बरामद करने का दावा किया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र गौतम ने बताया कि अंबेहटा घाटमपुर तिराहे पर सोनू पुत्र असगर और वसीम पुत्र असगर निवासी ग्राम सिरसला को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में सोनू के पास से 22 ग्राम तथा वसीम के पास से 25 ग्राम स्मैक बरामद हुई। वही कांसेपुर कट के समीप शुक्रताल रोड़ पर उसमान पुत्र सालिम निवासी ग्राम तिगरी रामगढ़ को 100 ग्राम स्मैक व मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों को मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## अश्लील फब्तियां कसते दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने अश्लील फब्तियां कसने वाले मनचले आदिल पुत्र शौकत, निवासी अल्हेडी को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया

थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम सक्रिय थी। टीम मे महिला उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर, महिला हेड कांस्टेबल नीरज राठौर और महिला हेड कांस्टेबल बबीता ने संयुक्त कार्रवाई कर आरोपी को काबू में किया।गिरफ्तारी के बाद थाना फतेहपुर में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

आरोपी के खिलाफ बाकी जरूरी कानूनी कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# हंसी ठिठौली के बीच खेली होली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राधा कुंज परिवार व फ्रेंडस मॉर्निंग क्लब ने जमकर होली खेली और हास्य रंगों का भरपूर आनंद लिया।

आज कम्पनी बाग मे आयोजित होली मिलन पर गोपाल ने जादू और मुरली खन्ना ने चुटकुलो के माध्यम से खूब लोटपोट किया। महिलाओं ने राधा किशन के गीत गाकर कार्यक्रम मे समां बांधा।इस मौके पर राधे कुंज मॉर्निंग परिवार के अध्यक्ष भागीरथ सेठी, सचिव अमन तनेजा, कोषाध्यक्ष मोनू ग्रोवर, गोपालजी, तारा चंद, प्रवीण आहूजा, विनोद चुग एवं फ्रेंड्स मोर्निंग क्लब के अध्यक्ष एम पी सिंह चावला, कोषाध्यक्ष सतीश कुक्कड़, राकेश सचदेवा, गुरजीत मल्होत्रा, नरेश मदान, संजय तनेजा, राजीव अरोड़ा, विनोद वर्मा, अजय ठकराल, अमित भारती के अलावा पूर्व विधायक लाज कृष्ण गाँधी, अनिल अरोड़ा, मंजीत सिंह, जयवीर राणा आदि मौजूद रहे।

## नाले के पास से खड़ी बाइक चोरी

**तीतरों।** गांव ककराला निवासी अर्जुन बाइक पर अपने घर लौट रहे थे जैसे ही वह कोलाखेड़ी सरकारी नाले के पास पहुंचे तो बाइक को साइड में खड़ी कर खेत में उतरकर लघुशंका करने लगे इसी दौरान उनकी बाइक गायब हो गई। अर्जुन ने बाइक को तलाश भी किया लेकिन नहीं मिली। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। वाहन चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। कल खेत में गए एक किसान की साइकिल पर चोर ने हाथ साफ कर दिया था। पीड़ित किसान ने भी मामले की शिकायत पुलिस को की है।

# व्हील ऑफ फारच्यून में फाल्गुनी ने जमाई धाक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद की सरजमी हमेशा ही कलाकारी से उर्वरा भूमि है । जो एक के बाद एक लगातार अपने कलाकारों के प्रदर्शन को आगे लाती रहती है। सोनी टीवी पर सुपर स्टार अक्षय कुमार द्वारा प्रसारित प्रसिद्ध गेम शो व्हील ऑफ फॉरच्यून से एक बार पुन: सहारनपुर की कलाकारी सिद्ध हुई है। प्रसिद्ध रंगकर्मी युगल संदीप शर्मा एवं सीमा शर्मा की सुपुत्री नृत्य साधिका फाल्गुनी भारद्वाज ने प्रथमतह हजारों प्रतिस्पर्धियों में से फाइनल 150 प्रतिभागियों में जगह बनाई। फिर अपने एपिसोड में सहारनपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी बुद्धि ज्ञान एवं कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अक्षय कुमार द्वारा खिलाए गए खेल विभिन्न राउंड में हर तरह के प्रश्नों को सुलझाते हुए 1,37,000 ते, एक इलेक्ट्रिक स्कूटी और 50 इंच का समक टीवी जीता।

इस खेल में ज्ञान के साथ भाग्य का भी पूरा हाथ होता है। यदि भाग्य का पुरा साथ मिलता तो फाल्गुनी और भी ज्यादा स्तर को प्राप्त कर सकती थी। फाल्गुनी ने बताया कि अक्षय कुमार खेल खिलते हुए बहुत है सपोर्टिव माहौल बनाते हैं ताकि खिलाड़ी ज्यादा से ज्यादा जीत कर जाए । वो बहुत प्रसन्न है कि एक बार फिर उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर सहारनपुर का प्रतिनिधित्व किया। इस खेल में उनके साथ गई उनकी माता सीमा शर्मा और भाभी इति शर्मा ने कहां की वो गौरवान्वित है कि उनकी फाल्गुनी ने पुन: उनके सिर हो गर्व से ऊंचा किया है ।पिता संदीप शर्मा ने कहा कि फाल्गुनी की शिक्षा और पारिवारिक संस्कार उसकी मजबूती का कारण है। परिवार के सदस्य मनोज भारद्वाज संजय भारद्वाज मंजुला शर्मा प्रियदर्श शर्मा आदि सब बेहद प्रसन्न है । प्रसिद्ध समाजसेवी विश्वजीत सिंह पुंडीर ने कहा कि अभी तो फाल्गुनी कई मंजिले पाएंगी ये तो मात्र शुरुआत है। नगर विधायक राजीव गुंबर, मेयर डॉ अजय सिंह, पूर्व सांसद राघव लखन पाल, पूर्व मंत्री संजय गर्ग, कुलदीप धमीजा, रवींद्र मिगलानी , रिटेन भट्टाचार्य, राम गुप्ता, करुणा प्रकाश, बृजेंद्र त्रिपाठी, ब्रिज आत्रेय, विक्रांत पुंडीर, प्रत्यूष जैन, सचिन जैन, शरद भार्गव, तमन्ना खनिजों, डॉ शालिनी वर्मा काशिफ सिद्दकी योगेश शर्मा अंकुश जोशी मुरसलीन नूर ने भी बधाई दी। कार्यकर्म का प्रसारण 5 मार्च रात 9 बजे सोनी टीवी पर होगा।
























Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# बढ़ती वैश्विक चिंता

पिछले कुछ समय से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह के हालात बने हुए हैं, उसमें ऐसा लगता है कि कई मोर्चों पर प्रतिस्पर्धी देशों के बीच विवादित मुद्दों को सुलझाने के लिए संवाद के बजाय संघर्ष को ही आखिरी हल मान लिया गया है। हैरानी की बात यह है कि युद्ध के खिलाफ शांति का पाठ पढ़ाने वाले कुछ ताकतवर देशों के नेताओं को भी अपने प्रभाव से संघर्ष को टालने के रास्ते तलाश करना प्राथमिक नहीं लगता। इसके उलट वे तनाव को सीधे टकराव में तब्दील करने वाले अभियानों में शामिल होना जरूरी समझते हैं। बीते कुछ महीनों से इजराइल और अमेरिका ने ईरान के खिलाफ जिस तरह का माहौल बनाना शुरू किया था, उससे साफ था कि अगर विवाद के मूल बिंदुओं को केंद्र में रखकर अंतर्राष्ट्रीय मंचों की मध्यस्थता में बिना देरी किए संबंधित पक्षों के बीच वार्ता की गुंजाइश नहीं निकाली गई, तो हालात को संभालना मुश्किल होगा। ऐसी स्थिति के बीच शनिवार को इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर साझा हमला करके अपनी मंशा साफ कर दी। अपने हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत को इजराइल और अमेरिका भले अपनी कामयाबी मानें, लेकिन इसके बाद अब ताजा सिरे से क्षेत्रीय अस्थिरता का खतरा बढ़ गया है। जवाब के तौर पर ईरान ने भी अमेरिका और इजराइल के कई ठिकानों पर समान तीव्रता वाले हमले किए और कई जगहों पर व्यापक क्षति हुई। सवाल है कि इस युद्ध का उद्देश्य आखिर क्या है? अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि मकसद सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने से आगे ईरान की सत्ता में बैठे व्यवस्थाओं को हटाना है। यह समझना मुश्किल है कि अमेरिका एक ओर ईरान को परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिए दबाव बनाता रहा है, तो अब वह अपना उद्देश्य मौजूदा ईरानी सत्ता को खत्म करना बता रहा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए ओमान की मध्यस्थता में शांति वार्ता भी चल रही थी। हालांकि ईरान ने युद्ध से बचने की इच्छा जरूर जताई थी, लेकिन उसने यूरेनियम समृद्ध करने के अधिकार रखने की बात दोहराई। अब इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद यह वार्ता फिलहाल बेमानी हो चुकी है। जिस दौर में विकास के नारे के साथ सभी देश बेहतर भविष्य का सफर तय करना चाहते हैं, उसमें संवाद के रास्ते बंद करके युद्ध का रास्ता अख्तियार करने का नतीजा आखिर क्या निकलेगा? रूस–यूक्रेन के बीच जारी युद्ध वैश्विक शांति के लिए पहले ही एक जटिल चुनौती है। हाल ही में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच भड़की खुली जंग ने भी एक नया मोर्चा खोल दिया। अब इजराइल और अमेरिका के साझा हमले और खासतौर पर खामेनेई की मौत के बाद ईरान की प्रतिक्रिया क्या होगी, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कैसे समीकरण खड़े होंगे और युद्ध कितने बड़े दायरे में फैलेगा, यह प्रश्न वैश्विक चिंता को बढ़ाने वाले हैं।

## भारत सरकार अपना रुख स्पष्ट करे



मानवता पर संकट की घड़ी में विश्व समुदाय को संयम और जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए, किसी भी प्रकार की हिंसा और युद्ध में आम नागरिकों की जान जाना अत्यंत पीड़ादायक है, मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए, देश की जनता यह जानना चाहती है कि भारत शांति स्थापना के लिए क्या कूटनीतिक प्रयास कर रहा है और क्या वह युद्ध को रोकने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है, युद्धकालीन स्थितियों में कई तरह की सूचनाएं सामने आती हैं, जिनमें से कुछ अपुष्ट भी हो सकती हैं, ऐसे में केंद्र सरकार का दायित्व है कि वह आधिकारिक स्तर पर तथ्यों की पुष्टि कर पारदर्शिता बनाए रखे, ताकि भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

–अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी

# काठमांडू बनाम दिल्ली



विनीत नारायण



काठमांडू उस देश की राजधानी है जो आर्थिक प्रगति में भारत से कहीं पीछे है। पर हर मायने में भारत की राजधानी दिल्ली से कहीं आगे है। सारे शहर की सड़कें और फुटपाथ बिल्कुल साफ हैं, जहां हर वक्त सफाईकर्मी मुस्तैदी से डटे रहते हैं। ऐसा लगता है कि मोदी जी का 'स्वच्छ भारत अभियान' भारत के लिए नहीं बल्कि नेपाल के लिए था। क्योंकि भारत की राजधानी दिल्ली में तो जहां निगाह डालिए वहीं कूड़े के अंबार लगे पड़े हैं।

यही हाल काठमांडू शहर के सार्वजनिक शौचालयों का भी है। जो इतने साफ रहते हैं कि आश्चर्य होता है कि मानो किसी व्यावसायिक प्रतिष्ठान के शौचालय हों। दूसरी ओर दिल्ली के ज्यादातर सार्वजनिक शौचालयों की हालत इतनी खराब है कि आसानी से घुसने की हिम्मत नहीं पड़ती। काठमांडू की एक और खघसियत ने पिछले तीन दिनों में मेरा ध्यान आकर्षित किया। वो है यहां की ट्रैफिक व्यवस्था। सभी व्यस्त सड़कों पर महिला और पुरुष पुलिसकर्मी सतर्क और सक्रिय रह कर ट्रैफिक नियंत्रित करते हैं। इतना ही नहीं यहां के नागरिक भी ट्रैफिक नियमों का जिम्मेदारी से पालन करते हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली बात तो यह थी कि काठमांडू की सड़कों पर गाड़ियों के हॉर्न का कर्कश शोर बिल्कुल भी सुनाई नहीं देता। यहां के ट्रैफिक नियमों के अनुसार आपातकालीन स्थिति को छोड़ कर, सामान्य स्थिति में हॉर्न बजाना वर्जित है और इस नियम को न मानने पर जुर्माना ठोक दिया जाता है। इससे काठमांडू में ध्वनि प्रदूषण की कोई समस्या नहीं है। इसके साथ ही वायु प्रदूषण की तो यहां कोई समस्या ही नहीं है। जहां दिल्ली में ।फ८ की मात्रा 400 तक पहुंच जाती है वहां काठमांडू का ।फ८ नगण्य है। हालांकि इसके कई कारण हैं, एक तो कठमाडू एक घाटी में बसा है और चारों ओर पहाड़ों से घिरा है। दूसरा यहां की आबादी बहुत कम है और कारखघनों की संख्या भी उतनी ज्यादा नहीं। इसलिए वायु प्रदूषण की दिल्ली के साथ तुलना को छोड़ा भी जा सकता है।

परंतु ऐसे कई अन्य कारण भी हैं जो काठमांडू को दिल्ली से बेहतर बनाते हैं। मिसाल के तौर पर यहां कानून व्यवस्था, दिल्ली की तुलना में काफी व्यवस्थित है। यहां के नागरिक बताते हैं कि आधी रात को भी यहां महिलाएं बेझिझक अकेली निकल सकती हैं। किसी भी तरह की छीना–झपटी नहीं होती। न ही महिलाओं के साथ किसी भी तरह की छेड़–छाड़ होती है। काठमांडू और नेपाल में कई विश्व प्रसिद्ध मंदिर भी हैं और पर्यटन की भी अनेकों जगह हैं। यहां जाने पर भी पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के साथ किसी भी तरह का छल–कपट और नाजायज उगाही नहीं की जाती। प्रशासन की तरफ से जो भी कर्मचारी तैनात किए जाते हैं वो पर्यटकों की हर संभव सहायता करते दिखाई देते हैं। 'स्वच्छ भारत अभियान' हो या कोई अन्य अभियान, किसी भी अभियान को प्रचारित करना आसान होता है, जो कि अखबारों और टीवी विज्ञापनों के जरिए किया जा सकता है। पर उस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि देश की जनता ने उसे किस सीमा तक आत्मसात किया। अब मोदी जी के 'स्वच्छ भारत अभियान' को ही ले लीजिए। जितना इस अभियान का शोर मचा और प्रचार हुआ उसका 5 फीसदी भी धरातल पर नहीं उतरा। भारत के किसी भी छोटे बड़े शहर, गांव या कस्बे में चले जाइए तो आपको गंदगी के अंबार पड़े दिखाई देंगे। इसलिए इस अभियान का निकट भविष्य में भी सफल होना संभव नहीं लगता। क्योंकि जमीनी चुनौतियां ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। स्वदेशी अभियान की सफलता भी जन–जागरण, सतत् निगरानी और व्यवहार परिवर्तन पर निर्भर करती है। अगर आम नागरिक इसमें सक्रिय भूमिका निभाएं तभी यह आंदोलन सफल होगा।

निसंदेह 'स्वच्छ भारत अभियान' मोदी जी की एक प्रशंसनीय पहल थी। पहली बार किसी प्रधान मंत्री ने हमारे चारों ओर दिनों–दिन जमा होते जा रहे कूड़े के ढेरों की बढ़ती समस्या के निस्तारण का एक देश व्यापी अभियान छेड़ा था। उस समय बहुत से नेताओं, फिल्मी सितारों, मशहूर खिलाड़ियों व उद्योगपतियों तक ने हाथ में झाड़ू पकड़ कर फोटो खिंचवा कर इस अभियान का गणेश किया था। पर सोचें आज हम कहां खड़े हैं? शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थाई सफाई व्यवस्था बनाना अब भी एक बड़ी चुनौती है। कचरा पृथक्करण, पुनः उपयोग और रीसायक्लिंग की जागरूकता में अपेक्षाकृत कमी दिखती है। कुछ जगहों पर शौचालयों के रख–रखाव, जल आपूर्ति और व्यवहार परिवर्तन को लेकर समस्याएं बनी हुई हैं।

इसलिए अभियान के उद्देश्य और जमीनी सच्चाई में अंतर बना हुआ है और अनेक स्थानों पर पुराने तरीकों का पालन अब भी हो रहा है। दिल्ली हो या देश का कोई अन्य शहर यदि कहीं भी एक औचक निरीक्षण किया जाए तो स्वच्छ भारत अभियान की सफलता का पता चल जाएगा। यदि इतने बड़े स्तर शुरू किए गए अभियान की सफलता अगर काफी कम पाई जाती है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? निसंदेह स्थानीय निकाय जिम्मेदार हैं। किंतु हम सब नागरिक भी कम जिम्मेदार नहीं है। उल्लेखनीय है कि यदि हम नागरिक किसी साफ सुथरे मॉल या अन्य स्थान पर जाते हैं तो सभी नियमों का पालन करते हैं। कचरे को केवल कूड़ेदान में ही डालते हैं। इस तरह हम एक साफ सुथरी जगह को साफ रखने में सहयोग अवश्य देते हैं। लेकिन ऐसा क्या कारण है कि जहां किसी नियम को सख्ती से लागू किया जाता है तो हम पूरा सहयोग देते हैं परंतु जहां कहीं भी किसी नियम को लागू करने में एजेंसियां ढिलाई बरतती हैं या हमारे विवेक पर छोड़ देती हैं तो आम नागरिक भी उसे हल्के में ले लेता है। भाजपा या अन्य दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं, स्थानीय निकायों और हम सब आम नागरिकों को भी भारत को कचरा मुक्त देश बनाने के लिए अब कमर कसनी होगी। क्योंकि ए कार्य केवल नारों और विज्ञापनों से नहीं हो पाएगा।

आश्चर्य की बात तो यह है कि हम सब जानते हैं कि लगातार कचरे के ढेरों का, हमारे परिवेश में चारों तरफ बढ़ते जाना, हमारे व हमारी आनेवाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य के लिए कितना खघ्तरनाक है? फिर भी हम सब निष्क्रिय बैठे हैं। हमें जागना होगा और इस समस्या से निपटने के लिए सक्रिय होना होगा। इसलिए नारे चाहे 'स्वच्छता' के लगें या 'स्वदेशी' के, जनता की भागीदारी के बिना, नारे नारे ही रहेंगे।

यही हाल काठमांडू शहर के सार्वजनिक शौचालयों का भी है। जो इतने साफ रहते हैं कि आश्चर्य होता है कि मानो किसी व्यावसायिक प्रतिष्ठान के शौचालय हों। दूसरी ओर दिल्ली के ज्यादातर सार्वजनिक शौचालयों की हालत इतनी खराब है कि आसानी से घुसने की हिम्मत नहीं पड़ती। काठमांडू की एक और खघसियत ने पिछले तीन दिनों में मेरा ध्यान आकर्षित किया। वो है यहां की ट्रैफिक व्यवस्था। सभी व्यस्त सड़कों पर महिला और पुरुष पुलिसकर्मी सतर्क और सक्रिय रह कर ट्रैफिक नियंत्रित करते हैं। इतना ही नहीं यहां के नागरिक भी ट्रैफिक नियमों का जिम्मेदारी से पालन करते हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली बात तो यह थी कि काठमांडू की सड़कों पर गाड़ियों के हॉर्न का कर्कश शोर बिल्कुल भी सुनाई नहीं देता। यहां के ट्रैफिक नियमों के अनुसार आपातकालीन स्थिति को छोड़ कर, सामान्य स्थिति में हॉर्न बजाना वर्जित है।

# बालेन शाह को लेकर खौफजदा हैं पुरानी पार्टियां



यशोदा श्रीवास्तव

इस बार के चुनाव में नेपाल को कैसी सरकार नसीब होती है, इसके कयास लगाए जाने लगे है। किसी एक दल की पूर्ण बहुमत की सरकार को लेकर सभी के मन में शंका है। भारत में नेपाल के राजदूत रहे नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीप कुमार उपाध्याय का साफ कहना है कि नेपाल के नसीब में किसी एक दल की स्थाई सरकार न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। नेपाल में लोकतंत्र बहाली के बाद से यह स्थिति बनी हुई है और यही कारण है कि नेपाल में लोकतंत्र को मजबूती नहीं मिल पा रही है। इस बार भी और शायद आगे कुछ और सालों तक नेपाल में स्थाई सरकार दूर दूर तक नजर नहीं आती।

इस सबके बीच विकट परिस्थितियों में हो रहे इस चुनाव में प्रधानमंत्री पद के तीन बड़े चेहरों पर लोगों की निगाह टिकी हुई है। नंबर एक पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के बालेन शाह हैं। दूसरे पर नेपाली कांग्रेस के गगन थापा और तीसरे नंबर पर एमाले के केपी शर्मा ओली हैं। चुनाव आगामी पांच मार्च को है। मतों की गिनती सात मार्च को है। आठ या नौ मार्च तक नेपाल में नई सरकार का गठन हो जाएगा,बालेन शाह को लेकर पुरानी राजनीतिक दलों की सांसे अटकी हुई है।सवाल उठता है कि यदि किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला तो किस पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनेगी और इसमें कौन–कौन दल शामिल हो सकते हैं? यदि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी सत्ता में नहीं आ पाती तो उसकी भूमिका क्या होगी?

पिछले चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को पूर्वी नेपाल में 20 सीटें हासिल हुई थी। यह काफी मायने रखता है क्योंकि बेहद कम समय में उदय होने वाली किसी भी पार्टी को मिली यह बड़ी सफलता है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि लामी छाने की कोई राजनीतिक पहचान नहीं थी। वे टीवी जर्नलिस्ट थे और एक न्यूज चौनल पर अपनी खास प्रस्तुति के जरिए नेपाल के युवाओं में खासा लोकप्रिय थे। 2022के चुनाव में उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का गठन किया, चुनाव लड़े और बीस सीटों के साथ नेपाल प्रतिनिधि सभा में धमाके दार इंट्री की। ओली की गठबंधन सरकार में वे उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री बने लेकिन इस पद पर बहुत दिनों तक टिक नहीं सके। उन्हें अमरीकी नागरिकता विवाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पद छोड़ना पड़ा था लेकिन जितने दिन तक वे इस पद पर थे, ब्यूरो क्रेट और राजनीति में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते रहे। बतौर गृह मंत्री उन्होंने कई बड़े अफसरों और सभी पार्टियों के बड़े बड़े नेताओं के भ्रष्टाचार की जांच का आदेश देकर नेपाल की राजनीति में खलबली मचा दी थी। हालांकि बाद में वे अमरीकी नागरिकता विवाद से मुक्त हो कर फिर प्रतिनिधि सभा में वापस आए लेकिन तब तक वे अन्य राजनीतिक दलों की आंख की किरकिरी बन चुके थे। हां अपनी छोटी सी राजनी. तिक यात्रा में उनकी शिनाख्त एक इमानदार और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने वाले नेता की हो चुकी थी। हालांकि धोखाधड़ी के एक मामले में वे स्वंय कानूनी जंग लड़ रहे हैं। जेन जी आंदोलन के बाद अंतरिम सरकार के नेतृत्व में हो रहे इस चुनाव में सुडान गुरूंग के साथ काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह भी रवि लामी छाने के साथ आ गए। सुडान गुरूंग जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में जाने जाते हैं, वहीं बालेन शाह की पहचान एक रैपर और इंजीनियर की है। उन्होंने निर्दल लड़ कर काठमांडू नगर निगम के मेयर पद का चुनाव जीता था। बतौर मेयर उन्होंने अपने कार्यालय में ग्रेटर नेपाल का मानचित्र लगा कर राष्ट्र वादी नेता की छवि धारण करने की कोशिश की थी। जेन जी आंदोलन के बाद जब अंतरिम सरकार के गठन की नौबत आई तो जेन जी का एक धड़ा बालेन को प्रधानमंत्री बनाने के पक्ष में था जो फलीभूत नहीं हो सका। अब जब बालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में झापा क्षेत्र संख्या पांच से एमाले अध्यक्ष और पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं तो संभावित प्रधानमंत्री के रूप में उनकी चर्चा लाजिमी है।

नेपाल के इस चुनाव का परिणाम वैश्विक स्तर पर भी खास है। क्योंकि पूर्व की परंपरावादी राजनीतिक दलों की हालत बहुत बेहतर नहीं है। पुरानी पार्टी में एक नेपाली कांग्रेस है जिसके ठीक–ठाक प्रदर्शन की उम्मीद है लेकिन यह पार्टी भी अब नए नेतृत्व के अधीन है। भारी अंतर्विरोध के बीच वरिष्ठ नेता गगन थापा को नया अध्यक्ष चुना गया है। गगन थापा अपनी पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा हैं। नेपाली कांग्रेस के भी अकेले दम पर सत्ता में आने की संभावना नहीं है फिर भी इस पार्टी के नए अध्यक्ष के रुख को लेकर चर्चा होती रहती है। हालांकि उन्होंने साफ कहा है कि नेपाल भारत और चीन के मध्य स्थित है इसलिए इसे दोनों देशों से संतुलन बना कर ही आगे बढ़ना होगा। गगन थापा के इस कथन को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सकारात्मक दृष्टि से देखा गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का विराट संगम है होली



रंगों का उल्लास, ढोल की थाप, अबीर–गुलाल की उड़ती धूल और हृदय में उमड़ती अपनत्व की भावना, होली केवल एक उत्सव नहीं, भारतीय संस्कृति की जीवंत आत्मा का उत्स्फुरण है। बुराई पर अच्छाई की विजय, अहंकार पर विनम्रता की जीत और अटूट भक्ति की शक्ति का संदेश देता यह पर्व सामा. जिक समरसता, समानता और बंधुत्व का अद्भुत प्रतीक है। भारतीय उपमहाद्वीप का यह प्रमुख त्योहार मनोरंजन का माध्यम भर नहीं बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का विराट संगम है। प्रेम, क्षमा, एकता, आत्म–शुद्धि, नवीनता और आनंद का संदेश देने वाला यह पर्व मानव जीवन को भीतर से परिष्कृत करने की प्रेरणा देता है।

होली की मूल कथा भक्त प्र]लाद और उसके पिता हिरण्यकश्यप से जुड़ी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हिरण्यकश्यप का अहंकार इतना बढ़ गया था कि वह स्वयं को ईश्वर से भी ऊपर मानने लगा था। उसने अपने राज्य में ईश्वर–भक्ति पर प्रतिबंध लगा दिया किंतु उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का अनन्य भक्त था। प्रह्लाद की अटूट आस्था से क्रुद्ध होकर हिरण्यकश्यप ने उसे अनेक प्रकार से मृत्यु देने का प्रयास किया। अंततः उसने अपनी बहन होलिका, जिसे अग्नि से न जलने का वरदान प्राप्त था, को आदेश दिया कि वह प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में प्रवेश करे। किंतु ईश्वर की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित रहे और होलिका अग्नि में भस्म हो गई। यह प्रसंग स्पष्ट करता है कि अहंकार का अंत निश्चित है और सच्ची भक्ति तथा सत्य की सदैव विजय होती है। इसी स्मृति में हो. लिका दहन किया जाता है, जो हमारे भीतर की नकारात्मक प्रवृत्तियों (ईर्ष्या, द्वेष, क्रोध और अहंकार) को जलाने का प्रतीक है। होली केवल प्रह्लाद की कथा तक सीमित नहीं है। यह राधा–कृष्ण के प्रेम और आनंद का भी पर्व है। भगवान कृष्ण की बाल–लीलाओं में होली का विशेष स्थान है। ब्रजभूमि में कृष्ण और राधा के प्रेमपूर्ण रंगोत्सव की परंपरा आज भी जीवंत है। मान्यता है कि गोकुल में पूतना वध के उपरांत हर्षोल्लास में होली खेली गई थी। वृंदावन की गलियों में रास–लीला और रंगों की छटा इस पर्व को आध्यात्मिक आनंद से सराबोर कर देती है। इसी प्रकार भगवान विष्णु के भक्त प्रह्लाद की कथा इस पर्व को धार्मिक गहराई प्रदान करती है। होली का संबंध भगवान शिव से भी जोड़ा जाता है, जिनकी तपस्या और तांडव सृष्टि के संतुलन का संदेश देते हैं। इस प्रकार होली विविध धार्मिक परंपराओं का संगम बनकर भारतीय संस्कृति की बहुरंगी छटा को प्रकट करती है।

आध्यात्मिक दृष्टि से होलिका दहन का महत्व अत्यंत गहन है। 'होलिका' शब्द का एक अर्थ 'भुना हुआ अन्न' भी माना गया है। होलिका दहन के अवसर पर गेहूं और जौ की बालियों को भूनने की परंपरा इसी का प्रतीक है। जैसे भुना हुआ अन्न पुनः अंकुरित नहीं होता, वैसे ही ज्ञान की अग्नि में तपकर किया गया कर्म बंधनरहित हो जाता है। यह कर्मयोग का संदेश है, कर्म करो किंतु फल की आसक्ति छोड़ दो। सामूहिक अग्नि के समक्ष नारियल, गोबर के उपले, कंडे, हरे चने और ऋतु–फल अर्पित करना केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने की भारतीय परंपरा का प्रतीक है। अग्नि को नकारात्मक ऊर्जा के विनाश और सकारात्मक ऊर्जा के संचार का माध्यम माना गया है। होली सामाजिक समानता का भी महान पर्व है। इस दिन जाति, वर्ग, धर्म और आर्थिक भेदभाव की दीवारें ढह जाती हैं। रंगों की एक ही परत सबको एक समान बना देती है। राजा और रंक, अमीर और गरीब, सभी एक–दूसरे को रंग लगाकर गले मिलते हैं। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि मनुष्य होने का अर्थ है विनम्रता और करुणा से परिपूर्ण होना। सत्ता, धन, वैभव और शक्ति का अहंकार अंततः विनाश की ओर ले जाता है। होली हमें यह शिक्षा देती है कि हम अपने भीतर की दंभ–ग्रंथि को त्यागकर सरल और सहृदय बनें। भारतीय साहित्य और लोक परंपरा में भी होली का विशेष स्थान है। संस्कृत और अवधी के महाकवियों ने अपने काव्य में इस उत्सव की छटा का मनोहारी वर्णन किया है। भक्तिकालीन कवि सूरदास ने वसंत और होली पर अनेक पदों की रचना की, जिनमें कृष्ण–राधा के प्रेम और रंगोत्सव की झलक मिलती है। ब्रज में वसंत पंचमी से ही होली की शुरुआत हो जाती है और फाल्गुन पूर्णिमा तक उत्सव का रंग गहराता जाता है। मथुरा और वृंदावन में 14 दिनों तक चलने वाले उत्सव में श्रद्धा और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिलता है। बरसाना की लठमार होली, नंदगांव की रंगभरी होली और फाल्गुनी गीत इस पर्व को विशिष्ट पहचान देते हैं। होली का एक गहरा मनोवैज्ञानिक पक्ष भी है। रंग हमारे मनोभावों को प्रभावित करते हैं। लाल ऊर्जा और उत्साह का प्रतीक है, पीला ज्ञान और आशा का, हरा समृद्धि और संतुलन का, नीला व्यापकता और शांति का। जब हम एक–दूसरे को रंग लगाते हैं तो यह केवल बाहरी रंग नहीं बल्कि भावनात्मक आदान–प्रदान का प्रतीक होता है। पुराने गिले–शिकवे भुलाकर नए संबंधों की शुरुआत करना ही सच्ची होली है। यह पर्व हमें भीतर झांकने और आत्ममंथन करने का अवसर देता है कि क्या हमने अपने मन की अशुद्धियों को सचमुच जलाया है? क्या हमने क्षमा और प्रेम को अपनाया है? दीपावली जहां बाहरी स्वच्छता का संदेश देती है, वहीं होली आंतरिक शुद्धि का पर्व है। यह दो ऋतुओं के संधिकाल में आता है, जब प्रकृति स्वयं परिवर्तन के दौर से गुजरती है। पेड़ों पर नई कोपलें

–अतुल गोयल

# लारीजानी का अमेरिका के साथ बातचीत से इन्कार

## अमेरिका और इजरायल के बीच पूरे पश्चिम एशिया में सैन्य टकराव बढ़ने के बने आसार

**तेहरान।** ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ किसी भी नई बातचीत से इनकार कर दिया है। इससे ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच पूरे पश्चिम एशिया में सैन्य टकराव बढ़ने के साथ ही बयानबाजी और बढ़ गई है। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव लारीजानी ने 'पर्दे के पीछे गोपनीय बातचीत (बैक चैनल डिप्लोमेसी)' की खबरों को खारिज कर दिया है और अमेरिकी राष्ट्रपति पर आरोप लगाया कि उन्होंने 'भ्रम वाली हरकतें' करके इस इलाके को अस्थिरता में धकेल दिया है।

लारीजानी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ट्रम्प ने अपने 'अमेरिका पहले' नारे को 'इजरायल पहले' में बदल दिया है और इजरायल की इच्छाओं के लिए अमेरिकी सैनिकों की कुर्बानी दे दी है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प ने अपनी भ्रम वाली कल्पनाओं से पश्चिम एशिया को अराजक स्थिति में धकेल दिया है और अब उन्हें और अमेरिकी लोगों के मारे जाने का डर है। लेकिन ईरान अपना अभियान जारी रखेगा। गौरतलब है कि अमेरिका -इजरायल मिसाइल हमले में ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद ईरान ने खाड़ी में अमेरिका के ठिकानों को निशाना बनाकर जवाबी हमले किए। इसमें बहरीन में लोगों के मारे जाने और इराक और कुवैत में और बमबारी होने की खबरें हैं। अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने 1000 से ज्यादा ईरानी ठिकानों पर हमला किया, जिसमें भूमिगत मिसाइल ठिकाने भी शामिल हैं और कई ईरानी नौसैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया है। ट्रम्प ने ईरान सुरक्षा बलों को हथियार डालने या 'मौत' का सामना करने की चेतावनी दी और संकेत दिया कि अमेरिकी सैन्य अभियान लगभग चार हफ्ते तक चल सकता है। तस्नीम न्यूज एजेंसी ने सोमवार को बताया कि ईरान सुरक्षा बलों ने देश के पश्चिम में एक इजराइली हर्मीस ड्रोन को मार गिराया है। लोरेस्तान प्रांत के प्रशासनिक केन्द्र खोरमाबाद शहर के पास भी एक इजराइली ड्रोन को मार गिराया गया है। इजरायली सेना ने कहा है कि ईरान ने इजरायल की ओर और मिसाइलें दागीं लेकिन उसकी वायु सुरक्षा प्रणाली ने उन्हें हवा में ही रोक कर नष्ट कर दिया।



■ ट्रम्प ने अपनी भ्रम वाली कल्पनाओं से पश्चिम एशिया को अराजक स्थिति में धकेल दिया है: लारीजानी

### ट्रम्प ने अमेरिकी सैनिकों की मौत का बदला लेने की खाई कसम, संघर्ष तेज

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी कि ईरान पर सैन्य हमले तब तक जारी रहेंगे जब तक वाशिंगटन के सभी लक्ष्य हासिल नहीं हो जाते। उन्होंने तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत का बदला लेने की कसम खाई। ट्रम्प की ये टिप्पणी ईरान द्वारा संयुक्त अरब अमीरात और अन्य खाड़ी देशों, जहां अमेरिकी सैन्य अड्डे हैं, को निशाना बनाकर मिसाइल और ड्रोन हमले करने के बाद शत्रुता में तीव्र वृद्धि के बीच आई है। ईरानी कार्रवाई को अमेरिका और इजरायल द्वारा पहले किए गए संयुक्त हमलों का प्रतिशोध बताया गया है। अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने इजरायल के साथ मिलकर किए गए एक बड़े समन्वित हमले के बाद पिछले 24 घंटों में ईरान के अंदर 1000 से अधिक ठिकानों पर हमले किए हैं। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और लगभग 40 वरिष्ठ राजनीतिक और सैन्य अधिकारी मारे गए, जिससे ईरान के नेतृत्व ढांचे को निर्णायक झटका लगा है। इस स्थिति ने व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की आशंका बढ़ा दी है, जिसके चलते खाड़ी देशों ने अपनी सेनाओं को हाई अलर्ट पर रखा है।

# जंग के बीच ट्रम्प ब्रिटेन से नाराज

**तेल अवीव/तेहरान।** इजराइल- अमेरिका और ईरान जंग का आज तीसरा दिन है। युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने पुराने सहयोगी ब्रिटेन पर नाराजगी जताई है। दरअसल ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने अमेरिका को हिंद महासागर में मौजूद अंपना मिलिट्री बेस डिएगो गार्सिया देने में काफी देर लगाई है। अमेरिका जंग के पहले दिन ही इस बेस से ईरान पर हमला करना चाहता था, लेकिन ब्रिटेन ने 48 घंटे बाद इसकी इजाजत दी और कहा कि अमेरिका को यहां से सिर्फ ईरान के मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाने की परमिशन होगी। इसे लेकर ट्रम्प ने कहा है कि वे ब्रिटिश पीएम से बेहद निराश है। ईरान ने सोमवार को मिडिल-ईस्ट के 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर हमला किया है। कुवैत में अमेरिका के कई फाइटर जेट क्रैश हो गए है। जेट हवा में गोल-गोल घूमने के थोड़ी देर बाद जमीन से टकरा गए। हालांकि, इसमें किसी मौत की नहीं हुई है। दूसरी ओर ईरान के टॉप नेशनल सिक्योरिटी अधिकारी अली लारीजानी ने सोमवार को कहा कि ईरान अमेरिका से कोई बातचीत नहीं करेगा। यह बयान उन खबरों के जवाब में आया है, जिनमें कहा गया था कि ईरान ने अमेरिका से फिर से बातचीत शुरू करने की कोशिश की है।

■ ईरान पर हमले के लिए जल्दी ब्रिटिश मिलिट्री बेस चाहते थे, पीएम स्टार्मर ने 48 घंटे बाद परमिशन दी ईरान ने मिडिल-ईस्ट के 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर हमला किया

# अमेरिका-इजरायल हमले में ईरान में अब तक 550 लोगों की मौत

**तेहरान।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले तीसरे दिन भी जारी रहे और ईरान ने प्रतिशोधात्मक कार्रवाई करते हुए खाड़ी के कई देशों को निशाना बनाया। इन हमलों में ईरान में बीते दो दिनों में 555 लोगों की मौत हो गई है और देश के 131 नगरों को इन हमलों में खासा नुकसान पहुंचा है। युद्ध क्षेत्रों में मानवीय सहायता पहुंचाने वाली संस्था रेड क्रिसेंट ने यह जानकारी दी है। इस बीच फ्रांस और ब्रिटेन ने ईरान के हमले के शिकार बने खाड़ी देशों की मदद का ऐलान किया है। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन नोएल बैरट ने कहा है उनका देश खाड़ी के देशों की सुरक्षा करने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि फ्रांस, ईरान के खिलाफ जार्डन की मदद करेगा। उनके सहयोगी देशों बहरीन, कुवैत, ओमान,कतर, इराक को इस जंग में घसीटा गया है। हम उनकी सुरक्षा के लिए तैयार हैं। इस बीच बहरीन पर हुए ईरानी हमले की जानकारी देते हुए ब्रिटेन के विदेश मंत्री कूपर ने कहा कि साइप्रस के ब्रिटिश सैन्य अड्डे को निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में ब्रिटेन को अपनी जिम्मेदारी का अहसास है और यह खाडी में हमारे सहयोगियों की रक्षा से संबंधित है। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने एक संयुक्त बयान में कहा कि हम क्षेत्र में अपने और अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा के लिए कदम उठाएंगे, जिसमें आवश्यक और आनुपातिक रक्षात्मक कार्रवाई सक्षम करना शामिल हो सकता है, ताकि ईरान की मिसाइल और ड्रोन दागने की क्षमता को उनके स्रोत पर नष्ट किया जा सके। बयान में कहा गया कि इस मुद्दे पर तीनों देश अमेरिका और क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर काम करेंगे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि ब्रिटेन ने अमेरिकी अनुरोध स्वीकार करते हुए अपने ठिकानों के उपयोग की अनुमति 'विशिष्ट और सीमित रक्षात्मक उद्देश्य' के लिए दी है। स्टारमर ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में हमारे साझेदारों ने हमसे उनकी रक्षा के लिए और अधिक कार्रवाई करने का आग्रह किया है। समन्वित रक्षात्मक अभियानों के तहत ब्रिटेन के जेट विमान पहले से ही हवा में हैं और उन्होंने ईरानी हमलों को सफलतापूर्वक रोका है। उन्होंने कहा कि खतरे को रोकने का एकमात्र तरीका मिसाइलों को उनके स्रोत पर नष्ट करना है, चाहे वे भंडारण डिपो में हों या लॉन्चर पर। उन्होंने स्पष्ट किया कि ब्रिटेन ईरान पर प्रारंभिक हमलों में शामिल नहीं था।

■ फ्रांस और ब्रिटेन ने ईरान के हमले के शिकार बने खाड़ी देशों की मदद का ऐलान किया

# इजरायली हमले से लेबनान में 31 की मौत

**बेरूत।** लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों और दक्षिणी लेबनान में सोमवार को इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई और 149 अन्य घायल हुए।

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। इजरायल ने ये हमले तब किए जब हिजबुल्ला ने ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के मारे जाने के प्रतिशोध में इजरायल पर रॉकेट और ड्रोन दागे। टाइम्स ऑफ इजरायल ने इजरायली सेना के हवाले से कहा कि उसने बेरूत के दहिएह इलाके और दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के 'शीर्ष कमांडरों' को निशाना बनाते हुए 'सटीक हमले' किए। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी एनएनए ने देश के विभिन्न हिस्सों में हवाई हमलों की पुष्टि की, जिनमें बेरूत के दक्षिणी उपनगर भी शामिल हैं। इन इलाकों में हिजबुल्लाह का प्रभाव है। दूसरी ओर, इजरायल के सेना प्रमुंख इयाल जमीर ने कहा कि सेना ने हिजबुल्ला के खलिाफ़ हमले शुरू किए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यह अभियान 'कई दिनों' तक चलेगा क्योंकि देश की उत्तरी सीमा पर लड़ाई तेजी से बढ़ रही है।

इजरायली सेना ने एक बयान में दक्षिण और पूर्वी लेबनान के लगभग 50 कस्बों और गांवों के निवासियों को तत्काल घर खाली करने की चेतावनी भी जारी की। सेना की प्रवक्ता एला वावेया ने कहा कि लोगों को अपनी सुरक्षा के लिए गांवों से कम से कम एक हजार मीटर दूर खुले क्षेत्रों में जाना चाहिए। इससे पूर्व, हिजबुल्ला ने इजरायल पर रॉकेट और ड्रोन हमलों की जिम्मेदारी ली और कहा कि यह कार्रवाई ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या और लेबनान पर 'बार-बार इजरायली हमलों' के जवाब में की गई है। हिज्बुल्ला ने यह भी कहा कि उसने लेबनान की रक्षा में ए हमले किए हैं। इस बीच, लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ़ सलाम ने रॉकेट हमलों को 'गैर-जिम्मेदाराना' बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाई लेबनान की सुरक्षा को खतरे में डालती है और इजरायल को हमले जारी रखने का बहाना देती है। सलाम ने हिजबुल्ला का नाम लिए बिना दोषियों को रोकने और लेबनानी जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प जाहिर किया।

■ इन इलाकों में हिजबुल्लाह का प्रभाव है

## खामेनेई की मौत के बाद कराची में विरोध प्रदर्शन में 23 लोग मरे, कई घायल

**इस्लामाबाद।** अमेरिका और इजरायल के संयुक्त मिसाइल हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद पाकिस्तान के विभिन्न हिस्सों में हुए प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और अनेक घायल हो गए। रिपोर्टों के अनुसार, कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर झड़पों में 10 लोगों की मौत हुई, जबकि गिलगित-बाल्टिस्तान के स्कर्दू में 11 लोगों की जान गई। राजधानी इस्लामाबाद में दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमले में खामेनेई की हत्या की पुष्टि के बाद विरोध प्रदर्शन भड़क उठे। विभिन्न संगठनों ने इन विरोध प्रदर्शनों का आह्वान किया था। कराची में प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर 'अमेरिका मुर्दाबाद' और 'इजरायल मुर्दाबाद' के नारे लगाए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए गोलीबारी की और आंसू गैस के गोले छोड़े।

## ईरान-अमेरिका तनाव की कहानी, सात दशक पुरानी

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की शनिवार तड़के मौत के साथ दोनों देशों के बीच का दशकों पुराना तनाव अपने चरम पहुंच गया है। खामेनेई के गुरु अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी के नेतृत्व में 1979 में हुई इस्लामी क्रांति के बाद से ही अमेरिका ईरान का सबसे बड़ा विरोधी बना हुआ है।




## अब तक किसी परमाणु रिएक्टर पर हमला नहीं

**वियना।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा है कि अब तक ईरान के किसी भी परमाणु ठिकाने पर हमला नहीं हुआ है, लेकिन 'रेडियोधर्मिता रिसाव' की संभावना को टाला नहीं जा सकता। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रोसी ने ईरान और पश्चिम एशिया में जारी सैन्य हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सभी पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और परमाणु प्रतिष्ठानों पर किसी भी तरह के सशस्त्र हमले से बचने की अपील की है। ग्रोसी ने कहा कि आईएईए स्थिति की निगरानी जारी रखेगा और यदि परमाणु सुरक्षा में कोई उल्लंघन होता है तो सदस्य देशों को तत्काल तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।

■ अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने कहा:लेकिन रेडियोधर्मिता रिसाव का खतरा बरकरार

## साइप्रस में ब्रिटिश एयरबेस पर ड्रोन हमला

**निकोसिया।** साइप्रस के दक्षिणी तट पर अक्रोटिरी में ब्रिटिश एयरबेस पर सोमवार सुबह एक ड्रोन ने हमला किया। बेस अधिकारियों और साइप्रस सरकार ने यह जानकारी दी है। बेस के अधिकारियों ने बताया कि एक 'छोटे ड्रोन' ने विमान क्षेत्र पर हमला किया।







## नूर खान बेस पर अफगान का हमला, मारे गए 35 पाक सैनिक

**काबुल।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले चार दिनों से दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने हैं। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया, अफगान वायुसेना ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए हैं।

इस कार्रवाई से दोनों पड़ोसी देशों के बीच हालात और ज्यादा बिगड़ गए हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान में अफगान रक्षा मंत्रालय ने बताया कि हमले रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस पर हुए। इसके अलावा बलूचिस्तान के क्वेटा में 12वीं डिवीजन के मुख्यालय और खैबर पख्तूनख्वा की मोहमंद एजेंसी में ख्वाजाई कैंप पर भी बमबारी की गई। तालिबान का दावा है कि उन्होंने पाकिस्तान के कई अन्य जरूरी सैन्य कमांड सेंटरों को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह ऑपरेशन पाकिस्तानी सेना की हालिया घुसपैठ का बदला है। पाकिस्तान ने पिछले दिनों काबुल और बगराम एयरबेस पर हमले किए थे। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान ने फिर से अफगान हवाई सीमा का उल्लंघन किया या कोई आक्रामक हरकत की, तो उसे और भी कड़ा और निर्णायक जवाब मिलेगा। यह तनाव तब और बढ़ गया जब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ खुली जंग का एलान कर दिया। पाकिस्तान ने शुक्रवार को काबुल और कंधार में एयरस्ट्राइक की थीं। इसके कुछ घंटों बाद ही अफगान सेना ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। रावलपिंडी का नूर खान एयरबेस पाकिस्तान की वायुसेना के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

■ अफगान वायुसेना ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए
















### पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से रोकना आवश्यक: शहबाज

इस्लामाबाद। पाक पीएम शहबाज शरीफ ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव को और बढ़ने से रोकना आवश्यक है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि आज मैंने ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक से क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा की, जो इजरायल द्वारा ईरान पर हमले और उसके बाद की शत्रुता के कारण तनावपूर्ण हो गई है और पूरे क्षेत्र की शांति एवं सुरक्षा को खतरे में डाल रही है। मैंने ओमान द्वारा पिछले कुछ वर्षों में संवाद को बढ़ावा देने एवं तनाव को कम करने में किए गए ईमानदार प्रयासों की सराहना की है।

